दैनिक सच्चाई की जंग
# लोकमित्र
वर्ष : 30 | अंक : 263
प्रतापगढ़ | शुक्रवार, 26 जुलाई 2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये
प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित
R.N.I. No. : 71870/94
संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

## सीएम योगी के विशेष सचिव बने दो आईएएस अफसर





▸ यमुना एक्सप्रेसवे और मुरादाबाद से ट्रांसफर

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी में अफसरों के तबादले का दौर जारी है। योगी सरकार ने गुरुवार को भी 2 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं। इस संबंध में आदेश जारी कर दिए गए हैं। यमुना विकास प्राधिकरण में तैनात अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी आईएएस अधिकारी विपिन कुमार जैन को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का विशेष सचिव बनाया गया है। इसके अलावा अपर आयुक्त मुरादाबाद आईएएस अधिकारी बृजेश कुमार को भी सीएम योगी का विशेष सचिव के तौर तैनात किया गया है।

आपको बता दें कि सीएम के विशेष सचिव बनाए गए आईएएस विपिन कुमार जैन मूल रूप से मध्य प्रदेश के निवासी हैं। 2016 वर्ष बैच के आईएएस अधिकारी विपिन कुमार जैन मेडिकल के छात्र रहे। उन्होंने एमबीबीएस की पढ़ाई की है। हैं। उन्होंने सबसे पहले बलिया में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के रूप में पोस्टिंग की थी। अभी तक वह यमुना विकास प्राधिकरण में एसीईओ (अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी) की भूमिका में तैनात थे।

वहीं 2014 बैच के द्रूस अधिकारी बृजेश कुमार मूल रूप से बृजेश कुमार अंबेडकर नगर के रहने वाले हैं। इससे पहले बृजेश कुमार मुरादाबाद मंडल के अपर आयुक्त रहे हैं।

## बलिया में बिहार बॉर्डर पर तीन पुलिसकर्मियों समेत 20 गिरफ्तार

### यूपी-बिहार बॉर्डर पर एडीजी वाराणसी और एसटीएफ का छापा




लोकमित्र ब्यूरो

**बलिया।** बलिया जिले के नरही थाना क्षेत्र के यूपी बिहार बॉर्डर पर गंगा नदी के पुल के पार बने भरौली पिकेट पर एडीजी वाराणसी पीयूष मोरडिया के नेतृत्व में एसटीएफ की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। बॉर्डर पर बालू लदे ट्रकों के साथ ही शराब और मवेशी लदे वाहनों से अवैध वसूली की शिकायत पर रात 12 के बाद से ही करवाई शुरू कर दी गई। टीम ने पिकेट से तीन पुलिसकर्मियों के साथ ही 17 प्राइवेट कर्मियों को हिरासत में ले लिया।

मौके से काफी संख्या में बाइक, रजिस्टर और मोबाइल भी बरामद किए गए। सभी लोगों को पास स्थित मंदिर पर पकड़कर रखा गया। पूरी रात पूछताछ की कार्रवाई चलती रही। गुरुवार सुबह बलिया से बंदियों को ले जाने वाले वाहन को बुलाकर वहां से पकड़े गए लोगों को नरही थाने पर लाया गया।

नरही थाने पर भी टीम की कार्रवाई जारी रही। यहां थाना प्रभारी के कमरे को सील कर दिया गया। मौके से थाना प्रभारी पन्नेलाल नदारद दिखे। इसके बाद पुलिसकर्मियों के बैरकों की भी तलाशी शुरू कर दी गई। सुबह डीआईजी वैभव कृष्ण, एसपी देवरंजन वर्मा के साथ ही अपर पुलिस अधीक्षक और सीओ भी मौके पर पहुंच गए। टीम की कार्रवाई खबर लिखे जाने तक जारी रही। किसी को भी अंदर जाने पर रोक लगा दी गई है। मामले में थाना प्रभारी नरही और चौकी प्रभारी कोरंटडीह के साथ ही कई पुलिसकर्मियों पर बड़ी कार्रवाई हो सकती है। अभी मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। नरही थाना के यूपी बिहार की सीमा स्थित भरौली चौराहा पर एडीजी वाराणसी व डीआईजी आजमगढ़ की दबिश के बाद कड़ी करवाई की गई है। डीआईजी वैभव कृष्ण ने बताया कि मौके से दो पुलिसकर्मी समेत 18 को गिरफ्तार किया गया है।

### दीवार कूद भागा थाना प्रभारी

पूर्वांचल में गौ तश्करी से पुलिस की साठ गांठ पर एडीजी ने एक्शन ऑपरेशन के तहत बलिया के नरही थाने को सील करा दिया। नरही के एक दर्जन से अधिक पुलिस कर्मियों को हिरासत में लिया गया। एडीजी की कार्यवाही से नरही थाना प्रभारी मौका देखते पन्ने लाल अपने ही कोतवाली की दीवाल फांदकर भाग निकले।

एडीजी गौ तस्करी के मामले में गम्भीरता दिखाते हुए बलिया में आजमगढ़ के डीआईजी वैभव कृष्ण को बुधवार की रात्रि में छापेमारी के लिए भेजा। जिसमें डीआईजी रेंज की टीम के साथ बलिया पहुंचकर नरही थाने को आधी रात में सील कर दिया। वरिष्ठ अधिकारियों के अचानक थाना पहुंचने पर एसपी भी पहुंच गए।

## सीएम केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और के. कविता को राहत नहीं

▸ शराब घोटालाः कोर्ट ने तीनों की बढ़ाई न्यायिक हिरासत



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम नहीं हो रही हैं। दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े सीबीआई मामले में राउज एवेन्यू कोर्ट ने मुख्यमंत्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत को बढ़ा दिया है। अब आठ अगस्त को सुनवाई होगी। तिहाड़ जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केजरीवाल की पेशी हुई। सीबीआई ने अरविंद केजरीवाल के तिहाड़ जेल से ही गिरफ्तार किया था।

सीएम केजरीवाल के अलावा पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और बीआरएस नेता के कविता की भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुई है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 जुलाई और के.कविता की भी न्यायिक हिरासत 31 जुलाई तक बढ़ा दी है।

इससे पहले 12 जुलाई को अदालत ने आबकारी नीति से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत शुक्रवार को 25 जुलाई तक बढ़ा दी थी, जिसकी जांच सीबीआई द्वारा की जा रही है। केजरीवाल को विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया था। वह अपनी न्यायिक हिरासत की अवधि समाप्त होने पर केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) मामलों के सिलसिले में पेश हुए थे।

वहीं दूसरी तरफ दिल्ली उच्च न्यायालय ने 17 जुलाई को मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दायर उस याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसमें आबकारी नीति मामले से संबंधित भ्रष्टाचार के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी गई थी। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताया है। वहीं सीबीआई ने कहा कि पूरे साक्ष्य आने पर ही कानून के तहत गिरफ्तारी की।

## इंस्पेक्टर समेत पूरा थाना लाइन हाजिर

लोकमित्र ब्यूरो

**सीतापुर।** यूपी के सीतापुर जिले के पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने गैर जिम्मेदाराना कार्यशैली व आचरण पर बड़ी कार्रवाई की है। एसपी ने कमलापुर थाने के इंस्पेक्टर, तीन चौकियों के इंचार्ज, थाने के हेड मुहर्रिर और 23 आरक्षियों को लाइन हाजिर किया है।

कार्रवाई में कुल 28 पुलिसकर्मी और खैराबाद थाने के चौकी इंचार्ज उग्रसेन सिंह भी शामिल हैं। कहा जा रहा है कि मंगलवार देर रात क्राइम ब्रांच के मादक पदार्थों के खिलाफ ऑपरेशन में पुलिसकर्मियों ने सहयोग नहीं किया। हालांकि पुलिस ने अभी ऑपरेशन का खुलासा नहीं किया है। लाइन भेजे गए अधिकारियों में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कमलापुर भानु प्रताप सिंह, पीयूष सिंह चौकी प्रभारी मास्टरबाग, तेज बहादुर सिंह चौकी इंचार्ज कस्बा कमलापुर, सुरेश कुमार हेड मुहर्रिर थाना कमलापुर लाइन भेजे गए हैं। एसपी के पीआरओ प्रदीप सिंह को कमलापुर थाने का नया थाना प्रभारी बनाया गया है। पूरे थाने को लाइन हाजिर करने की कार्रवाई को लेकर पुलिस महकमे में खासी चर्चा है। इस मामले में देर रात की जिले के आला पुलिस अधिकारी पहुंच गए थे। अधिकारियों ने खासी नाराजगी जताई थी और सुबह 10 बजे से पूर्व ही कार्रवाई कर दी गई। चर्चा है कि क्राइम ब्रांच की पुलिस ने मादक पदार्थों जिसमें गांजा और अन्य मादक पदार्थों से भरी दो कारों का पीछा किया था।

### इन पुलिसकर्मियों पर हुई कार्रवाई

कमलापुर थाने के लाइन हाजिर किए गए पुलिस कर्मी लाइन भेजे गए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कमलापुर भानु प्रताप सिंह, कमलापुर थाने के उपनिरीक्षक पीयूष सिंह चौकी प्रभारी मास्टरबाग, तेज बहादुर सिंह चौकी इंचार्ज कस्बा कमलापुर, सुरेश कुमार हेड मुहर्रिर थाना कमलापुर, दरोगा रमेश जायसवाल व हेड कांस्टेबिल राकेश चंद, समर बहादुर, आरक्षी विजय चन्द, विनोद कुमार सरोज, सुनील कुमार यादव सतीश कुमार, भुवाल चन्द्र, जय कुमार, गौरव कुमार, कमल सिंह, अजय कुमार, दिनेश कुमार, प्रिंस भारती, अनुज कुमार, विजय पाल, दिनेश कुमार, अभिषेक कुमार, अतिम सिंह, इरशाद अहमद, आकाश कटियार शामिल हैं।

## राष्ट्रपति भवन का दरबार हॉल बना अब गणतंत्र मंडप

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल और अशोक हॉल का नाम बदल दिया गया है। इसके अब गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप कर दिया गया। एक बयान में कहा गया है कि राष्ट्रपति भवन, भारत के राष्ट्रपति का कार्यालय और निवास, राष्ट्र का प्रतीक और लोगों की एक अमूल्य विरासत है। इसे लोगों तक और अधिक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। राष्ट्रपति भवन के वातावरण को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और लोकाचार को प्रतिबिंबित करने वाला बनाने का लगातार प्रयास किया गया है। इसी कड़ी में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति भवन के दो महत्वपूर्ण हॉलों, दरबार हॉल और अशोक हॉल का नाम बदलकर क्रमशः गणतंत्र मंडप और अशोक मंडप करने पर प्रसन्न हैं।

## अगस्त में होगी यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आरक्षी नागरिक पुलिस के 60244 पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा दिनांक 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त 2024 को आयोजित कराने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा का आयोजन प्रतिदिन दो पालियों में होगा और प्रति पाली में लगभग पांच लाख अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

बता दें कि पेपर लीक के कारण यह पहले हो चुकी यह परीक्षा निरस्त कर दी गई थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा था कि यह परीक्षा छह माह के अन्दर शुचिता एवं पारदर्शिता के उच्चतम मानकों को दृष्टिगत रखते हुये पुनः आयोजित करायी जाएगी।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा इस परीक्षा को एक निश्चित समय सीमा के अन्तर्गत पारदर्शी तरीके से उच्चतम मानकों के अनुसार आयोजित करने की प्रतिबद्धता के क्रम में यह कार्यकम घोषित किया गया है।


चयन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं शुचितापूर्ण ढंग से कराये जाने के सम्बन्ध में परीक्षा सम्बन्धित विभिन्न व्यवस्थाओं जैसे-परीक्षा की तैयारियों, परीक्षा केन्द्रों के चयन, परीक्षार्थियों का सत्यापन, छद्मनिरूपण रोके जाने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश उत्तर प्रदेश शासन द्वारा दिनांक-19.06.2024 को जारी किए गये हैं। यह परीक्षा इन सभी मानकों के अनुसार की जा रही है।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों, जैसे प्रश्नपत्र लीक होना, उत्तर पुस्तिकाओं से छेड़छाड़ आदि को रोकने के लिए उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अध्यादेश-2024 (उत्तर प्रदेश अध्यादेश संख्या-6, सन 2024) दिनांक 01 जुलाई, 2024 को अधिसूचित किया गया है, इस अधिनियम में प्रावधान किया गया है कि इस अधिनियम के अन्तर्गत परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करना, नकल करना या नकल कराना, प्रश्न पत्र का प्रतिरूपण करना या प्रकट करना या प्रकट करने का षड्यंत्र करना आदि कृत्य अपराध की श्रेणी में आते हैं।

### प्रवेश पत्र दिखाकर अभ्यर्थी कर सकेंगे निशुल्क बस यात्रा

परीक्षा का आयोजन प्रतिदिन दो पालियों में होगा और प्रति पाली में लगभग पांच लाख अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की निःशुल्क बस सेवा की सुविधा रहेगी। अभ्यर्थी अपनी सुविधानुसार इसका लाभ ले सकते हैं जिसके लिए बस से यात्रा करने वाले अभ्यर्थियों को अपने प्रवेश पत्र की अतिरिक्त दो प्रतियां डाउनलोड करनी होंगी तथा उसकी एक प्रति परीक्षा केन्द्र के जनपद तक की यात्रा एवं दूसरी प्रति परीक्षा उपरान्त अपने जनपद तक की यात्रा के लिए बस कंडक्टर को प्रस्तुत करना होगा।

## यूपीएससी बदल सकता है एग्जाम सिस्टम




एजेंसी

**नई दिल्ली।** यूपीएससी यानी संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा व्यवस्था में बदलाव की तैयारी कर रहा है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। संभावनाएं जताई जा रही हैं कि यूपीएससी एग्जाम में चीटिंग और फ्रॉड से बचने के लिए लेटेस्ट टेक्नोलॉजी की मदद ले सकता है। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, फेशियक रिकॉग्निशन जैसी तकनीकें शामिल हो सकती हैं।

यूपीएससी हर साल सीएसई यानी सिविल सर्विसेज एग्जामिनेशन समेत 14 परीक्षाएं आयोजित करता है। इसके अलावा सरकार के शीर्ष पदों के लिए रिक्रूटमेंट टेस्ट और इंटरव्यू भी यूपीएससी का हिस्सा हैं।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यूपीएससी आधार आधारित फिंगरप्रिंट पर भी विचार कर रहा है। इसके अलावा एआई के इस्तेमाल वाले सीसीटीवी, ई-एडमिट कार्ड्स की स्कैनिंग की क्यूआर कोड स्कैनिंग भी शामिल हैं।

## नए दफ्तर का क्या है पता

▸ आम आदमी पार्टी को दिल्ली में मिल गया नया ठिकाना




एजेंसी

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) को राजधानी दिल्ली में अपना नया दफ्तर मिल गया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद केंद्र सरकार ने दिल्ली की सत्ताधारी पार्टी को नया दफ्तर आवंटित किया है। पार्टी ने बताया है कि उसके दफ्तर का नया पता अब बंगला नंबर 1, रविशंकर शुक्ल लेन, नई दिल्ली है।

पंडित रवि शंकर शुक्ल लेन कॉपरनिकस मार्ग पर है। यह बाराखंभा रोड मेट्रो स्टेशन और जनपथ से बेहद नजदीक है। पैदल आप 10 मिनट से कम समय में पहुंच सकते हैं। इसले अलावा मंडी हाउस और पटेल चौक से भी अधिक दूर नहीं।

16 जुलाई को दिल्ली हाई कोर्ट केंद्र सरकार से कहा था कि राष्ट्रीय दल की मान्यता होने के नाते आम आदमी पार्टी के कार्यालय के लिए जमीन आंवटन पर 25 जुलाई तक फैसला लिया जाए। वहीं, पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट ने %आप% को राउज एवेन्यू स्थित पार्टी कार्यालय को खाली करने के लिए दी गई समय सीमा 10 अगस्त तक बढ़ा दी थी।

पार्टी का पुराना दफ्तर राउज एवेन्यू स्थित जिस भूखंड पर है उसे 2020 में पहले ही दिल्ली हाई कोर्ट को आवंटित कर दिया गया था। आप का दफ्तर हटने के बाद यहां नई अदालतों और इससे जुड़े ढांचों का निर्माण किया जाएगा। आम आदमी पार्टी देश की छह राष्ट्रीय पार्टियों में से एक है।

## 1.60 लाख शिक्षकों की बहाली होगी

▸ बिहार में विधानसभा में नीतीश के शिक्षा मंत्री सुनील का ऐलान



एजेंसी

**पटना।** बिहार सरकार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने विधानसभा में ऐलान किया है कि राज्य सरकार 1.60 लाख की नियुक्ति करेगी। विधानसभा में सीएम नीतीश कुमार की मौजूदगी में शिक्षा मंत्री ने सभी विधायकों से उनके इलाके के 10-10 स्कूलों की लिस्ट मांगी है जिसका सरकार जीर्णोद्धार कराएगी। शिक्षा मंत्री ने सदन में कहा कि सरकारी स्कूलों के पाठ्यक्रम को प्रतियोगी बनाया जाएगा ताकि बिहार के बच्चों को प्रतियोगिता परीक्षा में मदद मिले। सुनील कुमार गुरुवार को विधानसभा में प्रथम अनुपूरक बजट पर सरकार का पक्ष रख रहे थे। बिहार में तीसरे चरण की शिक्षक बहाली की परीक्षा पिछले सप्ताह ही खत्म हुई है।

बिहार में महागठबंधन सरकार के कार्यकाल के दौरान बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) ने पहले चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की थी जिससे सेलेक्ट हुए लगभग सवा लाख लोगों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गांधी मैदान में नवंबर महीने में नियुक्ति पत्र दिया था। दूसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा से करीब एक लाख लोगों को टीचर की नौकरी मिली जिन्हें इस साल जनवरी महीने में गांधी मैदान और दूसरे जिलों के मुख्यालयों में नियुक्ति पत्र मिला। तीसरे चरण की टीचर भर्ती में 87 हजार से अधिक पदों पर शिक्षक बहाली की प्रक्रिया चल रही है जिसके लिए पिछले सप्ताह राज्य भर में परीक्षा आयोजित हुई थी।

बिहार में शिक्षकों की बड़े पैमाने पर भर्ती से राज्य की राजनीति में रोजगार एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। इस बहाली का श्रेय लेने के लिए नीतीश कुमार और राजद नेता तेजस्वी यादव में लगातार तकरार चलती रहती है।

### कुछ जगहों पर तो लोगों को बचाने के लिए विभाग को नाव तक की जरूरत पड़ गई

## महाराष्ट्र में कहीं सड़कें तो कहीं घर डूबे, चार की मौत

एजेंसी

**मुंबई।** महाराष्ट्र के कई शहरों में लगातार बारिश का कहर जारी है। मुंबई, पुणे, पालघर समेत कई अन्य जगहों पर हालात बद से बदतर हो गए हैं।

राज्य की राजधानी की सार्वजनिक परिवहन सेवाएं काफी प्रभावित हुई हैं। लगातार बारिश के कारण सड़कों, रेलवे पटरियों और लोगों के घरों में पानी भर गया है। कुछ जगहों पर तो लोगों को बचाने के लिए विभाग को नाव तक की जरूरत पड़ गई है। भारी बारिश से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। कुछ जगहों पर स्कूल-कॉलेजों की छुट्टी कर दी गई है।

एयर इंडिया ने मुंबई में बारिश को देखते हुए सोशल मीडिया मंच एक्स पर ताजा जानकारी साझा की। बताया, भारी बारिश के कारण मुंबई आने-जाने वाली उड़ानें प्रभावित हो सकती हैं। धीमे यातायात और जलभराव को देखते हुए हवाईअड्डों पर आने के लिए थोड़ा पहले निकलने की सलाह दी जाती है।

### करंट लगने से मौत

बिगड़े मौसम के मिजाज का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि यहां चार लोगों की मौत की खबर सामने आई है। भारी बारिश के कारण पुणे ग्रामीण के अधरवाड़ी गांव में चट्टानें खिसकने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि हादसे में एक अन्य घायल भी हो गया। वहीं, गुरुवार तड़के तीन लोगों की बिजली का करंट लगने से मौत हो गई। वे भारी बारिश के कारण डूबे अपने ठेले को हटाने की कोशिश कर रहे थे। राज्य में वर्षा एवं बाढ़ की स्थिति पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, पुणे में स्थिति बहुत खराब है। लोगों के घरों में पानी भर गया है रोड पर पानी है। बांध में बारिश का पानी भर गया है। वहां एनडीआरएफ सहित सभी अधिकारियों को मैंने सूचित किया है। टीमें वहां काम रही है। मैंने आर्मी के मेजर जनरल अनुराग विज से भी बातचीत की है। कर्नल संदीप से बात की है और उन्हें अपनी टीम को अलर्ट पर रखने को कहा है। लोगों को एयरलिफ्ट करने की भी तैयारी की गई है। प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है और उनके खाने पीने की व्यवस्था करने को कहा है।




### इन लोगों की हुई मौत

पुलिस ने बताया कि घटना डेक्कन जिमखाना इलाके में हुई। तीनों मृतक बाबा भिड़े पुल के पास सड़क किनारे ठेले पर अंडे बेच रहे थे। डेक्कन जिमखाना पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि भारी बारिश के कारण उनका ठेला पानी में डूब गया था। उसे पानी से निकालते समय बिजली का करंट लग गया। उन्होंने बताया कि घटना के बाद तीन लोगों- अभिषेक घाणेकर, आकाश माने और शिव परिहार को अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### जनजीवन अस्त-व्यस्त

पुणे में बुधवार रात से लगातार बारिश हो रही है। भारी बारिश के कारण शहर के कुछ हिस्सों में जलभराव हो गया है। तस्वीरों से साफ समझ आ रहा है कि यहां के हालात कितने खराब हैं। लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। आवासीय क्षेत्रों में बारिश का पानी घुसने के बाद पुणे अग्निशमन विभाग को लोगों को बचाने के लिए इन्फ्लेटेबल रबर बोट की मदद लेनी पड़ी।

## आपकी मां और पत्नी कितनी पढ़ी-लिखी हैं...

एजेंसी

**पटना।** बजट 2024 को लेकर सियासत जारी है। बिहार में भी इसको लेकर राजनीतिक खूब हो रही है। बिहार की बिहार की पूर्व सीएम राबड़ी देवी ने भी बजट की आलोचना की थी। वहीं, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन (ललन) सिंह ने मंगलवार को बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी पर निशाना साधा, जब उन्होंने राज्य को आवंटित 26,000 करोड़ रुपये की सहायता को झुनझुना कहा था। राबड़ी देवी के बयान पर ललन सिंह ने पलटवार करते हुए कहा कि था कि जो ठीक से हस्ताक्षर भी नहीं कर सकतीं, वह बजट कैसे समझेंगी?

अब इसी को लेकर राबड़ी देवी भड़क गई हैं। उन्होंने आज कहा कि बीजेपी और जेडीयू तमाम बेशर्मी भरी बातें करते हैं। मैंने कभी कुछ गलत नहीं कहा। वे महिलाओं का अपमान कर रहे हैं।



इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मैं ललन सिंह से पूछना चाहती हूं कि उनकी मां और पत्नी कितनी पढ़ी-लिखी हैं कि वो दूसरी महिलाओं पर आरोप लगा रहे हैं। बार-बार महिलाओं का अपमान करने के लिए सीएम नीतीश कुमार को माफी मांगनी चाहिए।

# पूर्व विधायक उदयभान करवरिया नैनी सेंट्रल जेल से रिहा, पत्नी और समर्थकों ने किया स्वागत



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** नैनी सेंट्रल जेल में जनवरी 2014 से आजीवन कारावास की सजा काट रहे पूर्व भाजपा विधायक उदयभान करवरिया गुरुवार सुबह रिहा कर दिए गए। रिहाई के समय उनकी पत्नी पूर्व भाजपा विधायक नीलम करवरिया व अन्य समर्थक भी जेल के बाहर मौजूद थे। राज्य सरकार ने अच्छे चाल चलन की वजह से समय पूर्व उनकी रिहाई का आदेश दिया है। यह आदेश 19 जुलाई को जारी हुआ था। कागजी खानापूर्ति में पांच दिन और लग गया। प्रयागराज मंडल की राजनीति में बड़े ब्राह्मण चेहरे के रूप में पहचान रखने वाले पूर्व विधायक उदयभान करवरिया और उनके भाइयों, बड़े भाई पूर्व बसपा सांसद कपिल मुनि करवरिया तथा छोटे भाई पूर्व एमएलसी सूरजभान करवरिया के अलावा रिश्तेदार रामचंद्र त्रिपाठी (कल्लू) को झुंसी से समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक जवाहर यादव उर्फ जवाहर पंडित हत्याकांड में उम्र कैद मिली थी। जवाहर की 13 अगस्त 1996 में सिविल लाइंस क्षेत्र में गोली मार कर हत्या की गई थी।

भाजपा के पूर्व विधायक उदयभान करवरिया की रिहाई से तमाम राजनीतिक समीकरण बदलेंगे। उनकी पहचान ब्राह्मण चेहरे के रूप में होती है। भाजपा 2027 के विधानसभा चुनाव में उसका फायदा उठाना चाहेगी। भाजपा से राजनीति की शुरुआत करने वाले उदयभान पहले प्रयास में सफल हो गए थे।वरिष्ठ नेता डॉ. मुरली मनोहर जोशी के संरक्षण में राजनीतिक सफर में आगे बढ़ते रहे। यही वजह रही कि 2002 के चुनाव में उन्हें बारा विधानसभा का संयोजक बनाकर भेजा गया। जैसे ही चुनाव घोषित हुए उन्हें पार्टी का अधिकृत प्रत्याशी बना दिया गया। उन्होंने बसपा उम्मीदवार को मात दी।

13 अगस्त, 1996 को सिविल लाइंस में सपा के पूर्व विधायक जवाहर यादव उर्फ जवाहर पंडित की दिनदहाड़े गोलियों से छलनी कर दिया गया था। पहली बार ऐसा हुआ था, जब इलाहाबाद में एके-47 तड़तड़ाई थी।उदयभान ने वर्ष 2014 में न्यायालय में तब आत्मसमर्पण किया था, जब उनके खिलाफ वारंट जारी हो गया था। अदालत ने चार नवंबर 2019 को तीनों भाइयों सहित चार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। करवरिया परिवार और पूर्व विधायक जवाहर यादव उर्फ जवाहर पंडित के बीच बालू के ठेकों पर वर्चस्व को लेकर अदावत शुरू हुई थी। वहीं विधायक व जवाहर पंडित की पत्नी विजमा यादव का कहना है कि उदयभान करवरिया की हुई रिहाई को न्यायालय में चुनौती दूंगी।

## हम तो प्रोफाइल का शिकार होकर फंस गए- उदयभान करवरिया

**प्रयागराज।** उदयभान जेल गेट से निकलने के बाद कहा कि वैसे तो न्याय प्रक्रिया पर कुछ बोलना ठीक सही नहीं है, लेकिन न्याय की बात होती तो हमें जेल नहीं जाना पड़ता। हम तो प्रोफ़ाइल का शिकार होकर फंस गए। राजनीति में दो पार्टियों की राजनीति के षड्यंत्र में 10 साल की जेल काटना पड़ा। हमने समाज की सेवा की है और आगे भी करना है।

उदयभान करवरिया ने कहा कि बाहर आने के बाद सबसे पहली प्राथमिकता पत्नी का इलाज कराना है। उन्हें लीवर सोराइसिस है। उनका लीवर ट्रांसप्लांट कराना काफी जरूरी है। उनका स्वास्थ्य कैसे बेहतर हो यह पहले देखना है। राजनीती के सवाल पर उन्होंने कहा कि अगली पीढ़ी राजनीति करेगी। इसके बाद वह अपने परिवार व अन्य समर्थकों के काफ़िले के साथ अपनी कोठी के लिए रवाना हो गए।

## जर्मनी में मस्जिदों पर ताला बंदी गलत - फ़ुज़ैल

**प्रयागराज।** यूपी कांग्रेस कमेटी कार्य समिति के सदस्य और मुस्लिम फोरम के अध्यक्ष फ़ुज़ैल हाशमी ने जर्मनी में सबसे बड़ी और पुरानी हैम्बर्ग मस्जिद को बंद किये जाने की तीखी आलोचना की है।

उन्होंने कार्यवाही को मज़हबी क्रूरता करार दिया और दुनिया भर के मुसलमानों से एकजुट हो जर्मनी के खिलाफ़ आवाज़ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि यह ब्लू मोसीक मस्जिद के रूप में चर्चित है। जर्मनी पुलिस का आरोप है कि मस्जिद को शिया मुस्लिम आर्गेनाइजेशन चलाता है जिसका आतंकी संगठन हिज़्बुल्लाह से जुड़े होने का आरोप है। हाशमी ने कहा कि पुलिस ने सरकार के इशारे पर बर्लिन, फ्रैंकफर्ट और म्यूनिख में भी तीन बड़ी मस्जिदों पर छापे मारे हैं और उन्हें बंद कर दिया है। अनेक मुस्लिम घरों में छापे मारे और लोगों को प्रताड़ित करने के साथ औरतों की बेरहमी से पिटाई कर बदसलूखी भी की है।

उन्होंने प्रयागराज वाराणासी मार्ग के रास्ते कांवड़ मार्ग पर पुलिस द्वारा बलपूर्वक होटलों और ढाबों पर नानवेज बंद कराने को मौलिक अधिकारों के हनन का बताया है।

# बेसहारा गौवंशों के सामने लाचार हैं अन्नदाता



**लेडियारी( प्रयागराज)।** बेसहारा गौवंशों ने किसानों की नाक में दम कर दिया है। किसानों के लिए यह समस्या लाइलाज बीमारी बन चुकी है। शासन प्रशासन से कोई मदद नहीं मिलते देख अब उनके समझ मे नही आ रहा है कि आखिर करें भी तो क्या करें। जबकि सड़कों, खेतों व मकान के छतों तक बेसहारा गौवंशों का फौज का बसेरा बना हुआ है ।

बता दें कि तहसील क्षेत्र कोरांव के दर्जनों गांवों में इन दिनों बेसहारा गौवंशों के आतंक से पूरी तरह खौफजदा है। थाना दिवस और संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायत के लेकर दर्जनों की संख्या में पहुंचे । किसानों का कहना है कि क्षेत्र एक तरफ तो सूखे का दंश झेल रहा है, वहीं दूसरी ओर बेसहारा गौवंश उनके खून और पसीने से तैयार की गई धान की नर्सरी और रोपाई किए गए धान कीं फसल पर निशाना साधे बैठे है। ग्रामीणों का कहना है कि खेत में डाली गई नर्सरी की पहरेदारी में कोई चूक हुई नहीं कि महज कुछ ही मिनटों में ये अवारा पशु पूरी तरह से साफ कर देते है। ग्रामीणों ने पूर्व में भी उपजिलाधिकारी कोरांव के यहां मामले की शिकायत की थी। जिस पर उन्होंने बीडीओ कोरांव को मामले का निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया था। ग्रामीणों ने जब समस्या के बावत बीडीओ कोरांव से मुलाकात की तो उन्होंने बताया कि विकास खंड क्षेत्र कोरांव के सभी पशु आश्रय स्थल भरे पड़े है। समस्या का उपचार उनके बस की बात नही है। जिम्मेदारों द्वारा अपनी जिम्मेदारी से मुकरने के कारण ग्रामीणों के सामने अजीबोगरीब हालात पैदा हो गए है। जबकि कुछ किसानों ने किसी तरह पंम्पीसेट से खेतों में पानी भरकर रोपाई कर रहे हैं । मंहगे खाद और बीज से पोषित तथा सूखे की विभीषिका से किसी तरह बचाई गई । उनकी धान प्रशासनिक अक्षमता के कारण अवारा पशुओं की भेंट चढ़ने वाली है। हताश और लाचार किसानों का कहना है। डीही खुर्द न्याय पंचायत एक भी गौवंश आश्रय स्थल नहीं है । जिससे दिन में सड़कों पर रात में खेतों में पहुंच कर नुकसान कर रहे हैं ।

किसानों ने जिलाधिकारी का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते इन गोवंशो पर अंकुश लगाने की की मांग की है । ताकि समस्या का निदान मिल सके ।

# डामरीकरण का बाह जोह रहा है नीबी डिनर बस्ती संपर्क मार्ग



**लेड़ियारी(प्रयागराज)।** प्रदेश सरकार द्वारा भले ही गांव के विकास या सड़क, नाली हो लेकिन आज भी हकीकत कुछ और देखा जा सकता है । जबकि डिनर बस्ती के घरों का गंदा सड़कों पर बहता है । वहीं बारिश होने पर घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है । संपर्क मार्ग पर बड़े - बड़े गड्ढ़े होने से साइकिल सवार भी पैदल जाने से लोग मजबूर है । जबकि नीबी सत्य नारायण सिंह संपर्क मार्ग सुखदेव के घर से रामसूरत हरिजन चार सौ मीटर दूर डिनर बस्ती डामरीकरण का वाह आज भी जोह रहा है ।नीबी निवासी जीत नारायण ने बताया कि आजादी के बाद आज तक इस सड़क की मरम्मतीयकरण नहीं किए जाने से लोगों को काफी मुसीबत उठानी पड़ रही है । एक दशक पूर्व ग्राम पंचायत मिट् टी डालकर छोड़ दिया गया । इसके बाद गिट् टी, मोरम तक नहीं डाले जाने से बरसात के समय घर से सड़क तक निकलना मुश्किल है । वही इस गांव में नाली का निर्माण भी नहीं कराया गया । जिससे घरों का गंदा पानी इस मार्ग पर बहने से दिक्कत उठानी पड़ रही है । जबकि इस संबंध में तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों से कई बार प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक नहीं इस ओर किसी ने मुड़ कर देखा तक नहीं बनवाने की कोसो दुर है । संपर्क मार्ग निर्माण मे मरम्मतीयकरण कार्य नहीं कराया गया । जिससे पैदल चलना मुश्किल है । वहीं बारिश होने पर घर से बाहर निकलना टेढ़ी खीर साबित हो जाती है । अगर कोई व्यक्ति रात में इस दौरान बीमार होने पर गांव में ही दम तोड़ देती है । उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत से दो सौ मीटर गिट् टी डाली गई थी । संपर्क मार्ग चार दशक पूर्व बनाई गई थी । लेकिन आज तक इस मार्ग की मरम्मतीयकरण नहीं किए जाने से पूरी तरह से खराब हो चली है ।

जबकि इस संबंध में ग्रामीणों ने तहसील दिवस व जनप्रतिनिधियों को लिखित प्रार्थना पत्र दिए जाने के बावजूद आज तक इस ओर ध्यान नहीं दिए जाने से समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई ।

# बाढ़ आपदा से बचाव हेतु मॉक एक्सरसाइज का किया आयोजन



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी प्रयागराज नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में संगम क्षेत्र के वी.आई.पी घाट पर जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण के तत्वाधान में राज्य स्तरीय मॉक एक्सरसाइज का आयोजन किया गया। जिसके तहत कोई आपदा आती है, तो कितना जल्दी उससे बचाव किया जा सकता है, के बारे में मॉक एक्सरसाइज के माध्यम आम जनमानस एवं वार्डेन्स को जानकारी दी गयी।

ई0ओ0सी बाढ़ द्वारा बताया गया कि अतिवृष्टि के कारण धूस्सा घाट पर जलस्तर बढ़ रहा है। संगम किला के पास नाव पलट गई जिसके बचाव के लिए एस0डी0आर0एफ0, जल पुलिस, पी0ए0सी0 की दोनों टीमे एवं आर्मी की टीम घटना स्थल के लिए रवाना कर बाढ़ पीड़ितों एवं बाढ़ से प्रभावित पशुओं एवं आम जनमानस को रेस्क्यू करके कैसे बचाव किया जा सकता है, का रिहर्सल व मॉकड्रिल किया गया। सेना के जवानों एवं गोताखोरों की मदद से खोज एवं बचाव कार्य सम्पादित किया गया, जिसके पश्चात प्रभावित व्यक्तियों एवं पशुओं को मेडिकल कैम्प पर पहुंचाया गया एवं कैम्प पर उपस्थित चिकित्सकों द्वारा बाढ़ प्रभावित पशुओं एवं व्यक्तियों का इलाज का रिहर्सल किया गया।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय सिंह सेना के कर्नल, होमगार्ड टीम, उप नियन्त्रक नीरज मिश्र, एड़ीसी (गजटेड) राकेश कुमार तिवारी, जल पुलिस के नेतृत्व में एस0डी0आर0एफ0, पी0ए0सी 4 वी बटालियन, पी0ए0सी 42 वी बटालियन, मुख्य चिकित्साधिकारी के कार्यालय से एमओआईसी अन्तिम कुमार, सिविल डिफेंस के स्टाफ आफिसर रवि शंकर द्विवेदी, महेन्द्र सक्सेना, श्रीकृष्ण तिवारी, सुरेन्द्र यादव, रामजी पाण्डे, मनी मेहरा सहित वालेटियर्स वार्डेन पदाधिकारी सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# एक वृक्ष मां के नाम अभियान के तहत इविवि में हुआ वृक्षारोपण



**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा चलाये जा रहे ÷एक वृक्ष माँ के नाम अभियान÷ के तहत चल रहे वृक्षारोपण के अन्तर्गत इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के वरिष्ठ आचार्य प्रो. मनमोहन कृष्ण ने भी वृक्षारोपण किया।

उनके साथ-साथ समाजशास्त्र विभाग के प्रो. आशीष सक्सेना और अर्थशास्त्र विभाग के प्रो. जावेद अख्तर ने भी वृक्षारोपण किया।राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक प्रो. राजेश कुमार गर्ग के निर्देशन में चल रहे इस अभियान के अंतर्गत फलदार वृक्षों का रोपण किया जा रहा है।इस अवसर पर प्रो. राजेश कुमार गर्ग ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी कार्यक्रम अधिकारियों और स्वयंसेवकों से इस अभियान के तहत अपने अपने आवासों के आस-पास एक-एक पेड़ लगाने का आह्वान किया । उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण कर हमें प्रकृति के प्रति अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन अवश्य करना चाहिये।

# इलेक्ट्रिक गाड़ियों का उपयोग आर्थिक बचत हेतु अच्छा विकल्प- अंकित जैन



**प्रयागराज।** पर्यावरण संरक्षण के महत्त्व को समझते हुए आज ग्रीस का पहला शोरूम, श्याम ज्योति मोटर्स ने ट्रांसपोर्ट नगर में खोला। श्याम ज्योति मोटर्स में तीन पार्टनर अंकित जैन, अर्पित तलवार, रजत महावर ने मिलकर यह काम लखनऊ में खोला है। जानकारी देते हुए अंकित जैन ने बताया ग्रीस भारत की 164 साल पुरानी कंपनी है इसमें दो मॉडल आते हैं एक पैसेंजर और एक कार्गो पैसेंजर। ऑटो की चलने की क्षमता एक चार्जिंग में डेढ़ सौ किलोमीटर है और कार्गो ऑटो चलने की क्षमता एक चार्जिंग में 120 प्लस है। उद्घाटन अवसर पर शिरकत मुख्य अतिथि संदीप बंसल सहित तमाम अतिथियों व क्षेत्रवासियों को कम्पनी की लांच हुई ऑटो गाड़ियों का पर्यावरण संरक्षण में इलेक्ट्रिक मोटर वाहन की महत्वपूर्ण भूमिका और ई - मोटर वाहन का उपयोग डीजल व पेट्रोल गाड़ियों की तुलना में व्यक्ति को अधिक बचत कर फायदा पहुंचना कम्पनी का नीति उद्देश्य है विषय पर जागरूक किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि संदीप बंसल ने यातायात हेतु इलेक्ट्रिक गाड़ियों का उपयोग व्यक्ति को आर्थिक बचत के साथ हमारे पर्यावरण के लिए बेहतर चुनाव है।

# नालियाँ चोक घरों में घुस रहा गंदा पानी

## लेड़ियारी: पुरानी बाजार में एक वर्ष बाद बनाई गई नाली ध्वस्त

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** एक वर्ष पूर्व लेड़ियारी पुरानी बाजार में घरों का गंदा पानी के लिए सड़क के किनारे नाली तो बनाई गई लेकिन पूरी तरह से न बनने से निकले वाला घरों का गंदा पानी घरों में कर रहा प्रवेश शिकायत के बावजूद जिम्मेदार मौन होने से लोगों को परेशानी हो रही है । वहीं जगह-जगह ढक्कन लगाना भूल गए । करीब छह माह बाद भी यह समस्या है । समूचे मुहल्ले के पास एक तरफ नाली बनाई गई थी । जिससे अक्सर गिरकर चोटहिल हो जाते है । वहीं घर से निकले वाला गंदा पानी पूरे मुहल्लों मे बदबू आती है । राहगीर आने जाने वाले मुंह ढ़क से किसी तरह निकल जाते है । लेकिन वहीं रहने वाले का जीना दूभर हो गया है । जबकि नाली में ढक्कन नहीं होने से बाइक सवार इसमें गिरने



से गंभीर अवस्था में इलाज के लिए निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है । वहीं कई जगहों पर लोग कूड़ा कचरा डालकर पाट दिए जाने से समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई है ।

ग्राम पंचायत के तहत बनाई गई है नाली जगह-जगह अधूरा छोड़ कर कराया गया था । नाली में ढक्कन न होने के कारण जहां एक तरफ घरों से निकलना मुश्किल हो गया है । वहीं दुर्घटना का शिकार लोग हो रहे हैं । नाली खुली होने के कारण उसमें बह रहे गंदा पानी की दुर्गध से भी लोग परेशान हैं । स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में जिम्मेदार लोगों से कई बार कहा लेकिन ध्यान नहीं दिए जाने से समस्या ज्यों का त्यों बनी हुई है ।

# थानाध्यक्ष ने पानी में डूबे गरीबों के घर पुलिस को भेज जल निकासी कराया, दलितों को मिली राहत

लोकमित्र ब्यूरो

**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के भदवां गाँव में 24 जुलाई की रात जमकर बरसात हुई। लेकिन जल निकासी के रास्ते को बांध लेने से कई घरों का पानी गरीबों के कच्चे घर में घुस कर तबाही मचा दी। शिकायत करने पर उतरांव पुलिस गरीबों की मददगार बनी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बांधे गये रास्ते को खुलवा कर जल निकासी कराया तो गरीबों को पानी से राहत मिली।

आपको बता दे कि भदवां गाँव निवासी दलित दिनेश कुमार और रोहित कुमार का घर गाँव स्थित एक डेरी के पास दलित बस्ती में है। इन गरीब कुनबों का जिधर से बरसात का पानी निकलता था आरोप है कि एक महिला द्वारा जल निकासी के रास्ते को बंधन बना दिया गया। जिससे 24 जुलाई की रात झमाझम



हुई तेज बरसात की वजह इन दलितों के घर में पानी घुस गया। इन दोनों दलितों के घर के दर्जन भर से अधिक लोगों में घरों में पानी घुस जाने सनसनी फैल गयी। लोग अपना सामान निकाल कर, सुरक्षित स्थानों पर ले गये। कच्चे घरों में पानी घुस जाने से मकान गिरने का डर गरीबों को सताने लगा। 25 जुलाई की सुबह पीड़ित लोग थाने पहुँच कर जल निकासी के रास्ते को बंधक बनाने वाली महिला के खिलाफ नामजद तहरीर दी। जिसपर थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने शिकायत को गभीरता से लेते हुए पुलिस को तत्काल मौके पर भेजकर जल निकासी के रास्ते को खुलवाया। जिससे गरीबों ने राहत की सांस ली। उतरांव पुलिस इन गरीबों के लिए मददगार साबित हुई।

# शुआट्स द्वारा कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**नैनी(प्रयागराज)।** प्रसार निदेशालय, शुआट्स प्रयागराज के निदेशक प्रसार डा प्रवीन चरन के दिशा निर्देशन में ग्राम सराय देवराज, मानधाता, प्रतापगढ़ में एक कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए वैज्ञानिक डा0 सरवेन्द्र कुमार ने किसानों को खरीफ फसलों की उत्पादन तकनीक पर चर्चा करते हुए बताया कि धान की रोपाई हेतु 20-25 दिन पुरानी पौध का उपयोग रोपण हेतु करें। उर्वरकों का प्रयोग मृदा परीक्षण के आधार पर ही करें। उन्होंने कृषकों को श्रीअन्न की उपयोगिता एवं उत्पादन तकनीक पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि देश में पैदा की जाने वाली मुख्य श्रीअन्न की फसलों में ज्वार, बाजरा,




रागी, कोदों, कुटकी, सांवा की खेती की जाती है। वैज्ञानिक डा0 शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि बीज शोधन करने से फसल को बीज व मृदाजनित रोगों से बचाया जा सकता है। कहा कि वर्तमान में ऐसी कृषि पद्धतियों को अपनाने की आवश्यकता है जिसमें लागत कम आये, उत्पादन अधिक प्राप्त हो, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन प्राप्त हो साथ ही साथ मानव स्वास्थ्य व पर्यावरण पर भी कोई कुप्रभाव न पड़े।

कार्यक्रम में उपस्थित डा0 मदन सेन सिंह ने बताया कि आज ग्रीनहाउस गैसें वातावरण में काफी बढ़ रही हैं जिसके कारण जलवायु में असंतुलन हो रहा है, यदि वृक्षों की इसी प्रकार से कटाई होती रही तो आने वाले समय में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा इन कठिनाइयों से बचने का एक ही उपाय है कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें एवं प्राकृतिक संतुलन बनाये रखें, पेड-पौधे अधिक होने से प्राणी जगत को शुद्ध आक्सीजन प्राप्त होगी व वातावरण भी शुद्ध व स्वच्छ रहेगा।

# वृक्ष हमारे जीवन के महत्वपूर्ण अंग-लवकुश कुमार

## धरती को फिर से हरा भरा करने के लिए वृक्षारोपण जरूरी

**खीरी(प्रयागराज)।** वृक्ष का मानव जीवन में बहुत ही बड़ा योगदान है इनकी बगैर मानव जीवन की कल्पना करना कोरी बात साबित होगी। उक्त बातें ग्राम प्रधान खपटिहा लवकुश कुमार द्वारा ग्राम सभा में वृक्षारोपण के दौरान कही। आगे बतलाया कि वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण को एक बार फिर से हरा भरा बनाया जा सकता है। वृक्ष से न केवल छाया, लकड़ी, पर्यावरण संतुलन, बल्कि स्वस्थ रहने के लिए फल भी मिलता है। अतः हम सभी लोगों को अपने आसपास कम से कम एक या दो फलदार छायादार वृक्ष लगाकर उनकी देखरेख करके तैयार करना चाहिए क्योंकि हरे वृक्ष कार्बन डाइऑक्साइड गैस को अपने में समाहित कर जीवन



दायिनी ऑक्सीजन गैस को हमें प्रदान करते हैं। पिछले दो-तीन वर्ष में बहुत आयत मात्रा में हरे वृक्षों की कटाई युद्ध स्तर पर हुई जिसके कारण आज हमारे क्षेत्र का पर्यावरण संतुलन एकदम बिगड़ सा गया है। जिन जगहों पर वृक्षों की अधिकता है वहां पर मौसम भी सही ढंग से आ रहे हैं और गर्मी भी कम पड़ रही है। हमारे देश में जो भी ठंडक वाले प्रदेश या स्थान हैं वहां पर वृक्ष प्रचुर मात्रा में देखे जा सकते हैं। वहीं दूसरी तरफ प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी एवं देश के प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा भी समय-समय पर हरे वृक्षों के महत्व तथा वृक्षारोपण के बारे में बतलाकर वृक्षारोपण हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# गोरक्षा जिला अध्यक्ष के भाई का असमय निधन

## पूर्व सांसद सहित सहयोगियों ने जताया दु:ख

लोकमित्र ब्यूरो

**मेजा (प्रयागराज)।** क्षेत्र के डाड़ो रोकड़ी के विश्व हिन्दू महासंघ गोरक्षा के जिला अध्यक्ष एवं भाजपा नेता सेवा लाल पटेल के बड़े भाई नन्द लाल पटेल का बुधवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे भरा पुरा परिवार छोड़कर गोलोक वासी हो गए।

भाजपा नेता सेवा लाल पटेल ने बताया कि बड़े भैया ही के देख रेख में घर के लोगों का पालन पोषण हुआ है द्य वह 70 वर्ष के रहे। यह जानकारी देते हुए उनका गला बार-बार रुंध रहा था ।वह भाई ही नही बल्कि माता पिता की भूमिका भी बखूबी निभाई है।उन्होने पूरे परिवार को सहारा देते हुए परिवार का



आर्थिक विकास भी किया है।उनकी कमी सदा खलेगी।

भाजपा नेता के भाई का असमय निधन पर पार्टी नेता एवं संघ के संजय पाण्डेय, आशुतोष त्रिपाठी, गंगा प्रसाद मिश्रा, पप्पू सिंह गौतम, नीरज द्विवेदी, सनी विश्वकर्मा, चंद्रभान सिंह, अरुण सिंह, आदेश कुमार सिंह, विवेक मिश्रा, प्रेमशंकर सिंह, नरेश आदि लोगों ने दु:ख जताया है। निवर्तमान सांसद केशरी देवी ने कहा कि ईश्वर उन्हे श्रीं चरणों में स्थान दें।

# बजट में रक्षा क्षेत्र के साथ हुआ न्याय



आर.के. सिन्हा

**पहले भारत को हथियार आयातक राष्ट्र के रूप में जाना जाता था। लेकिन, आज भारत अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आ गया हैं और हमने हथियार निर्यातक शीर्ष-25 देशों की सूची में जगह बना ली है। कुछ साल पहले तक भारत के रक्षा क्षेत्र का निर्यात 1, 000 करोड़ रुपये तक भी नहीं पहुंच पाता था, जबकि आज यह 16, 000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सरकार को 2028-29 तक वार्षिक रक्षा उत्पादन तीन लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात 50, 000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की आशा है।**

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का साल 2024-25 का बजट पेश करते हुए रक्षा क्षेत्र के लिए 4.54 लाख करोड़ का प्रस्ताव किया। यह संयोग ही है कि कारगिल विजय दिवस (26 जुलाई) से चंदेक दिन पहले ही संसद में पेश....

आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए ठीक-ठाक राशि का ही प्रस्ताव किया गया। भारत अपने रक्षा बजट की किसी भी सूरत में अनदेखी नहीं कर सकता। कारण हम सबको पता है। हमारे दो गैर-जिम्मेदाराना हरकतों के लिये कुख्यात पड़ोसी-चीन और पाकिस्तान भारत के कट्टर शत्रु देश हैं। इनसे भारत के कई युद्ध भी हो चुके हैं। इसके अलावा, पाकिस्तान तो भारत में आतंकवाद को लगातार हवा-पानी देता रहता है। यह हमने हाल ही में जम्मू में भी देखा। जम्मू क्षेत्र में आतंकी हमलों में वृद्धि के मद्देनजर, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने विगत 20 जुलाई को जम्मू का दौरा भी किया था। वह वहां सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए गए थे। इस दौरान उन्होंने आला सैनिक अफसरों के साथ आतंकवाद को कुचलने की रणनीति पर भी बातचीत की थी। जम्मू में इस साल छह अलग-अलग आतंकी हमलों में 11 सशस्त्र बल कर्मियों की मौत हो चुकी है। इसके अलावा, पिछले महीने आतंकियों ने रियासी में एक बस पर फायरिंग की थी। इसके बाद बस के खाई में गिरने से 9 यात्रियों की मौत हो गई थी। इसके अलावा अक्टूबर 2021 से आतंकवादी डोडा, कठुआ और रियासी जैसे क्षेत्रों में और भी अंदर तक पहुंच गए हैं। पिछले महीने जनरल मनोज पांडे से सेना प्रमुख के रूप में पदभार संभालने के बाद से जनरल द्विवेदी का जम्मू क्षेत्र का यह दूसरा दौरा था। तो बहुत साफ है कि भारत के रक्षा क्षेत्र के सामने बहुत चुनौतियां है। उसे पाकिस्तान और चीन की करतूतों से लगातार लड़ना पड़ता है। भारत की पाकिस्तान से 1947, 1965, 1971 और फिर करगिल में जंग हुई। चीन से भी हमारी भीषण जंग 1962 में हुई। कुछ साल पहले चीन से दोकलम में भी लड़ाई की ही नौबत आ चुकी थी। लेकिन, भारत की कुशल कूटनीति से युद्ध टल गया था। भारत के चीन और पाकिस्तान से कई विषयों पर विवाद हैं। इसीलिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने समझदारी पूर्वक रक्षा बजट




के लिए एक बड़ी राशि देने का प्रस्ताव रखा।

चीन ने 1962 की जंग के बाद हमारे अक्साईचिन पर अपना जबरदस्ती कब्जा जमा लिया था। यह क्षेत्र 37, 244 वर्ग किलोमीटर है जिसमें अनेक गलैशियर भरे पड़े हैं। यह पूरे कश्मीर घाटी जितना बड़ा इलाका है। भारत को उस चीन द्वारा जबरदस्ती ढंग से कब्जाए क्षेत्र को वापस तो लेना ही है। चीन हमारे अरुणाचल प्रदेश पर भी गिद्ध दृष्टि रखता है। तो भारत को अपने रक्षा बजट को निरंतर बढ़ाने के साथ सेना के सभी अंगों को और मजबूत तो करना ही होगा। इस बारे में कोई बहस संभव नहीं है।

भारत लगातार अपने रक्षा क्षेत्र को बदलते वक्त के साथ तैयार भी कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीए) पद सर्जित करने की घोषणा की थी। यह कदम भारतीय सशस्त्र बलों में आपसी तालमेल को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। हालांकि यह पहल कारगिल युद्ध के 18 साल बाद हुई। आप जानते हैं कि कारगिल युद्ध में भारत ने पाकिस्तान के गले में अंगूठा डाल दिया था। कारगिल युद्ध भारतीय सेना और राष्ट्रीय खुफिया एजेंसियों के लिए एक बड़ा झटका था। 84 दिनों तक चला यह युद्ध 15, 000 फीट की ऊँचाई पर 200 किलोमीटर लम्बी सीमा पर लड़ा गया। यह युद्ध भारतीय सेना के लिए प्रमुख सुधारों और नवीनीकरण का उत्प्रेरक बना। देश की सरहदों की निगाहबानी करने वालों के लिए कारगिल का सबसे बड़ा सबक था -अप्रत्याशित की उम्मीद करना। भारतीय सेना ने कभी नहीं सोचा था कि जनरल परवेज मुशर्राफ के नेतृत्व में पाकिस्तानी सेना कारगिल सेक्टर में घुसपैठ करेगी। कारगिल युद्ध का एक महत्वपूर्ण सबक यह भी था कि भारत को आधुनिक हथियारों और गोला-बारूद में आत्मनिर्भर होना होगा।

यह तो जाहिर है कि भारत सरकार ?क्षा क्षेत्र के सामने कभी धन की कमी महसूस नहीं होने देती। जब देश के इर्द-गिर्द दो बड़े शत्रु राष्ट्रों की सरहदें मिलती हो तब भारत से यह अपेक्षा करना उचित ही नहीं होगा कि वह अपने रक्षा बजट में कटौती करने की सोचे भी। अगर बात आम बजट में रक्षा क्षेत्र के लिए धन की आवंटन से हटकर करें, तो भारत को अपने रक्षा क्षेत्र में लगातार सुधार करते ही रहना होगा। यह अच्छी बात है कि सरकार सेना, नौसेना और वायु सेना के एकीकरण पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो संकट के समय में उनके बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेगा। पहले तीनों सेनाएं अपने-अपने स्तर पर काम करती थीं। मौजूदा सरकार ने उनके एकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया, जो लीक से हटकर कर एक अलग कदम था और यह समय की मांग भी थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा भी था सेना के तीनों अंगों में समन्वय का काम थोड़ा कठिन था; लेकिन, अब हमारी सेना बेहतर समन्वय के साथ हर चुनौती से निपटने के लिए मिलकर काम करने को तैयार रहती है।

कुछ लोगों का विचार था, स्वदेशी हथियार विश्व स्तरीय नहीं होंगे; लेकिन, वर्तमान सरकार घरेलू उद्योग की क्षमताओं में विश्वास करती है। यह जान लीजिए कि कोई भी सेना बाहर से आयातित उपकरणों से अपने देश की रक्षा नहीं कर सकती है और आज के समय में भारत के लिए रक्षा उत्पादन में आत्मनिर्भरता आवश्यक है। आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत सरकार के लगातार प्रयास अब लाभ देने लगे हैं, क्योंकि; भारत का रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपये से अधिक हो चुका है।

उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में रक्षा औद्योगिक गलियारे स्थापित करने जैसी पहल के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि आधुनिक सैन्य साजो-सामान न केवल भारत में निर्मित हो, बल्कि उन्हें मित्र देशों को भी निर्यात किया जाए। पहले भारत को हथियार आयातक राष्ट्र के रूप में जाना जाता था। लेकिन, आज भारत अपने कम्फर्ट जोन से बाहर आ गया हैं और हमने हथियार निर्यातक शीर्ष-25 देशों की सूची में जगह बना ली है। कुछ साल पहले तक भारत के रक्षा क्षेत्र का निर्यात 1, 000 करोड़ रुपये तक भी नहीं पहुंच पाता था, जबकि आज यह 16, 000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सरकार को 2028-29 तक वार्षिक रक्षा उत्पादन तीन लाख करोड़ रुपये और रक्षा निर्यात 50, 000 करोड़ रुपये तक पहुंचने की आशा है।

संक्षेप में इतना ही कहना काफी होगा कि भारत सरकार को अपने रक्षा क्षेत्र पर लगातार फोकस देते रहना ही उचित होगा।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय


# नीट-यूजी: दोबारा परीक्षा नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने विवादों से घिरी नीट-यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करने और दोबारा परीक्षा कराने की मांग संबंधी याचिकाओं को मंगलवार को खारिज करते हुए कहा कि प्रश्नपत्र के व्यवस्थित रूप से लीक होने और अन्य गड़ब्ड़ियों को दशार्ने वाली कोई सामग्री रिकॉर्ड. में नहीं है। प्रधान न्यायाधीश ड़ीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और वरिष्ठ अधिवक्ताओं नरेंद्र हुड्ड़ा, संजय हेगड़े. और मैथ्यूज नेदुमपरा सहित



विभिन्न वकीलों की दलीलें करीब चार घंटे सुनीं। दरअसल, इस मामले में पहले की सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने स्पष्ट कर दिया था कि यदि व्यवस्थित रूप से पेपरलीक होने और प्रणालीगत उल्लंघना का पता चलता है, तो यकीनन सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन व्यापक स्तर पर गड़ब्ड़ियां रिकॉर्ड. में न मिलने और प्रणालीगत उल्लंघना न पाने पर संतुष्ट अदालत को नीट-यूजी की परीक्षा दोबारा कराने में कोईठोस आधार नहीं दिखा। बहरहाल, शीर्ष अदालत ने बीस लाख से ज्यादा छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए फैसले का प्रभावी हिस्से को लिखा और विस्तृत फैसला बाद में सुनाया जाएगा। एनटीए और शिक्षा मंत्रालय पांच मई को आयोजित नीटू-यूजी परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक समेत बड़े. पैमाने पर कथित गड़ब्ड़ी को लेकर निशाने पर हैं। एनटीए देश भर के सरकारी और निजी संस्थानों में मेड़िकल संबंधी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) आयोजित करती है। संतोष की बात है कि काफी दिनों से चले आ रहे इस विवाद का समाधानपरक पटाक्षेप हो गया है, और छात्रों तथा उनके अभिभावकों को राहत मिली है कि मामले में निर्णायक फैसला हो सका है। लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इस सारे विवाद से एनटीए की छवि दागदार हो गई है। वैसे भी एनटीए द्वारा संचालित और आयोजित कई अन्य परीक्षाओं पर जब-तब कदाचार और धांधलियों के आरोप लगे हैं, परीक्षा परिणाम मिलने में विलंब भी हुए हैं। इससे कई पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक छात्रों को बेवजह तनाव का सामना करना पड़ता रहा है। जरूरी है कि सरकार एनटीए की समूची मशीनरी को ज्यादा कारगर और परिणामोन्मुख बनाने पर ध्यान दे। किसी भी सूरत में न्यायसंगत नहीं है कि परीक्षार्थियों को बेवजह के तनाव से दो-चार होना पड़े.।

# आखिर संसद का मौसम गड़बड़ क्यों ?



राकेश अचल





संसद के बजट सत्र का मौसम खराब हो रहा है। खासतौर पर लोकसभा का मौसम ठीक नहीं दिखाई दे रहा। तृण मूल कांग्रेस ने तो खराब मौसम की चेतावनी देते हुए सत्ता पक्ष से अपनी-अपनी कुर्सियों की पेटी बाँधने के लिए कहा है। हिचकोले खाती संसद में लोकसभा अध्यक्ष सत्ता पक्ष के सर पर छाता ताने खड़े रहना चाहते हैं ,ताकि सरकार विपक्ष के बादलों के बरसने पर ज्यादा भींगे नहीं।

लोकसभा में अध्यक्ष पद पर श्री ओम बिरला का ये दूसरा कार्यकाल है। वे संसद को कैसे चला रहे हैं , इसके बारे में किसी टिप्पणी की जरूरत नहीं है। ये जानने के लिए सदन की कार्रवाई का सीधा प्रसारण देखकर ही अनुमान लगाया जा सकता है । सदन प्रमुख होने के नाते बिरला जी न तो विपक्ष को संरक्षण दे पा रहे हैं और न सत्ता पक्ष की ही ढंग से चाकरी कर पा रहे हैं। लोकसभा के इतिहास में ओम जी किस रूप में दर्ज किये जायेंगे ,ये कहना कठिन है।

लोकसभा में बुधवार को केंद्रीय बजट 2024 पर चर्चा के दौरान तृणमूल कांग्रेस के सांसद अभिषेक बनर्जी और लोकसभा स्पीकर ओम बिरला में तीखी नोकझोंक से इस बात के संकेत एक बार फिर मिले की ओम बिरला जी सदन चलने में असुविधा का अनुभव कर रहे है। विपक्षी सांसदों के बोलते ही लोकसभा अध्यक्ष को लगता है कि वे सरकार के दुश्मन हैं। तृण मूल कांग्रेस सांसद अभिषेक बनर्जी ने चर्चा के दौरान दावा किया कि सदन में तीन कृषि कानूनों पर चर्चा नहीं की जिन्हें बाद में वापस ले लिया गया था । अभिषेक बनर्जी के दावे पर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने आपत्ति जताई और कहा कि इस सदन में तीन कृषि कानूनों पर करीब साढ़े पांच घंटे तक चर्चा हुई। बिरला की दावे पर अभिषेक ने जोर देकर कहा कि चर्चा नहीं हुई तो स्पीकर बोले कि जब अध्यक्ष बोलते हैं तो सही ही बोलते हैं और आपको रिकॉर्ड देखना चाहिए।

लोकसभा अध्यक्ष की भूमिका राष्ट्रपति के अभिभाषण पर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के प्रति जैसी थी ठीक वैसा ही वे तृण मूल कांग्रेस के अभिषेक के साथ कर रहे हैं। सत्ता के खिलाफ बोलते ही सत्ता पक्ष की ओर से लोकसभा अध्यक्ष खुद बचाव की मुद्रा में बोलना शुरू कर देते हैं। वे अक्सर भूल जाते हैं कि लोकसभा अध्यक्ष किसी दी का नहीं बल्कि सभी सांसदों के हितों का संरक्षक होता है। मेरे दिमाग में लोकसभा अध्यक्ष की जो छवि है उसमें पता नहीं क्यों बिरला जी समा नहीं रहे हैं। वे अक्सर संघ की शाखा प्रमुख के हिसाब से बर्ताव करने दिखाई देते हैं। कभी-कभी ऐसा लगता है की उन्होंने संघ की शाखाओं में केंद्रीय कर्मचारियों पर लगे प्रतिबंध की समाप्ति को अपने ऊपर भी लागू कर लिया है।

चर्चा के दौरान अभिषेक बनर्जी ने 2016 में की गई नोटबंदी का जिक्र किया जिस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि माननीय सदस्य आप वर्तमान बजट पर बात करें क्योंकि 2016 के बाद तो काफी समय निकल गया, इसके बाद अभिषेक बनर्जी ने कहा कि कोई पूर्व पीएम जवाहरलाल नेहरू की बात बोलेगा तो आप कुछ नहीं कहेंगे और मैं 2016 की नोटबंदी की बात कर रहा हूं तो आप कह रहे हैं कि वर्तमान बजट पर बोलिए। अभिषेक बनर्जी बोले कि ये पक्षपात नहीं चलेगा क्योंकि जब कोई इमरजेंसी के मुद्दे को उठाता है तो आप चुप रहते है। किसी भी लोकसभा अध्यक्ष के लिए ये लज्जा की बात है की सदन का कोई भी सदस्य उनके ऊपर पक्षपात का आरोप लगाए। दुर्भाग्य से ओम जी के साथ ऐसा हर दिन हो रहा है।

मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में सदन की नेता सुमित्रा महाजन रहीं। उनसे पहले सुश्री मीरा कुमार ने भी सदन को सुचारु रूप से चलाया । यहां तक की वामपंथी सोमनाथ चटर्जी के कार्यकाल में भी लोकसभा अध्यक्ष की मयार्दा पर ज्यादा सवाल नहीं उठाये गए ,क्योंकि किसी ने भी खुद को सत्तापक्ष का स्पीकर बनाने की गलती नहीं की।भाजपा के मनोहर जोशी भी लोकसभा के सम्मानित अध्यक्ष रहे । कांग्रेस के पीए संगमा तो सबसे जायदा विनोदी लोकसभा अध्यक्ष थे, उनके कार्यकाल में कभी भी सदन में तनाव देखा ही नहीं गया । यहां तक कीटीडीपी के जीएमसी बालकृष्ण योगी ने लोकसभा अध्यक्ष के रूप में एक यादगार भूमिका अदा की। मौजूदा लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला जी इस परम्परा को आगे बढ़ाने में हिचकोले खा रहे हैं।

अभिषेक बनर्जी ने संबोधन के दौरान बीजेपी पर निशाना साधते हुए सिर्फ इतना कहा कि गठबंधन का मतलब समन्यव होता है और कोई भी उसे मोदी 3.0 नहीं कह रहा। इस सरकार को खुद बीजेपी के मंत्री भी मोदी 3.0 नहीं कर रहे है। ये सरकार काफी अनिश्चित और नाजुक है और कभी भी गिर सकती है । उन्होंने कहा कि सब्र रखिए और कुर्सी की पेटी भी बांध लीजिए क्योंकि मौसम बिगड़ने वाला है। बनर्जी ने ये बात भी विनोद में कही है और इसे विनोद की तरह ही लेना चाहिए था। लेकिन ऐसा हुआ नहीं।

आपको याद होगा कि माननीय ओम बिरला जी के खाते में सदन के सर्वाधिक सदस्यों को निलंबित करने का आधिकारिक रिकार्ड है । सदस्यों का निलंबन सबसे आखरी विकल्प होता है । सवाल ये है कि जिस भूमिका में ओम जी पिछली लोकसभा में थे वैसे ही क्या वे इस लोकसभा में रह सकते हैं ? मौजूदा लोकसभा में न सत्ता पक्ष प्रचंड बहुमत वाला है और न ही विपक्ष पहले कि तरह कमजोर और बिखरा हुआ है। इस बार विपक्ष को पहले कि तरह सामूहिक निलंबन की सजा नहीं सुनाई जा सकती। बेहतर तो यही है कि ओम जी हिकमत अमली से काम लें । सरकार के साथ विपक्ष को भी दुलारें ,पुचकारें ,हिकमत अमली से काम लें ताकि सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटने पाए।

दुर्भाग्य से देश की राजनीति में सौहार्द के स्थान पर अदावत मजबूत होती जा रही है । इसे समाप्त करने या कम करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच में पुल का काम कर सकते हैं। लोकतंत्र में अदावत और पक्षपात के लिए सीमित जगह होती है ,इसे प्रोत्साहित करना लोकतंत्र को कमजोर करने जैसा है।


## चिंतन-मनन

# व्यक्तिगत चेतना का विस्तार

दूसरों के सुख-दुख का भागी बनने से हमारी व्यक्तिगत चेतना विकसित होकर विश्व चेतना बन जाती है। समय के साथ जब ज्ञान की वृद्धि होती है, तब उदासीनता संभव नहीं। तुम्हारा आंतरिक स्रोत ही आनन्द है।अपने दुःख को दूर करने का उपाय है विश्व के दुख में भागीदार होना और अपनी खुशी को बढ़ाने का उपाय है विश्व के आनन्द में सहभागी होना। जब सभी लोग इस विचार से आएंगे कि वे समाज को अपना क्या योगदान दें, तो वह दैवी समाज होगा।हम सबको अपनी व्यक्तिगत चेतना को शिक्षित और शिष्ट करना है ताकि समय के साथ ज्ञान की वृद्धि हो, परिवर्तन आए। यदि ध्यान में तुम्हें गहन अनुभव न हो रहे हों तो और सेवा करो- ध्यान में अधिक गहराई आएगी।ध्यान तुम्हारी मुस्कान वापस लाता है। कई व्यक्ति सेवा करना छोड़ देते हैं जब वे अपनी छवि, प्रतिष्ठा, सम्मान, सुविधा और आराम को लक्ष्य की प्राप्ति से अधिक महत्व देने लगते हैं। कई बार लोग सेवा से कतराने लगते हैं, जब उन्हें कोई पद नहीं मिलता या जब वे अपमानित महसूस करते हैं। जब उन्हें अपेक्षानुसार कम मिलता है या जब वे लक्ष्य की प्राप्ति को चुनौती न समझकर संघर्ष समझते हैं। इसीलिए, संसार में कुछ ही लोग लक्ष्य तक पहुंचने में कामयाब होते हैं।

जब ऐसा कुछ करना है जो तुम नहीं कर सकते, तब विश्राम नहीं कर सकते और तब भी विश्राम नहीं कर सकते जब लगता है कि तुम्हें वह बनना है जो तुम नहीं हो। ऐसा कुछ नहीं करना जो तुम नहीं कर सकते। तुमसे वह देने के लिए नहीं कहा जाएगा जो तुम नहीं दे सकते। जितना तुम कर सकते हो, केवल वही तुम्हारे हिस्से की सेवा है।यह समझ गहरा विश्राम देती है। यदि तुममें आकांक्षा या आलस्य है, तुम विश्राम नहीं कर सकते।दोनों ही गहरे विश्राम के विरुद्ध हैं। एक आलसी व्यक्ति रात भर करवटें बदलेगा, बेचैन रहेगा और एक आकांक्षी व्यक्ति अंदर ही अंदर जलेगा।गहन विश्राम तुम्हारी कलाओं और योग्यताओं को उभारता है और तुम्हें अपने स्वरूप के समीप लाता है।थोड़ा सा भी यह आभास कि ईश्वर तुम्हारे साथै है, गहरा विश्राम लाता है।प्रार्थना, प्रेम तथा ध्यान गहन विश्राम के विशिष्ट रस हैं।

# मुद्दा: कई राज्य वायरस की गिरफ्त में



भारत में हीटवेव और प्रचंड गर्मी से थोड़ी राहत मिली नहीं कि वायरसों ने कहर बरपाना शुरू कर दिया है। कई राज्य वायरस की गिरफ्त में हैं। महाराष्ट्र में जीका वायरस, केरल में दिमाग को खाने वाले अमीबा बुखार, कर्नाटक में डेंगू आफत बन चुका है। बढ़ते जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से दुनिया में समय-समय पर विभिन्न प्रकार के वायरस पनप रहे हैं, जो मनुष्यों के जीवन के लिए घातक सिद्ध हुए हैं। ये वायरस इतने खतरनाक होते हैं कि पल भर में मनुष्यों के जीवन को लील देते हैं।

जीका वायरस का सबसे ज्यादा खतरा गर्भवती महिलाओं को है, क्योंकि इससे नवजात शिशुओं में माइक्रोसेफैली होने का खतरा होता है, जिससे शिशुओं के मस्तिष्क का विकास नहीं हो पाता। जीका वायरस का वाहक एडिज मच्छर है। यह वायरस इंसानों से पहले रीसस बंदरों में देखा गया था जो अफ्रीकी देश युगांडा के जीका जगलों में पाया गया था। इसका प्रकोप इंसानों पर 2007 से तेज हुआ है। जीका वायरस ने 2015 में पूरे विश्व में तबाही मचाई जिसमें लाखों लोगों की जान चली गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे 2016 में वैश्विक आपदा घोषित किया। भारत में पहली बार जीका वायरस का मामला 2016-17 में गुजरात में प्रकाश में आया था। मानव के मस्तिष्क के तंतुओं को नष्ट कर देने वाला अमीबा बुखार मानव जीवन के लिए बड़ी चुनौती है। इस बुखार का पहला मामला 2016 में केरल में सामने आया था। तब से अब तक यहां आठ मरीज मिले हैं, और सभी की मौत हुई। केंद्र सरकार के एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम की रिपोर्ट के अनुसार अब तक केरल से हरियाणा और चंडीगढ़ तक 22 लोगों की मौत हुई है, जिनमें से छह मौत 2021 के बाद दर्ज की गई। नई दिल्ली स्थित भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान के अनुसार, 2019 तक देश में इस बीमारी के 17 मामले सामने आए लेकिन कोविड-19 महामारी के बाद तमाम तरह के नये संक्रमणों में उछाल देखने को मिला है। पिछले कुछ वर्षो में मंकीपॉक्स, इबोला, निपाह वायरस, कोविड-19, जीका वायरस लगातार पैर पसार रहे हैं। ये संक्रमण इतनी तेजी से फैलते हैं कि देखते ही देखते पूरे शहर को संक्रमित कर देते हैं। जीका वायरस एडीज मच्छर से फैलने वाला घातक वायरस है। एडिज एजिप्टी डेंगू और चिकनगुनिया का वाहक भी है। जीका वायरस यौन संबंध से भी फैलता है, मां से भ्रूण में प्रवेश कर जाता है जो पेट में पल रहे बच्चे के तंत्रिका तंत्र को प्रभावित कर देता है। जीका वायरस भविष्य में कोविड-19 से भी भयानक रूप ले सकता है। यह मनुष्यों के लिए ही घातक नहीं है, बल्कि भावी नस्ल को भी मानसिक रूप से कमजोर करेगा। विभिन्न प्रकार के संक्रमण इंसानों को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर बनाते हैं।

देश में तेजी से फैलता संक्रमण न केवल स्वास्थ्य चिंता का विषय है, बल्कि अर्थव्यवस्था को भी पटरी से उतार देता है। पर्यटन एवं उद्योग के साथ ही स्थानीय अर्थव्यवस्था को काफी हद तक प्रभावित करता है, आयात-निर्यात पर भी गहरा प्रभाव डालता है। संक्रमण के चलते लंबे समय तक स्वास्थ्य समस्याएं बनी रहने से कार्यबल में गिरावट आती है जिसका प्रभाव उत्पादन क्षमता पर पड़ता है, काम का दबाव बढ़ता है। सामाजिक दूरियां बढ़ती हैं, जिसका असर कोविड-19 के समय भी देखने को मिला था। संक्रमण समय से नहीं रोका नहीं गया तो मानव सभ्यता को नष्ट कर डालेगा। जलवायु परिवर्तन और प्रकृति में मानवीय हस्तक्षेप से संक्रमण का प्रभाव पशु-पक्षियों में भी देखने को मिल रहा है। भारत में इस वक्त में बारिश का मौसम है। इसलिए सबसे ज्यादा खतरे की बात है। जगह-जगह जल-भराव की समस्या से एडिज मच्छर पनपते हैं। गांवों के तालाबों, नालियों और गड्ढों में तब्दील जमीनों में साफ पानी का भराव होता है जिससे एडिज मच्छर पनपने की गुंजाइश बनती है, इससे गांवों में जीका वायरस फैलने का खतरा है। भारत में जीका वायरस या नये वायरसों के निदान की कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है, यदि है भी तो बहुत सीमित। बढ़ता संक्रमण रोकने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग और प्रभावी नीति-निर्माण आवश्यक है। जीका वायरस के निदान हेतु बाहर से आने वाले यात्रियों की गहन जांच की जाए और उनका डाटा तैयार किया जाना चाहिए ताकि शहर या गांव में किसी भी प्रकार के वायरस का पता लगने पर उन व्यक्तियों पर ध्यान केंद्रित किया जा सके जो बाहर से आए हैं। राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर पर संक्रमण निवारण केंद्र बनाने की जरूरत है। त्वरित जांच टीम बनाना जरूरी है। जागरूकता अभियान और शिक्षा के माध्यम से शहरों और गांवों में लोगों को इसके बारे में जानकारी देनी चाहिए। गांव, कस्बों में स्वास्थ्य मित्र नियुक्त कर-के महीने में स्वास्थ्य शिविर आयोजित करते रहना चाहिए, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मच्छरदानी वितरण और दवा का छिड़काव समय-समय पर किया जाना चाहिए ताकि मच्छरों का प्रकोप बढ़ न पाए। मच्छरों का प्रकोप कम करने के लिए जीएम मच्छरों को तैयार करना चाहिए। इंसानों के साथ ही पशु-पक्षियों में पनप रहे संक्रमण को रोकने का भी उपाय करना चाहिए।

**-अजय प्रताप तिवारी**

# प्रयागराज में सुप्रीम कोर्ट की क्षेत्रीय न्यायपीठ की स्थापना को लेकर संसद में गूंजी प्रमोद तिवारी की आवाज

**राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता ने हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट की आयु सीमा में बढोत्तरी को लेकर भी उठाया अहम मुददा, महिला एवं बाल स्वास्थ्य को लेकर की घेराबंदी**



लालगंज, प्रतापगढ़। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने गुरूवार को यूपी के प्रयागराज में सुप्रीम कोर्ट की क्षेत्रीय न्यायपीठ की स्थापना को लेकर केन्द्र सरकार का महत्वपूर्ण ध्यानाकर्षण कराया। सांसद प्रमोद तिवारी के राज्यसभा में उठाए गए इस महत्वपूर्ण मुददे पर कई सांसदों के मिले समर्थन से प्रयागराज में सुप्रीम कोर्ट के क्षेत्रीय न्यायपीठ की स्थापना की सार्थक पहल सामने आयी है। गुरूवार को राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सरकार के सामने यह महत्वपूर्ण सुझाव रखा कि यदि भविष्य में कभी सरकार की सर्वोच्च न्यायालय से जुड़े क्षेत्रीय न्यायपीठों की स्थापना की मंशा हो तो देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश के एक प्रतिष्ठित और प्राचीनतम शहर प्रयागराज में सुप्रीम कोर्ट की एक क्षेत्रीय न्यायपीठ की स्थापना करायी जानी चाहिए। उन्होनें संसद में अपने वक्तव्य में इस बात पर भी सरकार से जानना चाहा कि क्या कांग्रेस की सरकार ने जिस तरह से हाईकोर्ट के जजों की आयु सीमा बासठ से बढ़ाकर पैंसठ वर्ष और सुप्रीम कोर्ट के जजों की आयु सीमा पैंसठ से बढ़ाकर सत्तर वर्ष करने का विचार रखती थीए उस तर्ज पर मौजूदा सरकार देश को कोई आश्वासन देगी। वहीं राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने सरकार से न्यायाधीशों के वेतन तथा भत्ते बढ़ाए जाने पर भी सरकार का ध्यानाकर्षण किया।

सांसद प्रमोद तिवारी के इस अहम सवाल का कई सांसदों के समर्थन के बावजूद कानून मंत्री न्यायिक क्षेत्र के इस अहम मुददे पर स्पष्ट आश्वासन को लेकर टालू मुद्रा में दिखे। इधर राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सदन में स्वास्थ्य क्षेत्र में बच्चों एवं महिलाओं से जुड़ा अहम सवाल भी उठाया है। उन्होनें बाल टीकाकरण तथा महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर को लेकर सरकार की असफलताओं को लेकर भी घेराबंदी की। उन्होनें यूएनओ तथा यूनिसेफ के आकलन का हवाला देते हुए संसद में कहा कि वैश्विक टीकाकरण में भी देश की स्थिति दुनिया के बावन खराब देशों में होना चिन्ताजनक है। स्वास्थ्य से जुडे इस अहम सवाल में राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि महिलाओं में अठारह प्रतिशत सर्वाइकल कैंसर के कारण उनमें कैंसर की गंभीर बीमारी होना महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकारी प्रयास की उदासीनता है। वहीं उन्होने कोविशील्ड वैक्सीन के चलते बढ़ती असामयिक मृत्यु को लेकर भी संसद में सरकार पर गैरजिम्मेदारानापन को लेकर तंज कसा। उक्त जानकारी राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल द्वारा यहां जारी विज्ञप्ति में दी गयी है।

# अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से बाइक सवार किशोर की मौतए तीन घायल

**निमंत्रण देने जाते समय खनवारी के पास हुआ हादसा**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा. प्रतापगढ़।** युवक बृहस्पतिवार को घर में आयोजित एक कार्यक्रम का निमंत्रण रिश्तेदारों को देने के लिए रचपालीपुर से खनवारी जा रहा था। जहां एक अनियंत्रित ट्रक की टक्कर से किशोर की मौत हो गई। जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के रचपालीपुर निवासी गुड्डू पटेल पुत्र रामदेव पटेल के घर पर निशान का कार्यक्रम आयोजित था। रिश्तेदारों के घर निमंत्रण देने के लिए वह घर से निकला। रचपालीपुर से निमंत्रण देकर घर लौटते हुए जैसे ही खनवारी नहर के पास पहुंचा। तभी खनवारी से घर जा रहे एक बाइक से अभिनव गौतम पुत्र देवी दीन गौतम एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गया। उसकी बाइक से टक्कर हो गई तथा टक्कर इतनी जोरदार थी कि अभिनव कुमार गौतम उर्फ़ विक्की16 वर्ष पुत्र देवी दिन गौतम निवासी खनवारी थाना संग्रामगढ़ की घटनास्थल पर ही मौत हो गईए तथा अन्य तीन लोग घायल हो गए। घायलों में अमित कुमार शुक्ला 20 वर्ष पुत्र शीतला प्रसाद शुक्ला निवासी खनवारी एवं राजकुमार उम्र 22 वर्ष पुत्र बाबूलालए गुड्डू पटेल 20 वर्ष पुत्र रामदेव पटेल निवासी रजपालीपुर घायल हो गए। सभी चोटहिलो को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामगढ़ में इलाज के लिए ले जाया गया। जहां पर उपचार के बाद दो लोगों को रेफर कर दिया गया। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क पर जाम लगा दिया। जिसके बाद मौके पर थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र सिंह भदौरिया मय फोर्स के मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम खुलवाया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जबकि घायलों को इलाज के लिए सीएचसी संग्रामगढ़ में भर्ती कराया गया। जहां से दो घायलों को जिला चिकित्सालय रेफर किया गया।





**पकड़े गए ड्राइवर को ग्रामीणों ने जमकर पीटा**

दुर्घटना होने के पश्चात ग्रामीणों ने ट्रक को पकड़ लिया तथा ड्राइवर को गुसाई भीड़ ने लात घूंसे तथा लाठी डंडा से धीरेंद्र पाल पुत्र छोटेलाल पाल निवासी रूमतीपुर आजाद नगर थाना महेशगंज की जमकर धुनाई कर दिया। जिससे ड्राइवर मरणासन्न हो गया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने ड्राइवर को कब्जे में लेकर किसी तरह उसकी जान बचाई।

**मृतक अभिनव तीन भाईयो में सबसे छोटा था**

मृतक अभिनव गौतम अपने तीन भाईयो में सबसे छोटा था। उसके बड़े भाई रंजीत गौतम पुत्र देवी दीन गौतम प्राथमिक विद्यालय नगरियामऊ में शिक्षक है। छोटा भाई संदीप गौतम उत्तर प्रदेश पुलिस में लखनऊ के एक थाने पर बतौर कांस्टेबल पद पर तैनात है। जबकि अभिनव प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था।

# मुठभेड़ में चार अपराधी गिरफ्तार, दो पिस्टल व दो तमंचा बरामद

**मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने अपराधियों को भेजा जेल**



लालगंज, प्रतापगढ़। लीलापुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान चार अपराधियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने अपराधियों के कब्जे से दो पिस्टलए दो तमंचाए कारतूसए स्विफ्ट कार की बरामदगी भी की है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने गुरूवार को आरोपियों को जेल भेज दिया। लीलापुर एसओ नरेन्द्र सिंह गुरूवार को पुलिस फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे कि इसी बीच मुखबिर से मत्तूपुर बोझी के पास कार सवार लोगों को रोकने का प्रयास किया तो कार सवार पुलिस पर फायरिंग कर भागने लगे। आत्मरक्षा में पुलिस ने जबाबी कार्रवाई करते हुए कार समेत उस पर सवार चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल किया। सीओ रामसूरत सोनकर ने बताया कि लीलापुर पुलिस द्वारा नगर कोतवाली के नरायनपुर निवासी सत्यम सिंह उर्फ मोण्टी पुत्र सतीश सिंह सुल्तानपुर जनपद के कोतवाली नगर अन्तर्गत नरायनपुर निवासी रौनक मिश्र पुत्र विनीत मिश्र व इसी जनपद के कोतवाली देहात के उदरा निवासी मो0 दिलदार पुत्र मो0 शानुन तथा अमेठी जनपद के रामगंज थाना अन्तर्गत मंगरा निवासी नसीम खान पुत्र ताजिब खान को गिरफ्तार किया गया है।

आरोपियो के पास से दो पिस्टल व दो तमंचा व एक कार की बरामदगी भी की गयी है। इनके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मुकदमें भी दर्ज है। मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

# धीरेन्द्र के निर्विरोध निर्वाचन में जतायी गयी खुशी



लालगंज, प्रतापगढ़। पंचायत उप चुनाव में अमावां द्वितीय से धीरेन्द्र पाण्डेय के निर्विरोध निर्वाचन को लेकर गुरूवार को ग्रामीणों में खुशी दिखी। अमावां चौराहे पर बड़ी संख्या में एकत्रित हुए ग्रामीणों ने धीरेन्द्र के निर्विरोध निर्वाचन को लेकर खुशी जतायी। ग्रामीणों ने नवनिर्वाचित बीडीसी का माल्यार्पण कर स्वागत भी किया। वहीं ब्लाक प्रमुख इंण् अमित प्रताप सिंह पंकज ने भी निर्विरोध निर्वाचित बीडीसी धीरेन्द्र पाण्डेय की सफलता को सराहा। धीरेन्द्र राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के खांटी समर्थक हैं। इससे गुरूवार को विधायक मोना के कैम्प कार्यालय में भी कांग्रेसियों के चेहरे खिले दिखे। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व उपाध्यक्ष संतोष पाण्डेय, अधिवक्ता सिंटू मिश्र, अभयराज पाण्डेय, सुशील मिश्र, मनोज मिश्र, लखन केसरवानी, जलील, मुरलीधर तिवारी आदि रहे।

# टैबलेट पाकर खिल उठे छात्र छात्राओं के चेहरे




लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थित भागवतद स्नातकोश्र महाविद्यालय अझारा में गुरूवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के अन्तर्गत छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान कुल तीन सौ पैंतालिस छात्र छात्राओं को टैबलेट वितरण किया गया। टैबलेट पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे। महाविद्यालय के संस्थापक पूर्व आईएएस रमेशचंद्र मिश्र के साथ मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस अरविन्द नारायण मिश्र ने बच्चों में टैबलेट का वितरण किया। प्राचार्य डॉण् पूनम त्रिपाठी ने महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत किया।

वहीं प्रबंधक सुनीता मिश्राए प्रकाशचंद्र मिश्र ने टैबलेट वितरण कार्यक्रम का संयोजन किया। मुख्य अतिथि अरविन्द नारायण मिश्र व महाविद्यालय के संस्थापक रमेशचंद्र मिश्र ने छात्र छात्राओं को टैबलेट के सदुपयोग को लेकर प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. लक्ष्मीकांत तिवारी, डॉ. रेखा पाण्डेय, डॉ. शालिनी शुक्लाए डॉ. लक्ष्मीकांत द्विवेदी, राहुल सिंह, संतोष शुक्ल, हृदय पाण्डेय, विनोद पाण्डेय, शुभम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## मारपीट व धमकी को लेकर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने मारपीट व धमकी की घटना को लेकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के भगदरा रायपुर तियाई गांव निवासी हंसराज सरोज पुत्र स्व0 केदारनाथ सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि चौबीस जुलाई को सुबह करीब सात बजे जमीन पर कूड़ा फेंकने की रंजिश को लेकर गांव के अनुज सरोज, श्यामा देवी पत्नी छेदीलाल व श्याम देवी की बहू ने एकराय होकर उसे तथा उसकी पुत्री को जमकर मारापीटा। गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# विकास कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के प्रदेश अध्यक्ष सूबेदार सिंह का बढ़ा कार्यकालए खुशी



लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थित क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के कैम्प कार्यालय पर गुरूवार को प्रमोद तिवारी विकास कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रान्तीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने प्रदेश अध्यक्ष पद पर राणा सूबेदार सिंह चौहान के कार्यकाल में बढोत्तरी का प्रस्ताव रखा। प्रस्ताव का समिति की आम सभा ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया।

कार्यकर्ताओं ने पूर्व प्रधान एवं समाजसेवी राणा सूबेदार सिंह चौहान की अगुवाई में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी के विकासपरक नेतृत्व को मजबूत बनाने का संकल्प जताया। बैठक का संचालन सह संयोजक विकास मिश्र ने किया। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारीए केडी मिश्र, मोनू पाण्डेय, राजू पाण्डेय, विनय पाण्डेय, आचार्य राजेश मिश्र, बेलाल रहमानी, गीता सिंह, बंटी जायसवाल आदि रहे।

## कांवरिया सेवा संघ बाघराय सोमवार को बाबा धाम करेगा प्रस्थान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार, प्रतापगढ़** कांवरिया सेवा संघ बाघराय के तत्वावधान में कावड़ियों का बड़ा जत्था बाबा धाम की यात्रा पर 29 जुलाई दिन सोमवार को प्रस्थान करेगा। बताते चलें कि पहले इस जत्थे के बाबा धाम रवानगी का दिन 30 जुलाई दिन मंगलवार निर्धारित थाएलेकिन ट्रेन कैंसल होने के कारण अब इस जत्थे की रवानगी सोमवार को ही होगी। यात्रा की तिथि में बदलाव के बाद कांवरिया सेवा संघ बाघराय ने संगठन के नेतृत्व में यात्रा करने वाले सभी कांवरिया को सायं 4बजे शिव मंदिर बाघराय पर उपस्थित होने का आह्वान किया है। बाबा धाम की यह कांवड़ यात्रा संतोष मिश्राएजालिम बम, घंटी बम, सुरेश चौरसिया बम विधायक बम, गिरिजाशंकर

# जनसत्ता दल महिला प्रकोष्ठ की हुई बैठक



प्रतापगढ़। जिला मुख्यालय प्रताप सदन प्रतापगढ़ में जनसत्ता लोकतांत्रिक के महिला प्रकोष्ठ की एक बैठक जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें पार्टी के विस्तार ,सदस्यता अभियान, ब्लॉक अध्यक्षो की नियुक्ति, जिला कार्यकारिणी में पदाधिकारी के विस्तार में सहयोग एवं 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह में पदाधिकारी की उपस्थिति आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई, साथ ही मांधाता ब्लॉक की ब्लॉक अध्यक्ष नीतू किन्नर के द्वारा मांधाता ब्लॉक की कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया। उक्त अवसर पर जिला महासचिव माधुरी सिंह जिला सचिव सलमा बानो ,मधुबाला श्रीवास्तव एवं अन्य महिला पदाधिकारी मौजूद रही।

## मवेशी बचाने में ट्रक पलटा, चालक घायल

लालगंज, प्रतापगढ़। मवेशी बचाने में अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया। जिससे चालक घायल हो गया। अस्पताल मे उसका इलाज चल रहा है। लीलापुर थानान्तर्गत हण्डौर गांव के पास गुरूवार की दोपहर मध्य प्रदेश के मझिगवां रींवा से सीमेण्ट लादकर सगरा सुंदरपुर, लीलापुर आ रहा ट्रक हण्डौर गांव के पास हाइवे पर मवेशी बचाने मे अनियंत्रित होकर पलट गया।

दुर्घटना में चालक सोमलाल 38 पुत्र बाबूलाल घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल हो इलाज के लिए लालगंज ट्रामा सेण्टर भेजवाया। एसओ नरेन्द्र सिंह का कहना है कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# जमीन विवाद में आठ लोगों के खिलाफकेस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने जमीन के विवाद में हुई मारपीट व गालीगलौज तथा धमकी को लेकर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे निधई मेढ़ांवा निवासी मोहम्मद शकील पुत्र अबुल हसन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि इक्कीस जुलाई को दोपहर करीब डेढ़ बजे जमीनी विवाद में गांव के नुरूददीन, सददाम, जाहिद अली, आबिद अली, जाबिद अली उर्फ सोनू, शाहिद अली, मो0 रफीक, रूकसार पत्नी नुरूददीन ने एकराय होकर गालीगलौज करते हुए दरवाजे पर पहुंचकर उसे मारापीटा। बचाव में पहुंची पीड़ित की पत्नी शबाना, पुत्र समीर व बहन परवीन बानो को भी मारपीट कर लहूलुहान कर दिया।

आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देते हुए घरेलू सामानों मे तोडफोड भी किया। पुलिस ने जांच के बाद आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# ट्रक ने आगे के वाहन को मारा टक्करए ड्राइवर घायल



देल्हूपुर प्रतापगढ़ प्रयागराज मार्ग पर देल्हूपूर बाजार में थाना के सामने तेज रफ्तार से जा रही ट्रक आगे जा रही गाड़ी से भीड़ गई। इससे ट्रक चालक राम बचन निवासी बस्ती की चोटें आई। जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। उक्त ट्रक प्रयागराज से पत्थर की गिट्टी लादकर बस्ती गई थी तथा वापस प्रयागराज लौट रही थी।

# पुलिस मुठभेड़ में चार अभियुक्त गिरफ्तार

लीलापुर,प्रतापगढ़। चोरी व छिनैती के उदेद्श्य से रात में गाड़ी से घूमफिर कर देते थे घटना को अंजाम देने वाले चार अभियुक्तों को पुलिस ने मुठभेड में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से तमंचा,कारतूस एवं वाहन बरामद किया है। दिनांक 25.07.2024 की रात्रि में पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम दादूपुर रनसिंह की तरफ एक स्विफ्ट कार जिसमें कुछ व्यक्ति सवार हैं और उनके पास हथियार भी हैं ये लोग कोई घटना कारित कर सकते हैं। पुलिस अधीक्षक, प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलाप में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय व क्षेत्राधिकारी लालगंज रामसूरत सोनकर के पर्यवेक्षण मे टीम गठित कर चेकिंग शुरू कर दी गई। प्रभारी निरीक्षक लीलापुर नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 शैलेश यादव मय हमराह थानाक्षेत्र के मत्तूपुर बोझी पुलिया विक्रमपुर पट्टी की तरफ सड़क पर कार सवार युवकों को रोकने का प्रयास किया गया।

इस पर कार सवार युवकों द्वारा पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी गयी। पुलिस द्वारा जबावी कार्यवाही करते हुए मौके से 04 अभियुक्तों 01-सत्यम सिंह उर्फ मोंटी पुत्र सतीश सिंह नि0 नारायणपुर थाना कोतवाली नगर जनपद सुल्तानपुर के पास से 01 अवैध पिस्टल .32 बोर, 01 अदद मिस कारतूस .32 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस .32 बोर, 01 अदद खोखा कारतूस .32 बोर व 02- अभियुक्त रौनक मिश्रा पुत्र दिलीप मिश्रा नि0 नारायणपुर थाना कोतवाली नगर जनपद सुल्तानुपर के पास से 01 अवैध पिस्टल .32 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस .32 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस .32 बोर व अभियुक्त 03- मो0 दिलदार पुत्र मो0 शानुन नि0 उदरा थाना कोतवाली देहात जनपद सुल्तानपुर के पास 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 मिस कारतूस 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर व अभियुक्त 04- नसीम खान पुत्र ताजिब खान नि0 मंगरा थाना रामगंज जनपद अमेठी के पास से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर व स्विफ्ट कार नं0 यूपी 44 जेड 4151 बरामद किया गया।

अभियुक्तों द्वारा पूछताछ में बताया गया कि हम चारों लोग मित्र हैं। हम लोग साथ में रहकर घूम फिर कर तमंचा व पिस्टल दिखाकर राहगीरों से चोरी व छिनैती करते हैं हम लोगों के खिलाफ मुकदमें हैं व काफी दुश्मनी है इसीलिए असल्हा को अपनी सुरक्षा के लिए अपने पास रखते हैं।पुलिस पर हमला और अभियुक्त से बरामदगी के संबंध में मु0अ0सं0 300,24 धारा 109, 288 बी0एन0एस0 व धारा 3ख,25,27 आर्म्स एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया गया है ।

अपराध एवं अपराधियों के प्रति सरकार और शासन की शून्य सहनशीलता की नीति पर पुलिस चलने को कटिबद्ध है, अपराध किसी भी प्रकार का और किसी के भी द्वारा किया गया हो किसी को भी कानून हाथ में लेने नहीं दिया जाएगा। इसके बावजूद यदि कोई दुस्साहस हुआ तो उसके खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा।

**डॉ0 अनिल कुमार,**
**पुलिस अधीक्षक,**
**प्रतापगढ़ ।**

## अनियंत्रित टेंपो पलटा, बाल बाल बचे यात्री

सुवंसा। फत्तनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेनापुर गांव के पास लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार दोपहर लगभग 12 बजे एक साइकिल सवार को बचाने में टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे टेंपो में सवार चार यात्री अनुज गुप्ताएशीलाएरामलाल और चालक नन्हे घायल हो गए। सभी को हल्की चोटें आई है। घायलो को स्थानीय लोगों की सहायता से सीएचसी गौरा ले जाया गया। जहाँ पर चिकित्सको द्वारा इलाज किया जा रहा है।

## किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बाइस जुलाई को उसकी सोलह वर्षीया पुत्री को लीलापुर थाना के बासूपुर निवासी अनुज जोशी कहीं भगा ले गया। जांच के बाद पुलिस ने आरोपी अनुज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# पौधारोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुवंसा, प्रतापगढ़।** नौरंगी देवी पन्नालाल शिक्षण प्रशिक्षण संस्थान पटहटिया कला फत्तनपुर कॉलेज प्रांगण में आज पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों को पौधा लगवाने के साथ ही उन्हें पौधे से होने वाले लाभ के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही उन्हें घर व आसपास पौधे लगाने के प्रति प्रेरित किया गया। छात्र एवं छात्राओं में शिवांगी श्रीवास्तवएशिव शंकर यादवए प्रिया शुक्ला स्नेहलताए करिश्मा लक्ष्मी गुप्ता अंशु गुप्ताए मुकेश कुमार आदि ने भी जानकारी लेकर घर व आस.पास के लोगों को पौधों के बारे में जानकारी देकर उन्हें भी पौधा रोपण के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान स्कूल के प्रबंधक संजीव उमरवैश्य ने कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को पेड़.पौधों की जानकारी देते हुए बताया कि पेड़.पौधे हमारे जीवन का आधार है। पेड़ों से हमें शुद्ध वायु मिलती है। एक पेड़ अपने पूरे जीवन में जाने कितने लोगों को आक्सीजन देता है और जहरीली गैस को समाप्त करता है। हमें जीवन में अवश्य ही पेड़ लगाने चाहिए व उनकी देखभाल करनी चाहिए। लगातार बढ़ रहे प्रदूषण से बचने के लिए पेड़ लगाना अत्यंत आवश्यक हो गया है। पेड़ पौधों के द्वारा वातावरण शुद्ध रहता है। पेड़ पौधे आक्सीजनए लकड़ी व जड़ी.बूटी देते हैं।



प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में कम से कम दो पेड़ अवश्य लगाने चाहिए। पेड़.पौधे द्वारा ही धरती पर बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग को भी कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में सीमा सिंह उपमा सिंहएराम शिरोमणि दुबेएअनुज कुमार गुप्ता सरिता मौर्याएआशुतोष पांडेय सौरभ गुप्ताएराम बहादुर यादव आदि उपस्थित रहे।

# राजा भैया ने राज भवन बेंती में जन समस्याओं का किया त्वरित निस्तारण



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कुंडा प्रतापगढ़।** लगातार 5 दिनों से जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण जनता दरबार में राजा भइया कर रहे हैं। गुरुवार को राज भवन बेंती में जनता दरबार में प्रदेश के कोने.कोने से हजारों की संख्या में पहुंचे लोगों की समस्याओं का जनसत्ता दल लोकतांत्रिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया बारी.बारी से सुनकर गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से वार्ता करके जनप्रतिनिधियों को मौके पर भेजकर त्वरित निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया।इस दौरान पूर्व सांसद वर्तमान एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल जीएप्रदेश अध्यक्ष बाबागंज विधायक विनोद सरोजए डॉक्टर कैलाश नाथ ओझाएप्रतिनिधि हरि ओम शंकर श्रीवास्तवए पूर्व प्रमुख वर्तमान जिला पंचायत सदस्य बबलू सिंह बछरौलीए जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि कुलदीप पटेलएपूर्व प्रमुख विहार प्रफुल्ल सिंह डब्बूए पूर्व प्रमुख विहार अनुभव यादवए पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह पंकजद्य प्रमुख विहार राम चंद्र सरोजद्य प्रमुख बाबागंज पति राम यश सरोज चेयरमैन प्रतिनिधि कुंडा शिव कुमार तिवारी भगवन, चेयरमैन डेरवा कुंवर बहादुर पटेल, गोटू सेठ डेरवा, कुंवर मुन्नू सिंह रायगढ़, विनोद यादव व्यापार मंडल अध्यक्ष हीरागंज प्रधान उतरार, अन्नू सिंह माघी, प्रधान अर्जुन अतेरु आनंद देव पांडेय, बब्बन सिंह कुंडा, आजाद सिंह परसीपुर, सानू सोनकर,अनिल तिवारी गुरूजी सकरदहा, प्रदीप शुक्ला अध्यक्ष विहार ब्लॉक जनसत्तादल, समाजसेवी नीतीश पांडेय राज पटना सहित हजारों लोग मौजूद रहे।

# प्राकृतिक खेती को अपनाकर किसान अपनी आय करें दोगुनी-डीएम

चित्रकूटः सब मिशन आन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन एवं कृषि सूचना तंत्र के सुदृढीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन एवं मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल की उपस्थिति में जनपद स्तरीय खरीफ उत्पादकता गोष्ठी एवं किसान मेला का आयोजन राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर एवं प्रदर्शनी का फीता काटकर किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में यह खरीफ गोष्ठी का आयोजन करके कृषि विभाग सहित अन्य सभी विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, फसल बीमा योजना का आप लोग लाभ लें। प्रशासन की तरफ से किसानों की फसलों को बढावा देने के लिए बैठक करके कार्य योजना बनाई जाती है। किसानों के फसलों को बचाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी के माध्यम से अन्ना गोवंशों को गौशालाओं पर संरक्षित कराया जा रहा है। विद्युत समस्या का निस्तारण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्री



अन्न की फसलों को बढावा दें, नैनो यूरिया व डीएपी का प्रयोग करें, आधुनिक तकनीक अपनाकर खेती करें, कृषि यंत्रों का लाभ लें, कृषि विभाग की जो योजनाएं हैं, उनका प्रथम आवक प्रथम पावक के माध्यम से लाभ प्राप्त करें, साधन सहकारी समितियां में जहां पर खाद बीज आदि की समस्या है, उसका निस्तारण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती को अपनाकर अपनी आय दोगुनी करें, आने वाला समय प्राकृतिक खेती का ही है। जैविक खाद का प्रयोग करते हुए मोटे अनाज का उत्पादन करके किसान आर्थिक रूप से समृद्ध हो सकते हैं।

मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि खरीफ गोष्ठी के माध्यम से जो आप लोगों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा कृषि की तकनीकी के बारे में जानकारी दी गई है, उसका आप लोग लाभ ले। किसान मिट्टी के साथ मिट्टी होकर कार्य करते हैं। बुंदेलखंड क्षेत्र में चित्रकूट के लिए धान की फसल अनुकूल भविष्य की पीढी के लिए नहीं है। इसमें पानी बहुत लगता है, फसल के चयन से जो परिस्थितियां बनती जा रही हैं, आपको पानी का संचय करना बहुत जरूरी है। जनपद दलहन के लिए जाना जाता था, दलहन व तिलहन मिलेट्स को बढावा दें। किसान धान की खेती कम करके जो इस क्षेत्र के अनुकूल हो वह फसले पैदा करें, पर्यावरण को देखते हुए खेती की जाए। भारत सरकार व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले। भाजपा जिलाध्यक्ष जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि कृषि गोष्ठी के माध्यम से किस तरह से खेती करें, उसके लिए प्रचार प्रसार करना पड रहा है। पहले कृषि हुआ करती थी, उर्वरक को बढावा मिला और शुगर कैंसर जैसी बीमारियां फैली इसलिए सरकार द्वारा मिलेट्स को बढावा देने के लिए किसानों को समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। जिसमें किसानों को अच्छा मूल्य भी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि किसान श्री अन्न को अपनाए और अपनी आय दोगुनी करें। उर्वरक का प्रयोग कम करके प्राकृतिक खेती करें। उप निदेशक कृषि राजकुमार ने कहा कि जनपद का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 340801 हेक्टेयर है, जिसमें कृषि योग्य भूमि का क्षेत्रफल 173802 हेक्टेयर है, जिसमें खरीफ लगभग 88752 हेक्टेयर क्षेत्रफल में खरीफ फसलें की जाती है। इसके अतिरिक्त लगभग 46000 हेक्टेयर क्षेत्रफल में औ।ानिक एवं अन्य फसलों से आच्छादित होता है। जनपद में मात्र 43 प्रतिशत क्षेत्रफल ही सिंचित है, जिसके कारण अधिकांश फसलें कृषि वर्षा पर आधारित है। उन्होंने उत्पादन, उत्पादकता, कृषि निवेश व्यवस्था, बीज व्यवस्था, उर्वरक व्यवस्था, किसान क्रेडिट कार्ड, सिंचाई व्यवस्था, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, उ।ान विभाग, पशुपालन विभाग, कृषक उत्पादक संगठन, खेल तालाब योजना, एकीकृत बागवानी मिशन, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, श्री अन्न योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला ने किया। कृषि विभाग, उ।ान विभाग, मत्स्य पालन, वन विभाग, पंचायती राज, महर्षि वाल्मीकि एफपीओ, चुन्नी देवी एफपीओ, जय मां संतोषी बीज भंडार, फ्लोवर ऑर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड देहरादून उत्तराखंड, नैनो यूरिया एवं डीएपी आदि विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं से सम्बन्धित प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने कृषक प्रेम सिंह, जियालाल पटेल, राजकुमार सिंह को नैनो यूरिया देकर प्रोत्साहित किया। इसके अलावा उदल, राज बहादुर, मुन्नी देवी, भोला, रामभवन, सत्यनारायण, राजबहादुर, गिरीश, दीप नारायण, नत्थूराम, सविता देवी, पवन कुमार आदि किसानों को श्री अन्न योजना के अंतर्गत कोदो सांवा, रागी, ज्वार, बाजरा, मूंग उर्द आदि के मिनीकिट का भी वितरण किया। खरीफ गोष्ठी में किसानों को कृषि विज्ञान केन्द्र गनींवा के वैज्ञानिक मनोज कुमार शर्मा एवं ममता त्रिपाठी ने विभिन्न फसलों आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उपनिदेशक कृषि ने जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी को पुष्प गुच्छ देकर आभार व्यक्त किया। इस मौके पर जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत दीपक सिंह, डिप्टी आरएमओ अविनाश झा, सहायक अभियंता सिंचाई गुरु प्रसाद, भाजपा नगर अध्यक्ष रवि गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने ली आत्मा शासी निकाय की बैठक



चित्रकूटः जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में गुरूवार को आत्मा शासी निकाय की बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना, डिस्ट्रिक एग्रीकल्चर एक्शन प्लान 2024-25, राष्ट्रीय खा। सुरक्षा मिशन योजना की प्रगति, नेशनल मिशन ऑन एडबिल ऑयल सीड्स योजना की प्रगति, परंपरागत कृषि विकास योजना, प्राकृतिक खेती की कार्य योजना, सब मिशन आंन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन एवं प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इनसीटू मैनेजमेंट ऑफ क्राप रेजिड्य योजना, उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम, प्रशिक्षित कृषि उ।मी स्वावलंबन योजना, भूमि संरक्षण अनुभाग योजनाएं एनएमएसए के अंतर्गत आरएडी राष्ट्रीय सतत कृषि मिशन आदि योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। उप निदेशक कृषि ने बताया कि फसलों के उत्पादन को बढावा देने एवं कृषकों को अन्य लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से पशुपालन, उ।ान, मत्स्य, कृषि के माध्यम से इस योजना के तहत लाभ दिलाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने उपनिदेशक कृषि से कहा कि आत्मा योजना के अंतर्गत गत वर्षों पर कितने किसानों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया है और उसमें किसानों को क्या लाभ हुआ है, उसका विवरण उपलब्ध कराएं। साथ ही इस वर्ष में जो कार्य योजना बनाई जा रही है, उसमें ब्लॉक वार, ग्राम वार किसानों के नाम सहित सूची प्रस्तुत करें, जिन योजनाओं का लाभ किसानों को दिया जाना है, उसका प्रचार प्रसार भी कराया जाए। मिलेट्स के अंतर्गत जिन किसानों को मिनीटिक दिया जाना है, उसका सही तरीके से वितरण होना चाहिए। उन्होंने भूमि संरक्षण अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने विभागीय योजनाओं का लाभ कृषकों को अधिक से अधिक दिलाए, जिन किसानों का चयन करें, उसमें पारदर्शी तरीके से किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि शासनादेश के अनुसार आत्मा योजना के अंतर्गत जो विभिन्न विभागों द्वारा कृषकों के हित में लाभ पहुंचाने की योजनाओं पर कार्य किया जा रहा है, इसकी लगातार समीक्षा अवश्य करें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उपनिदेशक कृषि राजकुमार, जिला उ।ान अधिकारी प्रतिभा पांडेय, सहायक निदेशक मत्स्य भानु चंद्रा आदि मौजूद रहे।

## हत्या में वांछित दो अभियुक्तों को पुलिस ने दबोचा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**सुवंसा, प्रतापगढ़।** फत्तनपुर थाना अंतर्गत नगर पंचायत सुवंसा के गांव सुवंसा में हत्या करके शव को घर के आंगन में गाड़ने के मामले में फरार चल रहे दो अभियुक्तों को फत्तनपुर पुलिस ने 25 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी द्वारा हत्या करके शव गाड़ा गया थाए जिसमें पूर्व में दो अभियुक्तों पुष्पा गौतम पत्नी विनोद कुमार गौतम व विनोद कुमार गौतम पुत्र राम बहादुर गौतम निवासी ग्राम सुवंसा थाना फत्तनपुर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार करके पहले ही जेल भेजा जा चुका है। हत्या की वारदात 16 जून को थाना फत्तनपुर के सुवंसा क्षेत्र में हुई थी। मृतक शिवनाथ सीतामढ़ी बिहार का रहने वाला था। आज 25 जुलाई को प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिरोही ने रेखा गौतम द्वारा मुखबिर की सूचना पर थाना फत्तनपुर के कत रोली पेट्रोल पंप के पास चाय की दुकान से अभियुक्त चिंतामणि गौतम 60 वर्ष पुत्र स्वर्गीय हीरालाल गौतम व अभियुक्ता पूनम देवी 32 वर्ष पत्नी चिंतामणि गौतम निवासी ग्राम सुवंसा थाना फत्तनपुर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक अभिषेक सिरोही मय हमराह गिरेंद्र पाल सिंहए उपनिरीक्षक शेषनाथ यादव, महिला उप निरीक्षक रेखा गौतम, सिपाही उपेंद्र सिंह गुर्जर, सिपाही अभिषेक सिंहए सिपाही कुशल यादव, सिपाही दिनेश कुमार, महिला सिपाही करिश्मा सरोज,

# राष्ट्र निर्माण में श्रीरामचन्द्र के जीवन मूल्यों के संदर्भ में रामभद्राचार्य महाराज का है अभिनव योगदान - प्रो शिशिर पाण्डेय

चित्रकूटः जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय के अष्टावक्र सभागार में स्थापना दिवस समारोह के उपलक्ष्य में श्री राम सापेक्ष राष्ट्र निर्माण में स्वामी रामभद्राचार्य का अवदान विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने किया। उद्घाटन सत्र का प्रारंभ संगीत विभाग की सहायक आचार्य डॉ ज्योति विश्वकर्मा की सरस्वती वंदना से हुआ। कुलपति प्रो शिशिर कुमार पांडेय ने श्री राम सापेक्ष राष्ट्र निर्माण में स्वामी रामभद्राचार्य की कृतियां एवं उनके वाचिक परंपरा तथा लेखन परंपरा में उत्कृष्ट योगदान को व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान युग के प्रख्यात मनीषी के रूप में राष्ट्र निर्माण में श्री रामचन्द्र के जीवन मूल्यों के संदर्भ में रामभद्राचार्य महाराज का अभिनव योगदान है। उनके द्वारा बताए गए श्री राम चंद्र के जीवन मूल्यों से ओतप्रोत विचार आज के समय में न केवल प्रासंगिक हैं, बल्कि नए भारत के निर्माण में अनूठी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।



उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान की डॉ अमिता दुबे ने बताया कि हिंदी संस्थान न केवल हिंदी भाषा बल्कि अन्य भाषाओं को साथ लेकर भारतीय संस्कृति के संवाहक के रूप में कार्य कर रही है। इस संस्थान द्वारा पुरस्कारों के अतिरिक्त विभिन्न भाषाओं की उन्नति के लिए भी सतत रूप से प्रयास किए जाते हैं। अधिष्ठाता डॉ महेंद्र कुमार उपाध्याय ने राष्ट्र निर्माण में स्वामी रामभद्राचार्य के योगदान को विस्तार से वर्णित किया। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ प्रमिला मिश्रा तथा धन्यवाद ज्ञापन संगीत विभाग के सहायक आचार्य डॉ गोपाल कुमार मिश्र ने किया। इसके बाद संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र का प्रारंभ डॉ सभापति मिश्र की अध्यक्षता में किया गया। सत्र में डॉ किरण त्रिपाठी, डॉ विश्वेश दुबे, डॉ राम बहादुर मिश्र, डॉ संजय कुमार मिश्र, डॉ रजनीश कुमार सिंह ने अपने शोध परक आलेखों को प्रस्तुत किया। सत्र का संचालन शिक्षा संकाय की सहायक आचार्या डॉ रीना पांडेय ने किया।

इस अवसर पर डॉ तरुण कुमार मिश्र, डॉ सत्या सिंह, अधिष्ठाता डॉ निहाल रंजन मिश्र, डॉ गुलाब धर, डॉ विनोद कुमार मिश्र, डॉ अमित अग्निहोत्री उपस्थित रहे। स्थापना दिवस के अवसर पर दो दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी भव्य आयोजन किया गया, जिसमें अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान लखनऊ तथा उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी लखनऊ के सहयोग से गीत संगीत के कार्यक्रमों का मंचन भी किया गया। जिसमें प्रथम दिवस पर अंतर्राष्ट्रीय रामायण में वैदिक शोध संस्थान लखनऊ की ओर से प्रस्तुत प्रस्तुतियों में मिर्जापुर से पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव का कजरी गायन श्रोताओं को श्रावण मास के भाव में भाव विभोर कर दिया। इसके बाद बांदा के दिवारी नृत्य के कलाकार कृष्ण पाल ने दिवारी नृत्य की संगीतमय प्रस्तुति की। यह जानकारी पीआरओ सुधीर कुमार ने दी। इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, विश्ववि।ालय के कुलाधिपति के निजी सचिव रमापति मिश्रा, कुलसचिव मधुरेंद्र कुमार पर्वत, हिंदी विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ किरण त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।


## कार्यालय नगर पंचायत अझुवा, कौशाम्बी

पत्रांक : 264/न0पं0अ0/नामान्तरण 2024–25 दिनांक 25.07.2024

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री लल्लू प्रसाद पुत्र बासदेव वार्ड नं0 3 शान्तीनगर, नगर पंचायत अझुवा, परगना कड़ा तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी के निवासी थे इनका एक किता मकान जो वार्ड नं0 3 शान्तीनगर में स्थित है। जिसका टैक्स रजिस्टर के अनुसार मकान सं0 47 है। श्री लल्लू प्रसाद पुत्र बासदेव की मृत्यु के उपरान्त तनहा वारिस श्री राजकुमार मौर्य पुत्र लल्लू प्रसाद द्वारा उपरोक्त मकान सं0 47 को विक्रय किया गया है। जिसकी पैमाइश पूरब से पश्चिम 12 फिट चौड़ा दोनो तरफ व उत्तर से दक्षिण 15 फिट लम्बा दोनो तरफ यानी कुल 17 वर्ग मी0 बेचा तथा जिसकी चौहद्दी पूरब विक्रेता की गैलरी, पश्चिम संतोष का प्लाट, उत्तर विक्रेता का मकान एवं दक्षिण 3 मी0 से कम चौड़ा खडिंजा रास्ता है।

रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 02.06.2023 के आधार पर उपरोक्त लम्बाई ग चौड़ाई तथा चौहद्दी वाले मकान सं0 47 पर श्री लल्लू प्रसाद पुत्र बासदेव वार्ड नं0 3 शान्तीनगर, नगर पंचायत अझुवा, परगना कड़ा तहसील सिराथू, जनपद कौशाम्बी का नाम निरस्त करके श्रीमती मनीषा देवी पत्नी चन्दन सिंह निवासिनी उमराह खेरा, उरई, जालौन हाल मुकाम वार्ड नं0 3 शान्ती नगर, अझुवा, नगर पंचायत अझुवा–कौशाम्बी का नाम दर्ज किया जाना है। यदि किसी को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति 35 दिनों के अन्दर कार्यालय नगर पंचायत अझुवा, कौशाम्बी में अद्योहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करें।

यदि कोई आपत्ति नहीं प्राप्त होती तो उपरोक्त लम्बाई ग चौड़ाई तथा चौहद्दी वाले मकान सं0 47 पर श्री लल्लू प्रसाद पुत्र वासदेव वार्ड नं0 3 शान्तीनगर, नगर पंचायत अझुवा, परगना कड़ा तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी का नाम निरस्त करके श्रीमती मनीषा देवी पत्नी चन्दन सिंह निवासी वार्ड नं0 3 शान्तीनगर नगर पंचायत अझुवा, कौशाम्बी हाल मुकाम उमराह खेरा, उरई, जालौन का नाम दर्ज कर दिया जायेगा जिसकी कोई भी जिम्मेदारी कार्यालय नगर पंचायत अझुवा कौशाम्बी की नही होगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अझुवा
कौशाम्बी


# खनन अधिकारी ने जेसीबी व ट्रैक्टर ट्राली किया सीज

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कुंडा, प्रतापगढ़।** क्षेत्र में धड़ल्ले से हो रहे खनन के खिलाफ गुरुवार को मानिकपुर थाना क्षेत्र के चौका पार पुर में हो रहे खनन की जानकारी हुई। इसके बाद खनन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर



विभागीय नियमों के अनुसार 67 के अंतर्गत जेसीबी मालिक अशोक कुमार गुप्ता व ट्रैक्टर मालिक विनय कुमार मौर्य की जेसीबी व मिट्टी भरी ट्रैक्टर ट्राली को पकड़कर मानिकपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए सीज कर दिया। खनन विभाग के अधिकारियों के आने की सूचना पर क्षेत्र में खनन के काम में लगे जेसीबी व ट्रैक्टर मालिकों में हड़कंप मच गया।


## सूचना

में शीला देवी पत्नी शिव प्रसाद निवासी ग्राम अचकवापुर नरियावाँ परगना ढिंगवस कुंडा प्रतापगढ़ बयान करती हूं कि स्थानीय समाचार पत्र दिनांक 11/7/24 में मेरे पति द्वारा जो प्रकाशित कराया गया था वह सर्वथा असत्य निराधार है जिसका कोई आधार नहीं है मेरे पति की मानसिक संतुलन ठीक न होने की वजह से किया गया था
मैं शीला देवी पत्नी शिवप्रसाद उपरोक्त बयान करती हूं
कि मेरे पति शिवप्रसाद पुत्र रामअधीन 24 घंटे नशे में रहते हैं वो अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं मैं शीला देवी बयान करती हूं कि आए दिन परिवार के साथ मारपीट करना व घर बेचना घर से निकालने की धमकी देना व गाली देना आम बात हो गई है जो भी प्रकाशित कराया गया था मेरे पति द्वारा उसका कोई आधार नहीं वह पूर्णतःअसत्य है।
मेरे पति जी की जो भी संपति है वह एक पैतृक संपत्ति है
मामला महेशगंज थाना क्षेत्र अचकवापुर नरियावाँ का है।


# सम्मानजनक मातृत्व देखभाल को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

चित्रकूटः ममता हेल्थ इंस्टिट्यूट फॉर मदर एंड चाइल्ड संस्था द्वारा चलाये जा रहे प्रोजेक्ट जागृति के अंतर्गत सम्मानजनक मातृत्व देखभाल पर पहारी एवं मानिकपुर ब्लाक में एएनएम के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। लखनऊ से आये डॉ निपेंद्र सिंह ने बताया कि सम्मानजनक मातृत्व देखभाल बच्चा पैदा करने वाली प्रत्येक महिला का व्यापक एवं मूलभूत अधिकार है। महिला की मर्यादा, स्वतन्त्रता, सहानुभूति, गोपनीयता, विश्वसनीयता, भावनाएं, विकल्प और पसंद का सम्मान करना, जिसमे मातृत्व देखभाल के दौरान दोस्ती एवं प्रसव पीड़ा और प्रसव के दौरान लगातार देखभाल शामिल है, उसे कोई भी नुकसान नहीं पहुचाया जाना चाहिए और न ही गलत उपचार किया जाना चाहिए। उन्होंने बताया कि जागरूकता एवं कम शिक्षा की वजह से अपमान एवं दुर्व्योहार की महिलाएं शिकायत नहीं कर पाती है। उन्होंने बताया कि जब महिला प्रसव कराने के स्थान सम्बन्धी निर्णय महिला द्वारा खुद न लेकर किसी दुसरे व्यक्ति द्वारा लिया जाता है तो शोषण का मामला काफी बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि पित्रसत्ता, निम्न सामाजिक, आर्थिक स्थिति, कम महिला सशक्तिकरण और महिलाओं में निर्णय लेने के कम अधिकार, उनके संवेदनशील समय जैसे मातृत्व के दौरान ऐसे व्यवहारों को प्रायः बढ़ावा देते है। पहाडी ब्लाक के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अधीक्षक उदय प्रताप सिंह व मानिकपुर ब्लाक के समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक मनीष सिंह ने सभी एएनएम (।छडे) को निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं के रजिस्ट्रेशन के बाद से लेकर डिलीवरी तक उनके साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए, उनके पूरे प्रसव के दौरान सभी गर्भवती महिलाओ के साथ आपका व्यवहार बहुत ही सौम्य होना चाहिए, उनकी भावनाओ को ध्यान में रखते हुए आपके व्यवहार का सम्मानजनक होना अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सम्मानजनक मातृत्व के स्तर को और भी बढ़ाया जायेगा। ममता संस्था के जिला समन्यक राजीव कुमार पाठक ने बताया कि जागृति कार्यक्रम एक

# ज्वारा विसर्जन के साथ हुआ गौरी एवं जया पार्वती व्रत का उद्यापन

चित्रकूटः परमहंस संत श्री रणछोड़दास महाराज की तपस्थली बड़ी गुफा जानकीकुंड स्थित रघुवीर मन्दिर के तत्त्वावधान में गौरी एवं जया पार्वती व्रत में 125 से अधिक कन्याओं ने सहभागिता की। आषाढ़ शुक्ल त्रयोदशी से श्रावण कृष्ण द्वितीया तक चलने वाले इस पाँच दिवसीय व्रत को ट्रस्ट द्वारा विगत चार दशक से मनाया जा रहा है। महिला समिति की अध्यक्ष उषा जैन ने बताया कि यह व्रत गुजरात में बड़ी मात्रा में मनाया जाता है, चित्रकूट में इस व्रत की शुरुवात स्व. अरविन्द भाई मफतलाल एवं स्व. सुशीलाबेन मफतलाल की प्रेरणा से हुई थी, जो परम्परा आज भी कायम है। उन्होंने इस व्रत की महत्ता को बताते हुए बताया कि त्रेता युग में मां जानकी



गौरी पूजन करने जा रही तभी एक सखी ने मां जानकी को बताया की फुलवारी में दो बहुत ही सुंदर राजकुमार आए हुए है, उनको देखने की लालसा से मां जानकी फुलवारी पहुंचती है और भगवान राम पर उनकी नजर पडती है, नजर पडते ही मां गौरी का पूजन कर उनसे प्रार्थना करती है कि भगवान राम ही मुझे पति रूप में मिले और मां गौरी उन्हें आशीर्वाद प्रदान करती है कि भगवान राम ही तुम्हे पति रूप में मिलेंगे। तब से इस व्रत को अविवाहित महिलाएं मनचाहा वर पाने के लिए यह व्रत रखती हैं। साथ ही इस व्रत से हिंदू सनातन धर्म को हमारी आने वाली पीढियां में जानेगी। प्रतिवर्ष इसकी संख्या में वृद्धि हो रही है। व्रत के अन्तिम चरण में माता गौरी-पार्वती की आराधना में रात्रि जागरण का एवं धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करने का विधान हैं। इस वर्ष विद्याधाम सभागार में गुरुभाई-बहनों एवं सदगुरु परिवार के सदस्यों की उपस्थिति में विभिन्न धार्मिक प्रसंगों पर आधारित नयनाभिराम कार्यक्रम की प्रस्तुति बालिकाओं ने दी।

9452526750, 9839665450,8565970115
**दैनिक लोकमित्र**
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# जज मजिस्ट्रेट भी जगतपुर से हिचकोले खाते निकल जाते हैं विधायक और मंत्री का तो रोज ही आना जाना, आखिर टोल टैक्स में इसी के लिए शुल्क देते हैं

**लोकमित्र ब्यूरो**

**जगतपुर, रायबरेली।** लखनऊ - प्रयागराज राजमार्ग पर पड़ता है यह कस्बा। टोल प्लाजा से मात्र लगभग 7 किलोमीटर पहले रायबरेली रोड पर यदि आप जगतपुर से गुजर रहे हैं तो यहां हिचकोले खाए बिना आप आगे नहीं जा सकते ,आखिर आपने रोड टैक्स जमा किया है। नहीं तो नेशनल हाईवे वाले नाराज हो जाएंगे, आखिर टोल टैक्स की रसीद भी तो देते हैं। क्या आईपी क्या वीआईपी थोड़ी सी बारिश में ही मंजू ब्यूटी पार्लर, निशा गैस एजेंसी के सामने जल भराव की स्थिति बन जाती है समस्या बड़ी है इसलिए लिखनी भी पड़ रही है पर मजबूरी है जिम्मेदारों के आंख कान बंद है।



एक जेसीबी से साइड नाली बनाकर जल निकासी की जा सकती है पर पहल करें कौन ना!! जगतपुर प्रधान ना मनोहरगंज ग्राम प्रधान ना अध्यक्ष ना जिला अध्यक्ष ना विधायक ना मंत्री ना संतरी सभी को बारिश के महीने में यहां आन्नद क्या बेहद आनंद जो प्राप्त होता है वह पूरे देश विदेश में घूमने पर भी शायद नहीं प्राप्त होता। शायद यही मजबूरी है कि किसी की निगाह यहां नहीं टिकती निगाह ना टिके समस्या न दिखे अलग बात है लेकिन रोजमर्रा स्कूल कॉलेज कोचिंग से लौटने वाले छात्र-छात्राओं की ड्रेस कोड के साथ ड्यूटी करने वाले लोगों की यहां से गुजरते वाहनों द्वारा जो गंदे पानी की छींटे गंदा पानी उछाल रही हैं सब गंदा सब खराब कर देती हैं।

कुछ बालिकाएं तो साइकिल से अनियंत्रित होकर बारिश के पानी में गिर भी जा रहे ही देखा नहीं जाता तब लिखना पड़ता है। आखिर जिम्मेदार क्या करें , आखिर अंधे और बहरे जो ठहरे कुछ दिखाई सुनाई नहीं देता। गौरतलब है कि में रोड पर लगभग 100 मीटर तक हल्की बारिश में भी पानी भरा रहता है सभी जिम्मेदार और अफसरान आते हैं और जाते हैं किसी की निगाह शायद इस पर जिम्मेदारी के साथ नहीं पड़ती इसी का कारण है कि सड़क टूट रही है और लोग मुंह के बल गिर भी रहे हैं।

## पूर्व सभासद रफीक बबलू ने फांसी लगा कर दी जान

लालगंज रायबरेली। लालगंज नगर के पूरे देवी रामलीला मैदान निवासी मोहम्मद रफीक उर्फ बबलू पुत्र मजीद ने तंगहाली के चलते फांसी लगाकर जान दे दी है। पूरी देवी मोहल्ले के मुस्लिम परिवार में गुरुवार सुबह उसे समय हड़कंप मच गया जब रफीक का शव फांसी पर लटका हुआ पाया गया।

मोहम्मद रफीक समाजवादी पार्टी का नेता था और पूर्व में सभासद भी रहा था। रफीक की मौत से उसकी पत्नी जरीना और दो बच्चे बेसहारा हो गए हैं। रफीक ने घर के अंदर फांसी लगाई है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने रफीक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# कराटे ब्लैक बेल्ट का परिणाम हुआ घोषित जिले के चार बच्चे हुए सफल

## एनटीपीसी ऊंचाहार के चार बच्चों ने पास की कराटे ब्लैक बेल्ट की परीक्षा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान कराटे फेडरेशन ऑफ इंडिया के दिशा निर्देशन में वा जिला कराटे संघ रायबरेली के तत्वाधान मे बीते दिनों एनटीपीसी ऊंचाहार में कराटे ब्लैक बेल्ट टेस्ट का आयोजन किया गया था। जिसमें जिले के अलग-अलग कराटे डोजो के ब्रांचो से खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया था। जिसका परिणाम आज घोषित किया गया, तथा इस प्रतियोगिता में एनटीपीसी ऊंचाहार से चार खिलाड़ियों को सफलता प्राप्त हुई। सफल होने वाले खिलाड़ियों मे प्रेरणा शाक्य, अक्षिता पाठक, अंश कुमार, अभिज्ञान श्रीवास्तव रहे। बताते चले की ब्लैक बेल्ट परीक्षा के लिए कराटे एसोसिएशन रायबरेली के द्वारा टीम का गठन किया गया था। टेस्ट तीन चरणों में विभाजित किया गया था जो की तीन दिवसीय था प्रथम टीम के द्वारा बच्चों की रनिंग के साथ-साथ फिजिकल टेस्ट लिया गया जिसमें योग आदि सम्मिलित थे। दूसरी टीम के द्वारा ब्लॉग्स, पांच, किक, दाची जैसी चीजों का बारीकी से परीक्षण किया गया तथा तीसरी टीम के द्वारा काते, किहोन का परीक्षण किया गया। एसोसिएशन के निर्देशानुसार ब्लैक बेल्ट देने वाला बच्चा किसी भी एक हथियार को चलाने में सक्षम होना चाहिए जिसके लिए बच्चों ने लाठी,नानचाक तलवार में किसी एक का चुनाव कर सबके सामने बेहतरीन प्रदर्शन करके दिखाया। अलग-अलग टीमों के द्वारा बच्चों का मूल्यांकन करके कराटे एसोसिएशन को सोपा गया इसके उपरांत परिणाम की घोषणा की गई। ब्लैक बेल्ट टेस्ट परिणाम की घोषणा करते हुए कर(ाटे एसोसिएशन रायबरेली के अध्यक्ष राकेश कुमार




गुप्ता ने कहा रायबरेली के लिए गर्व का विषय है। पिछले दो वर्षो में रायबरेली से 15 साल से कम उम्र के 10 बच्चों ने ब्लैक बेल्ट टेस्ट सफलतापूर्वक पास किया है। मैं सभी नवीन ब्लैक बेल्ट धारियो को शुभकामनाएं देते हुए अपना आशीर्वाद प्रदान करता हूं तथा उनके सुनहरे भविष्य की कामना करता हूं। कराटे एसोसिएशन आफ उत्तर प्रदेश के महासचिव क्योसी जसपाल सिंह ने कहा कि ब्लैक बेल्ट के बाद बच्चों की वास्तविक करा(टे का प्रशिक्षण शुरू होता है तथा अब उनके पास मौका होता है कि अपने प्रेक्टिस को और बेहतर करके चौंपियनशिप की ओर कदम बढ़ाए तथा नेशनल और इंटरनेशनल लेवल पर जाकर देश का नाम रोशन करें। करा(टे एसोसिएशन रायबरेली के सचिवध्नेशनल करा(टे कोच राहुल कुमार पटेल ने कहा ब्लैक बेल्ट टेस्ट पास करना किसी चुनौती से कम नहीं होता भले ही लोग सोचे ब्लैक बेल्ट ही तो है लेकिन उन्हें नहीं पता इस बेल्ट को पाने के लिए वर्षो की मेहनत साथ ही लगन और परिश्रम की जरूरत होती है एक एक स्टेप सीखने में कई कई दिन लगते हैं और उसकी प्रेक्टिस हजारों बार की जाती है। पूरे 4 वर्ष की कठिन ट्रेनिंग के बाद बच्चों ने ब्लैक बेल्ट हासिल किया है। ब्लैक बेल्ट के बाद बच्चों को कभी नहीं सोचना चाहिए कि उन्होंने अपनी ट्रेनिंग पूरी कर ली है। जिंदगी का नाम ही है सीखना, आप जितना सीखोगे कुछ ना कुछ नया जरुर पाओगे और जिस दिन आपने सीखना बंद किया समझ लीजिए धीरे-धीरे आप चीजों को भुलना शुरू कर दोगे और एक समय ऐसा आएगा जब केवल आप नाम के ही ब्लैक बेल्ट होंगे। आपको आता कुछ नहीं होगा इसलिए सभी बच्चे लगातार मेहनत करते रहे चाहे आप घर में हो या फिर खेल के मैदान में प्रेक्टिस आपको हमेशा करनी है फिर चाहे आप उम्र के किसी भी पड़ाव में क्यों ना हो। करा(टे एसोसिएशन रायबरेली आप सभी नवीन ब्लैक बेल्ट धारीयाँ का हार्दिक स्वागत करता है।

## हलवाई ट्रेड के आवेदकों का साक्षात्कार 26 जुलाई को'

रायबरेली।उपयुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा प्रदेश में प्रचलित वर्तमान रोजगार योजनाओं में उ0प्र0 सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग हेतु लक्ष्यों को सम्मिलित किया गया है, जिसमें विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत ट्रेडवार अधिक से अधिक लोगों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में लाभान्वित किया जाना है। हलवाई ट्रेड के सभी ऑनलाइन प्राप्त आवेदको का साक्षात्कार किया जा रहा है।उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने हलवाई ट्रेड के सभी आवेदकों से कहा है कि आवेदको का साक्षात्कार 26 जुलाई 2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे कार्यालय, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, रायबरेली में किया जायेगा। उन्होंने सभी आवेदकों से कहा है कि अपने मूल प्रमाण-पत्रों के साथ साक्षात्कार में समय से उपस्थित हों।

# यूनिसेफकी टीम ने परखी बालिका शिक्षा मीना मंच की हकीकत

## बालिकाओं के सशक्तिकरण में मीना मंच काफी प्रभावशाली: गौरव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा लखनऊ की यूनिसेफटीम प्रभारी गौरव त्रिपाठी द्वारा आज हरचंदपुर विकासखंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय अघौरा,नंदा खेड़ा और पूर्व माध्यमिक विद्यालय कठवारा पहुंचकर बालिका शिक्षा के तहत बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु संचालित मीना मंच कार्यक्रम की हकीकत जानी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं को स्वास्थ्य शिक्षा एवं सुरक्षा हेतु चलाए जा रहे कार्यक्रमों में मीना मंच काफी प्रभावशाली साबित हो रहा है। उन्होंने सोशल एक्टिविटी के तहत प्रत्येक शनिवार को परियोजना द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सभी सुगमकर्ता बालिकाओं के बीच आयोजित कराए विभिन्न गतिविधियां जिससे बालिकाओं का जीवन कौशल विकास कराया जा सके।इस अवसर



बालिका शिक्षा रिसोर्से पर्सन एस.एस पाण्डेय ने बताया कि जनपद में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में सभी पूर्व माध्यमिक एवं कंपोजिट तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों मीना मंच का गठन कराया गया है और प्राथमिक विद्यालयों बाल संसद का गठन कर बच्चों को सशक्ति एवं मुखर बनाया जा रहा है। इस अवसर पर अघौरा सुगमकर्ता डॉ शारदा सिंह, कमलेश कुमारी, एते शाम फातिमा, बंदिता शर्मा द्वारा मीना मंच संचालन के बारे में जानकारी दी गई।

## निषादराज बोट सब्सिडी योजना हेतु 31 जुलाई तक करें आवेदन

रायबरेली। प्रभारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालक विकास अभिकरण रायबरेली ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में मत्स्य विभाग के अन्तर्गत निषादराज बोट सब्सिडी योजना हेतु अर्ह मत्स्य पालकों एवं मछुआरा समुदाय के इच्छुक व्यक्ति विभागीय पोर्टल पर 01 जुलाई से 21 जुलाई 2024 तक ऑनलाइन आवेदन के लिए खोला गया था। पुनः उक्त योजना में आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 तक मत्स्य निदेशालय द्वारा बढ़ा दी गई है। योजनान्तर्गत परियोजना का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया आवेदन के साथ संलग्न किए गए अभिलेख व विस्तृत विवरण भी उक्त विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है।

# दिव्यांगजन स्वरोजगार हेतु करें आनलाइन आवेदन

प्रतापगढ़। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मनीष कुमार मिश्र ने बताया है कि विभाग द्वारा संचालित दुकान-संचालन योजनान्तर्गत जनपद के ऐसे दिव्यांगता 40 प्रतिशत अथवा इससे अधिक है तथा स्वरोजगार करने के इच्छुक है एवं जिन्हें पूर्व में इस योजना का लाभ नही मिला है, ऐसे दिव्यांगजन को रूपये 10 हजार दुकान संचालन हेतु एवं रूपये 20 हजार दुकान निर्माण किये जाने हेतु प्रदान किये जाते है।

आवेदन सहज जनसेवा केन्द्र के माध्यम से स्थापित जनसुविधा केन्द्रों के माध्यम से किया जा सकता है। इच्छुक दिव्यांगजन सशक्तीकरण के पोर्टल पर लॉगिन कर उपलब्ध विकल्प में जाकर निर्धारित प्रारूप पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन सहज जनसेवा केन्द्र के माध्यम से स्थापित जनसुविधा केन्द्रों के माध्यम से किया जा सकता है। उन्होने बताया है कि आनलाइन आवेदन भरते समय आवेदक को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला नवीनतम फोटो दिव्यांग प्रमाण पत्र, आधार कार्ड,

बैंक पासबुक, आय प्रमाण पत्र की छायाप्रति को स्वाप्रमाणित कर आनलाइन आवेदन कर हार्डकापी मय संलग्नकों सहित कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतापगढ़ कक्ष संख्या-28 में जमा करा दें ताकि नियमानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके, किसी भी असुविधा हेतु कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रतापगढ़ से किसी दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

# मंडी समिति के पक्के चबूतरे पर होने वाले निर्माण के बाबत व्यापारियों में फैल रहा है आक्रोश,पक्के चबूतरे पर निर्माण होने से फुटकर दुकानदारों की चली जाएगी रोजी-रोटी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** कृषि उत्पादन मंडी समिति लालगंज में फुटकर किसानों और व्यापारियों के लिए पूर्व में पक्का चबूतरा बनवाया गया था जिसमें करीब एक सैकड़ा किसान और व्यापारी जमीन पर दुकान लगाकर व्यापार करते हैं। 6 महीने पूर्व व्यापारी हितों की अनदेखी करते हुए मंडी समिति प्रशासन ने खाली जगह पर दुकान निर्माण न करा कर पक्के चबूतरे पर दुकान बनवाने का प्रस्ताव पास किया जिसका ठेका भी हो गया था। फरवरी महीने में उद्यान राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने लालगंज पहुंचकर दुकानों का शिलान्यास भी कर दिया था, तभी से छोटी आय वाले किसान और व्यापारी परेशान घूम रहे हैं। मंडी समिति के व्यापारियों ने कई बार निदेशक मंडी समिति सहित उद्यान राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह से दुकानों पर रोक लगाई जाने की गुहार लगाई है लेकिन अभी तक किसी प्रकार का सरकारी आदेश दुकान निर्माण निरस्त किए जाने के



बाबत जारी नहीं हुआ है जिसके कारण व्यापारी सशंकित है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष विवेक शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री मृत्युंजय बाजपेई, मंडी समिति अध्यक्ष सुरेश सोनकर ,महामंत्री श्रवन मौर्य ने बताया कि शुक्रवार को लालगंज के व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के नेतृत्व में लखनऊ जाकर मंडी निदेशक से मिलेगा और दुकानों के निर्माण के बाबत हुए आदेश को निरस्त करने की मांग करेगा ।व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे लोग बनवारी लाल कंछल के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से मिलकर प्रस्तावित दुकानों में हुई अनियमितता के बाबत शिकायत करेंगे और हर हाल में छोटे व्यापारियों की शिकायत का निवारण करायेगे।

# चौहान गुट ने 127 वें लावारिस शव का करवाया दाह संस्कार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जनपद में ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट ही है जो एक वर्ष से अधिक समय से जनपद में लावारिश शवों का निःशुल्क अंतिम संस्कार करवाने का काम करता है। जनपद रायबरेली में अब तक चौहान गुट ने 127 लावारिश शवों का अंतिम संस्कार करवा चुका है। दिनांक 25 फरवरी 2024 को एक लावारिस शव जो कि थाना ऊंचाहार जनपद रायबरेली के क्षेत्र में ट्रेन से गिर जाने के पश्चात पर एम्स में इलाज चल रहा था जिसकी आज दिनांक 25 जुलाई 2025 को मृत्यु हो गई बाद में पोस्टमार्टम शव प्रदेश अध्यक्ष व्यपार मंडल जीसी सिंह चौहान को सौपा गया जिसके नेतृत्व में उक्त लावारिस शव का अंतिम संस्कार मुख्य आरक्षी के सामने किया गया। शव की उम्र लगभग 50 वर्ष है।

# लालगंज नगर की बिजली सप्लाई फेल, नहाने धोने को कौन कहे पीने के पानी के लिए गए तरस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** वीवीआईपी जिला होने के बावजूद लालगंज नगर की बिजली व्यवस्था सुधर नहीं रही है।बुधवार रात 33 के वी लाइन फेल हो जाने से लालगंज कस्बे की विद्युत सप्लाई फेल हो गई जिससे जनता त्राहिमाम कर उठी। गुरुवार को शाम 6 बजे तक भी विद्युत विभाग बिजली सप्लाई नहीं कर सका। जिसके कारण जनता में भारी आक्रोश दिखाई पड़ा। पब्लिक चुने गए सांसद विधायक के प्रति भी आक्रोश व्यक्त कर रही थी।लालगंज टाउन के अवर अभियंता बृजेश मौर्य ने बताया कि बुधवार रात डलमऊ से लालगंज पावर हाउस को आने वाली 33 केवी लाइन में फाल्ट आ गया था जिसके कारण कस्बे की विद्युत आपूर्ति देर शाम तक चालू नहीं हो सकी। बताते चले कि लालगंज में दो पावर हाउस बने हैं। एक पावर हाउस से लालगंज ग्रामीण को विद्युत सप्लाई होती है। तहसील





के सामने स्थित पावर हाउस से लालगंज टाउन को बिजली सप्लाई होती है। बुधवार रात बिजली फेल हो जाने से नगर में हाहाकार मच गया। नहाने धोने को कौन कहे लोग पीने के पानी कोतरस गए। भारी उमस के चलते लोग दिनभर एक दूसरे से केवल बिजली आने के बाबत ही पूछताछ करने में लगे हुए थे। व्यापार मंडल अध्यक्ष विवेक शर्मा ने बताया कि बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते नगर के लोगों को बिजली समस्या से आए दिन 2-4होना पड़ रहा है। 24 घंटे में कम से कम 24 बार तो ट्रिपिंग होती ही है जिसके कारण लोगों को भारी मुसीबत उठानी पड़ रही है। यहां तक की इनवर्टर भी काम नहीं कर रहे हैं। बार-बार बिजली की आवा जाही से विद्युत उपकरण भी खराब हो रहे हैं। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रोहित सोनी का कहना है कि योगी सरकार ने भले ही टाउन एरिया क्षेत्र को पर्याप्त बिजली दिये जाने के निर्देश दिए हैं लेकिन बिजली विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते कस्बा वासियों को मौजूदा समय में 10 घंटे भी बिजली नहीं मिल रही है।

# केंद्रीय विद्यालय में 53वीं में संभागीय वॉलीबॉल बालक वर्ग प्रतियोगिता शुरू

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** गुरुवार को पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय रायबरेली में केंद्रीय विद्यालय संगठन द्वारा 53वीं संभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत बालक वर्ग की बॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि श्री धीरेंद्र कुमार पुरुषोत्तम, जिला क्रीड़ा अधिकारी रायबरेली द्वारा किया गया । समारोह शुरू होने पर मुख्य अतिथि का स्वागत प्राचार्य द्वारा हरित स्वागत किया गया । मुख्य अतिथि के स्वागत में बच्चों ने स्वागत गीत गाये। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत समूह गीत, समूह नृत्य एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतियों द्वारा उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

उद्घाटन समारोह में खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ साथ शारिरिक विकास पर भी बल दिया जिसके लिए प्राचार्य ने खेल को महत्वपूर्ण बताते हुए खेल को खेल




भावना से खेलने का संदेश दिया । उन्होंने एक खिलाड़ी की प्राथमिकता व जीत के आवश्यक कारकों के बारे में बताते हुए जीत का गुरुमंत्र भी दिया एवं सभी टीमों के लिए खेल की जीत की शुभकामनाएं भी दी । वहीं मुख्य अतिथि द्वारा भी खेल के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि खेल में एक खिलाड़ी भले हार जाए किंतु खेलभावना की जीत होना आवश्यक है।

इसके साथ ही उनके द्वारा खेल को शुरू करने की घोषणा की गई। स्थल उप प्राचार्य राजेश त्रिपाठी द्वारा भी खिलाड़ियों को जीत की शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित जनों एवं सहयोगियों का धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

उद्घाटन समारोह में उप प्राचार्य द्वितीय पाली रमेश चन्द्र दुबे व प्रधानाध्यापकद्वय आर बी शर्मा व कमलेश कुमार सहित सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।केन्द्रीय विद्यालय में आयोजित हो रही इस बॉलीबॉल - बालक वर्ग की प्रतियोगिता में लखनऊ सम्भाग के विभिन्न केन्द्रीय विद्यलयों की कुल 20 टीमें प्रतिभाग कर रहीं हैं। खेल शिक्षक महेन्द्रनाथ व सुनीत कुमार यादव के कुशल निर्देशन व मैच रेफरी डॉ आर एस सिंह, वृजेश मौर्य, डॉ सी बी मिश्र, अंकित सिंह, व ऑब्जर्वर धर्मेंद्र सिंह रावत और वरुण सिंह भादरिया के निगरानी में खेले गए उद्घाटन मैच अंडर-17 में केन्द्रीय विद्यालय अर्मापुर कानपुर एवं केन्द्रीय विद्यालय शाहजहांपुर के बीच कोर्ट संख्या 1 पर खेला गया जिसमें अर्मापुर ने शाहजहांपुर को 2-0 से हराया वहीं अंडर 14 का उद्घाटन मैच केन्द्रीय विद्यालय सी आर पी एफ बिजनौर, लखनऊ एवं पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय रायबरेली प्रथम पॉली के बीच खेला गया जिसमें सीआरपीएफबिजनौर, लखनऊ ने भी 2-0 से विजय हासिल किया। आज अभी तक कुल 8 लीग मैच आयोजित हो चुके थे। समाचार लिखे जाने तक नवां लीग मैच चल रहा था।

# गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए 30 सितंबर तक करें आवेदन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया है कि अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय पुरस्कार दिये जाने हेतु जनपद के पात्र व्यक्तियों के आवेदन पत्र 30 सितम्बर 2024 तक चार प्रतियों में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये है। शासन द्वारा पूर्व में परिचालित किये गये मार्गदर्शी सिद्धान्त के अनुसार पुरस्कार प्राप्त करने की अर्हताए निर्धारित की गई है जिसमें भारत का मूल नागरिक हो। उत्तर प्रदेश राज्य की सीमा के भीतर पुरस्कार पर विचार किये जाने के वर्ष में सामान्यतया निवास करता रहा हो। मानवाधिकार, सामाजिक न्याय व राष्ट्रीय एकीकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान रहा हो। गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार योजना के अधीन पूर्व में इस राज्य सरकार द्वारा पुरस्कृत न दिया जा




चुका हो। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवासरत व्यक्तियों में से कोई एक व्यक्ति, जिसने मानवाधिकारों की रक्षा, सामाजिक न्याय एवं राष्ट्रीय एकीकरण क्षेत्र में सर्वोत्कृष्ट कार्य किया हो तथा इस हेतु पूर्णतः समर्पित रहे हो, को सार्वजनिक रूप से सम्मानित करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा गुरु गोविन्द सिंह जी के जन्म दिवस 5 जनवरी पर गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार प्रदान किया जाता है जिसके अन्तर्गत चयनित व्यक्ति को एक लाख रूपये का नगद पुरस्कार तथा प्रशस्ति-पत्र दिये जाने की व्यवस्था है।जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक की संयुक्त आख्या में व्यापक जांच कर तथ्यात्मक विवरण अभिलेखीय साक्ष्यों सहित यह भी प्रमाण-पत्र अंकित किया जाये कि उनके विरूद्ध कोई अपराधिक मामला प्रचलित ध्लंबित नहीं है और किसी भी अपराधिक मामले में किसी न्यायालय द्वारा उन्हें दण्डित नही किया गया है। महत्वपूर्ण कार्यों आदि अभिलेखीय साक्ष्यों को 30 सितम्बर 2024 के पूर्व चार प्रतियों में उपलब्ध कराये।गुरु गोविन्द सिंह राष्ट्रीय एकता पुरस्कार हेतु पात्र महानुभावों के नामांकन तत्काल निर्धारित प्रारूप में कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी को मुहैया करवा दी जाये।

# अतीक की पांच संपत्तियों की फाइलें फिर खुली

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद की पांच संपत्तियों की फाइलें फिर से खुल गई हैं। गैंगस्टर में कुर्क की गई इन संपत्तियों की कीमत 40 करोड़ से अधिक बताई जाती है। इन संपत्तियों को 2016 में तत्कालीन अफसरों की ओर से अवमुक्त कर दिया गया था। उक्त संपत्तियां पुश्तैनी न होकर माफिया ने खुद बनाई थीं। संपत्तियां बनाए जाने के समय माफिया के आय के स्रोत के आधार पर इनकी रिपोर्ट फिर से बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। सूत्रों के अनुसार जिन संपत्तियों की फाइलें खुली हैं उनमें से चार प्रयागराज व एक लखनऊ में स्थित है। 2008 से 2012 तक इन संपत्तियों को अलग-अलग आदेशों के तहत गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कुर्क किया गया था। यानी पुलिस की जांच में यह बात सामने आई थी कि इन संपत्तियों को अपराध से अर्जित आय से बनाया गया। इसके बाद माफिया की ओर से कुर्की की कार्रवाई को चुनौती देते हुए जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष अपील की गई। 2016 में इन सभी संपत्तियों को रिलीज कर दिया गया। खास बात यह कि उपरोक्त सभी संपत्तियों में से एक भी अतीक की पुश्तैनी संपत्ति नहीं थी। उसने 2008 के बाद इन संपत्तियों को अपने नाम कराया था।यह वह वक्त था जब राजू पाल हत्याकांड के बाद माफिया ने हर तरफ अपना खौफ कायम कर लिया था और लगातार आपराधिक वारदातें अंजाम दे रहा था। सवाल यह है कि पुश्तैनी संपत्ति न होने के बावजूद उसने कौन से ऐसे साक्ष्य दिए, जिनके आधार पर संपत्तियां रिलीज कर दी गईं। फिलहाल पुलिस ने अब इन संपत्तियों के संबंध में दोबारा जांच पड़ताल शुरू कर दी है।पुलिस अफसरों का कहना है कि यह पता लगाया जा रहा है कि जिस समय यह संपत्तियां बनाई गई, उस वक्त माफिया की आय का स्रोत क्या था। इसके लिए उसका आयकर रिटर्न व अन्य विवरण भी देखा जा रहा है। विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर एक बार फिर से इन संपत्तियों को कुर्क किए जाने की रिपोर्ट प्रेषित की जाएगी।

**40 करोड़ से अधिक की है संपत्ति, आपराधिक आय से किया था अर्जित**

इन संपत्तियों में चार जमीनें व एक मकान ग्राम रहीमाबाद ऐनुद्दीनपुर करेली स्थित भूमि, नसीरपुर सिलना थाना धूमनगंज स्थित भूमि, दोंदीपुर, सदर तहसील स्थित भूमि, ग्राम रसूलाबाद चायल कौशाम्बी स्थित भूमि और गोमती नगर विशालखंड स्थित मकान शामिल हैं।

## सात दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन आज

**थरवई ।** गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास मे पांडेश्वर नाथ धाम पड़िला महादेव मंदिर प्रांगण मे सात दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन 26 जुलाई शुक्रवार से कथावाचक साध्वी अन्नपूर्णा मां शारदा शक्तिपीठ मैहर के मुखारविंद से कथा किया जाएगा ।

## भारतीय किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन आज

फूलपुर। भारतीय किसान यूनियन का विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर सहसों ब्लॉक में धरना प्रदर्शन आज शुक्रवार को सुबह 10 बजे से रखा गया है। जिसमें एसडीएम फूलपुर एवं बीडीओ सहसों की उपस्थिति होनी तय है। किसान संबंधी समस्याओं का ज्ञापन सौंपा जाएगा और उनसे समस्या के निराकरण की मांग की जाएगी। उक्त सूचना गंगापार अध्यक्ष अनवर अली एवं विधिक सलाहकार अशोक कुमार मिश्रा द्वारा प्राप्त हुई।

## बहरिया में चंद्रशेखर आजाद का आगमन 27 जुलाई को



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बहरिया ।** आजाद समाज पार्टी, (भीम आर्मी ) के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना से सांसद चंद्रशेखर आजाद का आगमन 27 जुलाई शनिवार को चार बजे बहरिया के धमौर गांव में होगा चंदशेखर फूलपुर विधान सभा में होंने वाले उप चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगें । उक्त जानकारी पूर्व मण्डल उपाध्यक्ष व जोन प्रभारी अखिलेश कुमार आजाद नें दी है।

# हल्की वर्षा होने पर शुरू हुई धान की रोपाई

**लेड़ियारी( प्रयागराज)।** सावन का महीना भी पांच दिन बीतने को है। लेकिन पर्याप्त वर्षा न होने से किसानों द्वारा कड़ी मशक्कत से तैयार की गई नर्सरी को बचाने के लिए गुरूवार को सुबह चार बजे के दौरान हुई छिटपुट बरसात हुई तथा निजी संसाधनों के जरिए धान की रोपाई शुरू हो गई है जबकि बहुत से इलाकों में निजी संसाधनों के अभाव में किसान आज भी मानसून आने को आस लगाए बैठे हैं।

लेड़ियारी इलाके में धान की अच्छी पैदावार होती है । नीबी, चैलारी, खोचा, धोबहट, सरनाम तालाब, कैथवल, गड़री, किहुंनी खुर्द, किहुंनी कला, पथेलवा, पथरपुर सहित दर्जनों गांवों में धान की बड़े पैमाने पर खेती की जाती है ।



किसानों ने माह मई से लेकर जून के महीने के दरमियान धान की नर्सरी तैयार कर लिए थे । सुनील कुमार कुशवाहा , सुरेश सिंह, देवराज सिंह, संजय कुमार केशरी, महेन्द्र कुशवाहा, अरूण कुमार केशरी, बबलू शुक्ला, जीत नारायण आदि किसानों ने बताया कि नहरों में पानी न छोड़ें जाने के बावजूद किसी तरह निजि संसाधनों से नर्सरी तो तैयार कर ली है । अषाढ़ खत्म हो गया है सावन माह लगभग पांच दिन बीतने वाला है । लेकिन अभी तक इलाके में झमाझम वर्षा देखने को नहीं मिली । अलबत्ता पिछले तीन चार दिन से बादल सुबह से मड़राता है लेकिन आठ बजते उमस भरी धूप होने से किसान निराश हो जाते हैं । जबकि गुरूवार को छिटपुट वर्षा जरूर हुई । इस दरमियान कुछ नहरों व माइनरों में भी दो दिन के लिए खोला गया था । किसानों का कहना है कि तैयार नर्सरी को तेज धूप से बचने के लिए निजी संसाधनों व थोड़ी बहुत हुई । वर्षा को देखते हुए रोपाई का शुरू कर दिया है जबकि खरीफ की अन्य फसलों को बोआई के लिए अभी तक वर्षा की प्रतीक्षा की जा रहें है ।जबकि पथरपुर नहरों में पानी पर्याप्त आने से खेतों में पानी भरकर रोपाई का काम शुरू कर दिया है।

## मुक्त विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर आज

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा एवं तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय, प्रयागराज के संयुक्त तत्वावधान में 26 जुलाई को रक्तदान शिविर का आयोजन विश्वविद्यालय के सरस्वती परिसर में होना सुनिश्चित हुआ है। यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने बताया कि इसी क्रम में विनीता अस्पताल, फाफामऊ, प्रयागराज एवं स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा के संयुक्त तथावधान में 27 जुलाई को पूर्वाह्न 11ः00 बजे सरस्वती परिसर में ही स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें विश्वविद्यालय के निदेशक, प्रभारी, अधिकारी, शिक्षक, परामर्शदाताओं, कर्मचारियों एवं शोध छात्रों के स्वास्थ्य की जांच की जाएगी।

# राजनीतिक पिच पर बरांव घराने का एक और कुँवर

## मुख्यमंत्री से मुलाकात कर दिया राजनीतिक सक्रियता का संकेत

**डॉ रविन्द्र सिंह की सक्रियता से उनके सहयोगियों में उत्साह**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** प्रयागराज के बरॉव राजघराने के स्वर्गीय कुंवर एसपीएन सिंह के पुत्र कुंवर डॉक्टर रविंद्र सिंह ने पिता की राजनीतिक विरासत को संजोने की कवायद तेज कर दी है।लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत के लिए क्षेत्र में सक्रिय दिखे डॉ रविन्द्र सिंह प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर क्षेत्रीय समस्यायों की जानकारी दी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चार दिन पूर्व लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की है। कुंवर डॉक्टर रविंद्र सिंह ने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं एवं उनके समाधान के संदर्भ में चर्चा की है। अपने विचार से मुख्यमंत्री को अवगत कराया है। मुख्यमंत्री ने आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देकर



उन्हें पार्टी की मजबूती के लिए काम करने की सलाह दी है।साथ ही क्षेत्र के लोगों से लगातार संपर्क में बने रहने और उनकी समस्याओं के प्रति सदैव जागरूक बने रहने का मार्गदर्शन प्रदान किया है।

श्री सिंह ने एक भेंट वार्ता के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद व सानिध्य से मुझे ऊर्जा मिली है।बता दें कि कुँवर एसपीएन सिंह भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में रहे।वह पार्टी के टिकट पर एक बार करछना विधानसभा से चुनाव भी लड़ चुके हैं।यमुनापार में भूमिहार विरादरी में उनकी अच्छी पैठ रही।उनके पुत्र इस विरासत को संजोने के लिए क्षेत्र के लोगों के बीच सक्रिय हैं। उन्होंने युवाओं में पैठ बनाकर पार्टी के विस्तार और जमीनी पकड़ बढ़ाने के अभियान को गति दिया है।उनकी सक्रियता से समर्थकों में उत्साह है।

# भाजपा संविधान का सम्मान करती तो योगी आदित्यनाथ को पद से हटा देती- अरशद अली

**प्रयागराज।** कांवड़ यात्रा रूट की दुकानों पर नेमप्लेट लगाने के योगी सरकार के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद कांग्रेस ने इसे मुद्दा बना लिया है। इस कड़ी में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज आलम के निर्देश पर पूरे प्रदेश की तरह प्रयागराज में भी अभियान शुरू किया है।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग की ओर से बृहस्पतिवार को प्रयागराज की रेलवे स्टेशन रोड और नखासकोना चौक रोड, नुरूल्ला रोड पर फल विक्रेताओं के ठेलों पर संविधान की प्रस्तावना के फोटो लगाकर देश की एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

इस दौरान अल्पसंख्यक विभाग के शहर अध्यक्ष अरशद अली ने कहा कि योगी सरकार का फल के ठेलेवालों से धार्मिक पहचान उजागर करने का आदेश संविधान विरोधी था। फिलहाल सुप्रीम कोर्ट ने रोक



लगा दी है। यह संविधान के सर्वोच्चता को स्थापित करने वाला फैसला है। इसके बाद योगी आदित्यनाथ को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए या भाजपा को उन्हें हटा देना चाहिए।

शहर अध्यक्ष अरशद अली ने कहा कि अल्पसंख्यक कांग्रेस पूरे प्रदेश में खासकर कांवड़ यात्रा के रूट पर संविधान की प्रस्तावना के फोटो फल के ठेलों पर लगाएगी और यह संदेश देगी की भाजपा सरकार द्वारा समाज को विभाजित करने का कोई भी षड्यंत्र कांग्रेस कामयाब नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा दलितों, पिछड़ों और मुसलमानों की राजनीतिक एकता से डरी हुई है और इसे तोड़ने के लिए ही तरह तरह के संविधान विरोधी काम कर रही है।

इस मौके पर पिछड़ा वर्ग शहर अध्यक्ष मो हसीन, तालिब अहमद, नफीस कुरैशी, गोपाल शास्त्री, हाजी सरताज,जाहिद नेता, मो खालिद रजा, महफूज अहमद, गुलाम वारिस, मुख्तार अहमद, बिलाल खान आदि मौजूद रहे।

# विद्या वाचस्पति सम्मान से अलंकृत हुई विभूतियां

## पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ द्वारा विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान समारोह आयोजित




**प्रयागराज।** कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में हिन्दी भाषा के प्रचार प्रसार हेतु समर्पित पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ द्वारा राष्ट्रीय हिन्दी संगोष्ठी एवं विद्या वाचस्पति सारस्वत सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

कॉन्स्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित भव्य सम्मान समारोह देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए विद्वत जनों को ÷विद्या वाचस्पति÷ एवं विद्या वारिधि उपाधि से सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति पद्मश्री डॉ अरविन्द कुमार के मुख्य आतिथ्य विद्यापीठ के कुलपति डॉ इन्दु भूषण मिश्र ÷ देवेंदु ÷ की अध्यक्षता, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली की रिसर्च साइंटिस्ट डॉ. स्वर्णलता पांचाल के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया तथा मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय कथावाचिका सुश्री दीपा मिश्रा उपस्थित रहीं। दुर्ग से आए हुए राष्ट्रीय पर्यावरणविद डॉ विश्वनाथ पाणिग्रहि ने विशिष्ट सानिध्य प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोचारण के साथ दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

पं. दीनदयाल उपाध्याय हिन्दी विद्यापीठ का यह विशिष्ट सम्मान प्रतिष्ठित शिक्षाविदों , लेखकों , शिक्षकों, साहित्यकारों , पर्यावरणविदों एवं अन्य विद्वत जनों को हिन्दी लेखन , शिक्षा के उन्नयन , पर्यावरण जागरूकता , चिकित्सा सेवा , जल संरक्षण एवं समाजसेवा के क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किया गया। आयोजकों द्वारा अतिथियों को विद्यापीठ स्मृति चिन्ह भेंटकर तथा शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। समारोह में मुख्य रूप से महाराष्ट्र के डॉ शिवाजी रामभाऊ शिन्दे, ओडिसा के डॉ हरि भाई आर्यन, छत्तीसगढ़ के डॉ कुलवंत सिंह सलूजा, मध्य प्रदेश के डॉ राजू गजभिए, उत्तर प्रदेश के डॉ जगदीश पिल्लई, कर्नाटक के डॉ प्रसाद एस. एम आदि उपस्थित रहे।

समारोह का संचालन आचार्य पं. जानकी बल्लभ शास्त्री ने किया तथा आभार संदीप शर्मा ने व्यक्त किया।

## एक घंटे की बरसात में जलमग्न हुआ सब्जी मंडी चौराहा

**घूरपुर (प्रयागराज)** क्षेत्र के इरादतगंज चौराहे पर जल निकासी के अभाव में घुटने तक पानी में आने जाने को लोग मजबूर हैं। इसी चौराहे पर सब्जी मंडी लगती है जहां पानी भरा रहने के कारण सब्जी दुकानदार तो अपनी दुकान को मिट्टी डालकर ऊंच कर लिए हैं लेकिन आम नागरिकों को पानी में कूद कर ही सब्जी लेना पड़ता है। बुधवार को शाम 4ः00 बजे लगभग 1 घंटे की बरसात में पूरा सब्जी मंडी चौराहा जलमग्न हो गया। इरादतगंज सब्जी मंडी में चौकठा, बगबना, बिगहिया, नरैयहवा, बलीपुर, सुल्तनवा, दुबना, बोंगी, बादलगंज इरादतगंज आदि गांव के लोग भारी संख्या में बृहस्पतिवार एवं रविवार को सब्जी मंडी लगने पर सब्जी लेने आते हैं। सबसे बड़ी फजीहत महिलाओं की है घुटने भर पानी में घुस के सब्जी मंडी में आना जाना पड़ता है।

साइकिल और बाइक चार पहिया वाले किसी तरह निकल जाते हैं लेकिन पैदल यात्रियों को भारी फजीहत झेलनी पड़ती है।

# अपराधियों के हौसला और घोंसला तोड़ने के साथ सखूत कानूनी कार्यवाही करें पुलिस प्रशासन -विनोद प्रजापति

## हिन्दू बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में सख्त कार्यवाही की मांग





**लोकमित्र ब्यूरो**

**कोरांव(प्रयागराज)।** यमुनापार के कोरांव क्षेत्र में लगातार बढ़ रहें लव-जेहाद के मामलों के बीच नगर पंचायत कोरांव में हिन्दू बच्ची के साथ चार दिन पूर्व हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस प्रशासन के लापरवाही पूर्ण रवैया एवम उचित कार्यवाही न होने के कारण हिन्दू समाज में व्याप्त भारी आक्रोश को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी यमुनापार जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति के नेतृत्व में दर्जनों भाजपाईयों एवं जनप्रतिनिधियों के एक प्रतिनिधि मंडल ने कोरांव उपजिलाधिकारी आकांक्षा सिंह से मिलकर सख्त कार्रवाई की मांग की।भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह ने इंस्पेक्टर कोरांव नितेंद्र शुक्ला को तलब कर दो नामजद को जेल भेजने के बाद अन्य अज्ञात आरोपितों की पहचान कर सखूत कार्यवाही हेतू निर्देशित किया। जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने अज्ञात आरोपितों पर कार्यवाही, घटना में प्रयुक्त वाहन के साथ घटना का खुलासा करने, कांशीराम आवास योजना अपराधियों का जो अड्डा बना है अवैध लोगों की पहचान कर बाहर करने। लगातार चल रहें लव-जेहाद रैकेट के माध्यम से हिन्दू बच्चियों को शिकार बनाए जा रहे रैकेट का खुलासा कर सार्वजनिक करने की मांग की गई। दुष्कर्म के दोनों नामजद अभियुक्तों के अवैध मकान के ध्वस्तीकरण की मांग के साथ गोपाल विधालय का सीसीटीवी सही कराने, मनचलों के जमावड़ों को खतम करने के साथ नगर पंचायत हल्के में तैनात दरोग़ा अबू तालिब जैदी द्धारा लव-जेहाद रैकेट के संरक्षण का आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग की गई।

जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने कहा पुलिस प्रशासन को तत्काल अपराधियों के हौंसले और घोंसले तोड़ने का कार्य करना चाहिए ऐसे प्रकरणों में पुलिस प्रशासन की लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार के कड़े निर्देशों के बावजूद कार्यवाही ना होना बड़ा प्रश्नचिन्ह खड़ा कर रहा है। प्रतिनिधि मंडल मे प्रमुख रूप से काशी क्षेत्र किसान मोर्चा उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष भाजपा राजेश्वरी तिवारी,जय सिंह पटेल,जिला महामंत्री राजेश शुक्ल, जिला मंत्री प्रकाश शुक्ला प्रचंड, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी, चेयर मैन कोरांव ओम प्रकाश केशरी,ब्लाक प्रमुख मुकेश कोल,पूर्व चेयरमैन नरसिंह केसरी, मंडल अध्यक्ष कोरांव संजय पटेल,रवि दुबे,बिजेंद्र तिवारी सभासद,तुलसी दास राणा ,राकेश पाण्डेय,सुमित पांडेय, मनोज गुप्ता,सतीश विश्वकर्मा आदि के साथ भारी संख्या में भाजपा जिला, विधानसभा, मंडल के कार्यकर्ता पदाधिकारी रहें।

# प्रयागराज में बारिश से मौसम हुआ ठंडा

## कई दिनों से उमस से परेशान थे लोग, मिली राहत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** जिले में बुधवार की शाम से ही मौसम ठंडा हो गया। हल्की बूंदाबादी के बाद से मौसम में नमी हुई है। यही स्थिति गुरुवार को भी है। सुबह से ही ठंडी हवा चलने के साथ साथ हल्की बारिश हो रही है। सुबह 6 बजे से ही आसमान में बादल आ गए और ऐसा लगा कि जैसा सुबह नहीं बल्कि शाम हो रहा है।गुरुवार को सुबह 9 बजे तक यहां का तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा यानी तापमान में कमी होने से गर्मी से राहत मिली है। आज अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचेगा। दरअसल, प्रयागराज में बादल तो आ रहे हैं लेकिन तेज बारिश नहीं हुई है।

मूसलाधार बारिश न होने से खासकर किसान ज्यादा परेशान है क्योंकि किसानों को धान की रोपाई करनी है और खेतों में पर्याप्त पानी नहीं है। किसान धान के बीज से नर्सरी तो तैयार कर लिया लेकिन अब धान की रोपाई नहीं कर पा रहा है। सिकंदरा के रहने वाले मृत्युंजय मिश्रा कहते हैं कि तेज बारिश न होने से किसानों की चिंता बढ़ती ही जा रही है। जब तक तेज बारिश नहीं होगी तब तक पर्याप्त पानी खेतों में नहीं हो पाएगा, जबकि धान की रोपाई के लिए लबालब पानी की जरूरत है।

# अभाविप ने एनटीए में सुधार के लिए गठित समिति को दिए सुझाव

## नीट-यूजी परीक्षा का आयोजन दो चरणों में हो, अभाविप ने की मॉग

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में सुधार हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष डॉ के राधाकृष्णन को आज एक विस्तृत सुझाव पत्र देकर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्यप्रणाली तथा जेईई,नीट, यूजीसी-नेट जैसी विभिन्न परीक्षाओं में सुधार का विषय प्रमुखता से रखा है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने सुझाव पत्र में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में प्रशासनिक सुधार, परीक्षा की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कदम उठाने, परीक्षा के आयोजन हेतु उच्च स्तरीय आधारभूत संरचना के विकास जैसे विषयों से जुड़े सुझाव दिए हैं, जिनमें प्रमुख रूप से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में पर्याप्त संख्या में स्थायी कर्मचारियों की नियुक्ति, शासकीय संस्थानों को ही परीक्षा केंद्र बनाने, नीट-यूजी की परीक्षा जेईई की तर्ज पर दो चरणों में आयोजित करने, परीक्षाओं के आयोजन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कदम उठाने , ओएमआर शीट को एनटीए वेबसाइट पर अपलोड करने आदि हैं।

अभाविप ने अपने सुझाव-पत्र में कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) के आयोजन में इंटरनेट सुरक्षा, एआई आधारित प्रॉक्टरिंग एल्गोरिथम अपनाने, गुणवत्तापूर्ण व सही अनुवाद, पेपर लीक से जुड़े कानून के प्रभावी क्रियान्वयन, उत्तर कुंजी की घोषणा के दौरान नगण्य त्रुटियां सुनिश्चित करने, तय समय में शिकायत निवारण, परीक्षाओं के प्रश्नपत्र बैंक को बनाने के लिए विषय विशेषज्ञ टीम के गठन आदि विषयों को भी प्रमुखता से रखा है।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि विद्यार्थी परिषद द्वारा बीते दो सप्ताह में मानविकी, मेडिकल, इंजीनियरिंग, विज्ञान आदि विषयों के छात्रों से विस्तृत संवाद कर तय किए गए कुल 42 सुझावों को एनटीए में सुधार के लिए बनी उच्च स्तरीय समिति को दिए हैं।

# जमीन विवाद में दो पक्षों में चले ईट और पत्थर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**झूंसी ।** झूंसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 85 में बृहस्पतिवार को दो पक्षों में जमीन को लेकर बवाल मच गया बात इतना आगे बढ़ा की ईट और पत्थर चलने लगे। बताया गया की नई झूंसी के वार्ड नंबर 85 धर्मशाला के पास सरकारी बंजर जमीन में नगर निगम के द्वारा कूड़ा स्टोर बनाया गया जिसमे पूरे क्षेत्र के कूड़ा ले जा कर कूड़ा स्टोर में एकत्र करता है और बाकी की जमीन पर खाली पड़ी है उसी खाली पड़ी जमीन को कब्जाने को ले कर आपस में दो पक्ष भिड़ गए। बात इतनी आगे बढी की दोनो पक्षों में ईट और पत्थर चलाने लगे। स्थानीय लोगो के मुताबिक यह जमीन नगर निगम के अभिलेख में बंजर भूमि है । उक्त भूखंड को स्थानीय लोग सरकारी भूमि बता रहे जबकि दूसरा पक्ष अपनी जमीन होने का दावा कर कब्जा करने का प्रयास कर रहा है। सरकारी भूमि बनाम निजी भूमि को लेकर मामला कोर्ट में विचाराधीन भी है।

# सूबेदारगंज रेलवे स्टेशन पर संरक्षा मीटिंग का आयोजन

## रेल कर्मियों एवं अधिकारियों को दी गई फायर सेफ्टी की ट्रेनिंग



**प्रयागराज।** कुम्भ मेला 2025 को ध्यान में रखते हुये प्रयागराज मण्डल के प्रयागराज जक्शन, प्रयागराज छिवकी एवं सूबेदारगंज सहित विभिन्न स्टेशनों पर 08 जुलाई से दिनांक 25 जुलाई तक फायर एवं सेफ़्टी प्रशिक्षण 2025 से सम्बंधित प्रशिक्षण दिया गया। इस फायर एवं सेफ़्टी प्रशिक्षण जिसमे सभी विभागों के लगभग 1000 कर्मचारी शामिल हुये। इसी क्रम में आज सूबेदारगंज स्टेशन के वेटिंग हॉल में फायर एवं सेफ़्टी प्रशिक्षण 2025 से संबंधित संरक्षा एवं फायर फाइटिंग का आयोजन किया गया, जिसमे रेलवे के विभिन्न विभागों के 51 कर्मचारियों ने भाग लिया। संरक्षा-प्रशिक्षण के बाद सभी कर्मचारियों को फायर फाइटिंग भी कराया गया। संरक्षा प्रशिक्षण से सम्बंधित निम्न विषयो पर चर्चा किया गया।

संरक्षा एक तकनीकी, तरीका, आइडिया, नियम या जुगाड़ है, जिसका उपयोग करके हम स्वयं की रक्षा करते हैं, दूसरो की रक्षा करते हैं, रेलवे के सम्पति की रक्षा करते हैं और रेल परिसर के वातावरण की रक्षा करते है।फायर और सेफ्टी ट्रेनिंग फ़ॉर मेला 2025 के दौरान संरक्षा सलाहकार चन्द्रिका प्रसाद ने उपरोक्त बिषयो पर संरक्षा-प्रशिक्षण/काउंसलिंग,तथा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विस्तार से समझाया एवं विभिन्न प्रकार के अग्निशामक यन्त्रो की फायर फाइटिंग भी कराया गया।

फायर और सेफ्टी ट्रेनिंग के दौरान सूबेदारगंज प्रशिक्षण केंद्र के मुख्य अनुदेशक, नन्द लाल वरिष्ठ अनुदेशक, राम बिहारी वर्मा स्टेशन अधीक्षक, कौशलेंद्र प्रसाद मुख्य टिकट निरीक्षक, अनुराग कपूर निरीक्षक रेलवे सुरक्षा बल, अनिरुद्ध जाजीड, खंड अभियंता लोको, एस.के.सिंह, रज़ा हैदर एवं शुभम जैसवाल भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### सीमावर्ती गांव सुविधा सुरक्षा से लैस होंगे

**नई दिल्ली।**चीन की सीमा से सटे गांव सुरक्षा से लैस होंगे। केंद्र सरकार ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम (वीवीपी) के लिए 1,050 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।केंद्र सरकार का चीन सीमा पर सुदूर क्षेत्रों में स्थित गांवों के समग्र विकास पर फोकस बना हुआ है। आम बजट में वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम (वीवीपी) के लिए 1,050 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इससे अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और लद्दाख के 19 जिलों के चुनिंदा गांवों को लाभ मिलेगा।सरकार ने 15 फरवरी, 2023 को उत्तरी सीमा से सटे 46 ब्लॉकों के इन गांवों के विकास के लिए 2022-23 से 2025-26 के लिए 4,800 करोड़ रुपये के खर्च के साथ वीवीपी को केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में मंजूरी दी थी। बजट में 2024-25 के लिए वीवीपी के लिए 1,050 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। वीवीपी का उद्देश्य इन गांवों का समग्र विकास करना है, ताकि लोगों के जीवनस्तर में सुधार हो सके और पलायन की प्रवृत्ति पर रोक लग सके।

### कभी हार न मानने वाली शख्सियत, दिव्यांगों से विशेष स्नेह

**नई दिल्ली।**ओडिशा के मयूरभंज के छोटे से गांव से राष्ट्रपति पद तक का सफर तय करने वाली द्रौपदी मुर्मू अपने व्यवहार और महिलाओं की दुश्वारियों को दूर कराने से लेकर अपने स्वाभिमान को सार्वजनिक रूप से व्यक्त करने से नहीं रुकती हैं।द्रौपदी मुर्मू देश की दूसरी महिला और पहली आदिवासी राष्ट्रपति हैं। वह अपनी बेबाक राय और महिला सशक्तीकरण की खुली हिमायत के लिए पहचानी जाती हैं। मुर्मू बृहस्पतिवार को अपने कार्यकाल के दो सफल वर्ष पूर्ण कर रही हैं। ओडिशा के मयूरभंज के छोटे से गांव से राष्ट्रपति पद तक का सफर तय करने वाली द्रौपदी मुर्मू अपने व्यवहार और महिलाओं की दुश्वारियों को दूर कराने से लेकर अपने स्वाभिमान को सार्वजनिक रूप से व्यक्त करने से नहीं रुकती हैं। यही वजह है कि देश के सबसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थान में महिला शौचालय की बदहाली पर वह सार्वजनिक रूप से प्रबंधन को न केवल परामर्श देती हैं, बल्कि यह भी कहती हैं कि देश के संस्थानों के लिए मॉडल होने वाले ऐसे शैक्षणिक स्थलों पर यदि महिलाओं के लिए उनकी जरूरतों की पूर्ति के लिए कॉमन रूम व शौचालय का ऐसा अव्यवस्थित ढांचा होगा, तो वह कैसे रोल मॉडल बनने का दावा करेंगे।द्रौपदी मुर्मु दूसरी राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने अपना जीवन शिक्षक के रूप में शुरू किया। प्राथमिक विद्यालयों में अलग-अलग विषयों को पढ़ाने वालीं मुर्मू ने निजी जीवन में तमाम चुनौतियों को पार किया है। संथाल परिवार में जन्मी मुर्मू छोटे से स्कूल में पढ़ी हैं। उन्होंने पति व दोनों बेटों को एक ही कालखंड में खोया है। ऐसे में मानसिक अवसाद और जीवन की दुश्वारियां को पार कर चट्टान की तरह सबला के रूप में खुद को स्थापित किया।मुर्मू के दो साल के कार्यकाल में तीन राष्ट्रपति आवासों में नागरिकों की भागीदारी एक वर्ष के दौरान 18 लाख से अधिक रही है। उनके नई दिल्ली स्थित आवास से लेकर, सिकंदराबाद व मशोबरा में राष्ट्रपति आवासों के द्वार हर आम व खास आदमी के लिए खोल दिए गए हैं।

### खनिजों पर रॉयल्टी कर है, सुप्रीम कोर्ट सुनाएगा फैसला

**नई दिल्ली।**नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ बेहद जटिल प्रश्न पर विचार कर रही थी। इसके मुताबिक क्या केंद्र खनन पट्टों पर रॉयल्टी वसूल सकता है, जिसे टैक्स माना जाएगा। 1989 में सात-न्यायाधीशों की पीठ ने यही फैसला पारित किया था।सुप्रीम कोर्ट अत्यंत विवादास्पद मुद्दे, क्या खनिजों पर देय रॉयल्टी खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 1957 के तहत कर है या नहीं पर बृहस्पतिवार यानी आज फैसला सुनाएगा। साथ ही यह भी निर्णय करेगा कि क्या केवल केंद्र को ही ऐसी वसूली करने का अधिकार है या राज्यों को भी अपने क्षेत्र में खनिज युक्त भूमि पर कर लगाने का अधिकार है। सीजेआई जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने विभिन्न राज्यों, खनन कंपनियों और पीएसयू की 86 याचिकाओं पर आठ दिनों तक सुनवाई के बाद 14 मार्च को फैसला सुरक्षित रखा था।इस मुकदमे में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की पीठ सुनवाई कर रही थी। शीर्ष कोर्ट की मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ-न्यायाधीशों की पीठ में जस्टिस हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, जस्टिस बीवी नागरत्ना, जस्टिस जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, जस्टिस उज्ज्वल भुइयां, जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल हैं।सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने कहा था कि संविधान में खनिज अधिकारों पर कर लगाने का अधिकार केवल संसद को ही नहीं, बल्कि राज्यों को भी दिया गया है।साथ ही, इस बात पर जोर दिया कि इस अधिकार को कमजोर नहीं किया जाना चाहिए। वहीं, केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने दलील दी थी कि खदानों और खनिजों पर कर लगाने के संबंध में केंद्र के पास सर्वोच्च शक्तियां हैं।

### चुनौतियों के अनुरूप नहीं मिला बजटीय आवंटन

**नई दिल्ली।**रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार बजट में रक्षा के लिए उम्मीद से कम आवंटन किया गया है। वैश्विक चुनौतियों के बीच पाकिस्तान-चीन को देखते हुए यह काफी कम धनराशि है।आम बजट में इस बार रक्षा क्षेत्र के बजटीय आवंटन में 4.79 फीसदी (करीब 28000 करोड़ रुपये) की बढ़ोत्तरी की गई है। हालांकि, इस क्षेत्र के विशेषज्ञ इस बढ़ोतरी को देश की बाह्य सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए बेहद कम मान रहे हैं। उनका कहना है चीन की ओर से लगातार बढ़ती चुनौती और पाकिस्तान में खतरनाक ढंग से बदल रहे हालात के बीच मोदी सरकार रक्षा क्षेत्र की जरूरतों और भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप फैसला नहीं ले पाई।आजादी के बाद करगिल युद्ध को छोड़ सभी युद्ध में मोर्चा संभालने वाले मेजर जनरल अशोक मेहता का मानना है कि अपने दस साल के कार्यकाल में मोदी सरकार ने सुरक्षा के लिए जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम किया। हालांकि बजटीय आवंटन बताता है कि सरकार भावी खतरों और चुनौतियों को अलग नजरिये से देखती है। मतलब सरकार को लगता है कि भले ही चीन एलएसी पर आक्रामक है, मगर युद्ध की स्थिति नहीं आएगी।मेजर जनरल जीडी बक्शी मानते हैं कि वैश्विक हालात व पाकिस्तान-चीन की चुनौतियों को देखते हुए रक्षा क्षेत्र में बजटीय आवंटन बेहद कम है। वह कहते हैं...रक्षा क्षेत्र के बजटीय आवंटन का 52 फीसदी हिस्सा पूर्व सैनिकों के पेंशन और वर्तमान सेना के वेतन पर खर्च हो जाता है। शेष 48 फीसदी रकम इतनी छोटी है कि इसमें आधुनिकीकरण की न्यूनतम जरूरतें भी पूरी नहीं हो सकती।

### धरने पर भड़के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार

**कर्नाटक।**कर्नाटक में एमयूडीए घोटाले पर चर्चा करने की मांग को सत्तारूढ़ पार्टी ने अस्वीकार कर दिया, जिससे नाराज विपक्षी भाजपा धरना प्रदर्शन का ऐलान कर दिया। इससे भड़के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि भाजपा शासन में बहुत सारे घोटाले हुए हैं और उनकी जांच चल रही है। कानून मंत्री ने कहा कि यह सब राजनीतिक ड्रामा है।कर्नाटक में मैसुरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) द्वारा भूखंड आवंटित करने में कथित फर्जीवाड़े के संबंध में चर्चा की अनुमति नहीं दी गई। इस बात से नाराज भाजपा विधानसभा और विधानपरिषद में धरना का ऐलान कर चुकी है। बता दें कि इस मामले में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी का नाम शामिल है। भाजपा के धरना प्रदर्शन के कदम की कर्नाटक सरकार के मंत्रियों ने जमकर आलोचना की।कर्नाटक के कानून एवं संसदीय कार्य मंत्री एचके पाटिल ने कहा कि भाजपा ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) में वैकल्पिक साइट (भूखंड) घोटाले में स्थगन प्रस्ताव क्यों नहीं लिया जा सकता है? यह समझाने के बावजूद चल रहे विधानसभा सत्र का अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश द्वारा मूडा में अनियमितताओं की जांच का आदेश दिया है। उन्होंने पूछा कि मुख्यमंत्री ने अपने खिलाफ आरोपों की जांच के लिए एक आयोग का गठन किया है। क्या ऐसा कोई उदाहरण है जब किसी मुख्यमंत्री ने अपने खिलाफ आरोप होने पर जांच आयोग का गठन किया हो?वहीं उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा, भाजपा शासन में बहुत सारे घोटाले हुए हैं और जिनकी जांच चल रही है। हम विधानसभा में जवाब देना चाहते थे और वे हमें रोकना चाहते थे। लेकिन सीएम ने अपने लिखित भाषण में इस बात का विस्तृत जवाब दिया था कि कितने घोटाले हुए हैं और वे कैसे हुए हैं। एसआईटी पहले से ही जांच कर रही थी, अब ईडी और सीबीआई भी आ गई है इसलिए हम जांच में हस्तक्षेप नहीं करना चाहते।

# फडणवीस को लेकर अनिल देशमुख के आरोपों पर विपक्ष हमलावर

▸▸ भाजपा बोली- मौके पर शिकायत क्यों नहीं की

**एजेंसी**

**मुंबई।**पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस के एक बिचौलिये ने उन्हें मुकदमेबाजी में फंसने से बचने के लिए (तत्कालीन) महा विकास आघाडी सरकार के बड़े नेताओं के खिलाफ हलफनामा देने को कहा था।

महाराष्ट्र में एक बार फिर सियासी गलियारों में हलचल मच गई है। यहां के पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस के एक 'बिचौलिये' ने उन्हें मुकदमेबाजी में फंसने से बचने के लिए (तत्कालीन) महा विकास आघाडी सरकार के बड़े नेताओं के खिलाफ हलफनामा देने को कहा था।



#### ऑडियो टेप सार्वजनिक कर दूंगा

महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने शरद पवार की एनसीपी के एक दिग्गज नेता को चेतावनी दे डाली। उन्होंने कहा कि अगर देशमुख उनके खिलाफ झूठे आरोप लगाते हैं तो वह भी चुप नहीं बैठेंगे। बता दें कि फडणवीस महाराष्ट्र के गृह मंत्री भी हैं।फडणवीस ने कहा, फूट से पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कुछ नेताओं ने मुझे उनके बारे में कुछ ऑडियो टेप दिए हैं, जिसमें वह शरद पवार, उद्धव ठाकरे और सचिन वाजे के बारे में बात कर रहे हैं।

#### भाजपा का पलटवार


देशमुख के बयान पर महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष चन्द्रशेखर बावनकुले ने कहा, जिस दिन देवेंद्र फणडवीस ने उन (अनिल देशमुख) पर दबाव बनाया उसी दिन उन्होंने एफआईआर दर्ज क्यों नहीं करवाई? वे तत्कालीन गृह मंत्री थे। क्या गृह मंत्री पर इस तरह का दबाव बनाया जा सकता है? ये महाराष्ट्र की संस्कृति नहीं है। झूठी बातें हैं। जनता को गुमराह करने के लिए एक और कहानी तैयार की जा रही है। अनिल देशमुख जैसे वरिष्ठ नेता को इस तरह की राजनीति में नहीं जाना चाहिए।

#### मामला है

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के नेता देशमुख ने अप्रैल, 2021 में गृहमंत्री के पद इस्तीफा दे दिया था क्योंकि मुंबई के तत्कालीन पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह ने उनपर आरोप लगाया था कि वह पुलिस को शहर के होटल एवं बार मालिकों से वसूली करने को कहते हैं।एनसीपीएसपी के नेता ने समाचार चैनलों से बातचीत में कहा कि (तब विपक्ष में रहे) फडणवीस द्वारा कथित रूप से भेजे गए एक व्यक्ति ने उनसे मुलाकात की थी और उसके पास तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे, उनके बेटे और कैबिनेट मंत्री आदित्य ठाकरे, तत्कालीन वित्त मंत्री अजित पवार और तत्कालीन परिवहन मंत्री अनिल परब को फंसाने वाले कई हलफनामे थे।

## भारत से रिश्ते ऐतिहासिक, कुत्तों के भौंकने से हाथी नहीं डरते

▸▸ पश्चिमी देशों की आलोचना पर रूस ने दिखाया



**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**बाबुश्किन ने एक साक्षात्कार में कहा, रूस में कहते हैं कि पश्चिमी देश आपकी आलोचना करते हैं, तो इसका मतलब है कि आप सब-कुछ सही कर रहे हैं। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा पर पश्चिमी देशों की आलोचना से जुड़े सवाल पर यह बात कही।भारत और रूस के संबंधों को लेकर पश्चिमी देशों की आलोचना पर रूस के उपराजदूत रोमन बाबुश्किन ने कहा कि कुत्तों के भौंकने से हाथी नहीं डरते हैं। उन्होंने कहा, दोनों देशों के रिश्ते बहुत पुराने हैं।बाबुश्किन ने एक साक्षात्कार में कहा, रूस में कहते हैं कि पश्चिमी देश आपकी आलोचना करते हैं, तो इसका मतलब है कि आप सब-कुछ सही कर रहे हैं। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा पर पश्चिमी देशों की आलोचना से जुड़े सवाल पर यह बात कही।बाबुश्किन ने कहा, पश्चिमी देश अपने एकाधिकार को सुरक्षित रखने में भूल जाते हैं कि औपनिवेशिक समय बीती सदी में खत्म हो गया। भारत पर दबाव बनाना सही नहीं है। रूस व भारत ऐतिहासिक संबंधों के साथ स्थिर राष्ट्र हैं। रिश्तों को बनाए रखना दोनों देशों की प्राथमिकता है। भारत की आबादी का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, क्या पश्चिमी देश डेढ़ अरब लोगों को धोखा देना चाहते हैं। यह कभी नहीं होगा।गौरतलब है कि उनका यह बयान तब आया है जब हाल ही में अमेरिकी एनएसए ने भारत और रूस के रिश्तों पर बयान दिया था। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलिवन ने कहा कि इस बात का कोई ठोस सबूत नहीं है कि भारत रूस के साथ अपने सैन्य और प्रौद्योगिकी संबंधों को गहरा कर रहा है। मैंने उस उस यात्रा में ऐसा कोई ठोस सबूत नहीं देखा कि उनके संबंध गहरे हो रहे हैं।

## यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा की तिथियां घोषित

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोकसभा चुनाव के बाद बदले हुए तेवर में नजर आ रहे है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में नौकरियों के लिए बैठकें की है। इसके परिणाम स्वरूप ही यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षा की तिथियां घोषित हो गई हैं।उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार यूपी पुलिस कांस्टेबल भर्ती परीक्षाएं 23, 24, 25, 30 और 31 अगस्त को होंगी। यूपी पुलिस में कांस्टेबल पद पर 60 हजार 244 अभ्यर्थियों की भर्ती की जाएगी। इस सीधी भर्ती की लिखित परीक्षा के लिए उप्र पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड अपनी तैयारियों में जुट गया है।

अभी तक की तैयारियों के अनुसार कांस्टेबल भर्ती परीक्षा दो सत्र में होगी। 23 अगस्त से 25 अगस्त तक लगातार परीक्षाओं के बाद चार दिनों तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के कारण समय अंतराल दिया जा रहा है।

## 80 करोड़ की बैंक जमा और डीमैट होल्डिंग्स फ्रीज

▸▸ फॉरेक्स ट्रेडिंग एप मामले में प्रवर्तन निदेशालय का एक्शन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**ईडी ने बताया कि ऑक्टाएफएक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ऑक्टाएफएक्स और उनकी संस्थाओं ने विदेशी मुद्रा व्यापार की आड़ में निवेशकों को धोखा दिया है, जिससे भारतीय क्षेत्र से 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ कमाया है।प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक अवैध ऑनलाइन फॉरेक्स ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म के संचालन से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 80 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की बैंक जमा और डीमैट होल्डिंग्स को फ्रीज कर दिया है। इस प्लेटफॉर्म पर निवेशकों से 500 करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है।एजेंसी के अनुसार, ऑक्टाएफएक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ऑक्टाएफएक्स और उनकी संस्थाओं ने विदेशी मुद्रा व्यापार की आड़ में निवेशकों को धोखा दिया है, जिससे भारतीय क्षेत्र से 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का लाभ कमाया है। इन निधियों का एक हिस्सा शेल संस्थाओं की मदद से जटिल लेनदेन के जाल के माध्यम से स्थांतरित किया गया था और फर्जी माल ढुलाई सेवाओं, सेवाओं के आयात आदि की आड़ में अपनी संबंधित संस्थाओं को विदेश में भेजा गया था।

ईडी ने कहा कि उसने ऑक्टाएफएक्स ट्रेडिंग एप और वेबसाइट डब्लूडब्लूडब्लू.ऑक्टाएफएक्स.कॉम के मामले में 22 जुलाई को मुंबई, कोलकाता, दिल्ली और गुरुग्राम में छापे मारे गए थे। ऑक्टाएफएक्स पर विदेशी मुद्रा व्यापार की आड़ में निवेशकों से धोखे से प्राप्त धन को सेबी में पंजीकृत वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) में निवेश के रूप में डाला गया है।

## अजित पवार ने की अमित शाह से मुलाकात

▸▸ अगली बैठक में सीट बंटवारें को लेकर चर्चा की संभावना



**एजेंसी**

**मुंबई।**हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में राकांपा ने चार सीटों से चुनाव लड़ा था, लेकिन केवल एक में ही जीत हासिल कर पाई। अजित पवार ने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को बारामती क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतारा था, लेकिन उन्हें राकांपा-एसपी के प्रमुख शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री औक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख अजित पवार ने आज दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के साथ बैठक की। पवार से जुड़े सूत्रों ने पुष्टि की कि यह बैठक बुधवार की देर रात को की गई थी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम 28 जुलाई को फिर एक बार दिल्ली का दौरा करेंगे। सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन इस साल अक्तूबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सीट बंटवारे पर चर्चा करने के लिए तैयार है।

बता दें कि इस महायुति गठबंधन में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना, अजित पवार की राकांपा और भाजपा शामिल है।हाल ही में भाजपा के कुछ नेताओं और आरएसएस ने लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठबंधन के खराब प्रदर्शन के लिए अजित पवार और उनकी पार्टी को जिम्मेदार ठहराया था।

#### लोकसभा चुनाव में राकांपा की झोली में केवल एक सीट

हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में राकांपा ने चार सीटों से चुनाव लड़ा था, लेकिन केवल एक में ही जीत हासिल कर पाई। अजित पवार ने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को बारामती क्षेत्र से चुनावी मैदान में उतारा था। हालांकि, उन्हें राकांपा-एसपी के प्रमुख शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। बाद में सुनेत्रा पवार को निर्विरोध राज्यसभा सदस्य चुना गया। अजित पवार पिछले साल जुलाई में महाराष्ट्र सरकार में शामिल हुए थे, जिसके बाद उन्हें राज्य का डिप्टी सीएम बना दिया गया।

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा-रेलवे की जरूरतें स्वीकार, प्रभावितों से हो मानवीय व्यवहार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।**उत्तराखंड में हल्द्वानी रेलवे स्टेशन के विकास के लिए प्रशासन को लोगों को हटाने से पहले उनके पुनर्वास की व्यवस्था करनी चाहिए। वे लोग भी इंसान हैं। यह टिप्पणी सुप्रीम कोर्ट ने हल्द्वानी में लोगों को हटाए जाने पर की है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उत्तराखंड में हल्द्वानी रेलवे स्टेशन के विकास के लिए भूमि सुरक्षित करने के लिए अधिकारियों को बेदखल करने से पहले प्रभावितों के पुनर्वास को सुनिश्चित करना चाहिए। कोर्ट ने कहा, वे (अतिक्रमणकारी) भी इन्सान हैं और रेलवे व लोगों की जरूरतों के बीच संतुलन बनाने की जरूरत है।जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने रेलवे की आवश्यकता को स्वीकार किया, लेकिन प्रभावित लोगों के साथ मानवीय व्यवहार और पुनर्वास की आवश्यकता पर जोर दिया। पीठ रेलवे के उस आवेदन पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें हल्द्वानी में रेलवे की संपत्तियों पर अतिक्रमण करने वाले लगभग 50,000 लोगों को बेदखल करने पर रोक के आदेश में संशोधन की मांग की गई थी। रेलवे ने कहा, पिछले साल मानसून के दौरान घुआला नदी के तेज बहाव के कारण पटरियों की सुरक्षा करने वाली एक दीवार ढह गई थी। परिचालन को सुविधाजनक बनाने के लिए भूमि की एक पट्टी तत्काल उपलब्ध कराई जाए।पीठ ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) ऐश्वर्या भाटी से पूछा, क्या आपने अतिक्रमणकारियों को कोई नोटिस जारी किया है? आप जनहित याचिका के सहारे क्यों चल रहे हैं? पीठ ने कहा, मान लीजिए कि वे अतिक्रमणकारी हैं, फिर भी वे सभी इन्सान हैं और दशकों से रह रहे हैं। ये सभी पक्के मकान हैं। न्यायालय निर्दयी नहीं हो सकता, लेकिन साथ ही न्यायालय लोगों को अतिक्रमण करने के लिए प्रोत्साहित भी नहीं कर सकते।

# विधानसभा में मुदा घोटाले पर हंगामा

▸▸ बिना चर्चा के छह विधेयक पारित, भाजपा ने राजभवन तक निकाला मार्च

**एजेंसी**

**बंगलूरू।** कर्नाटक विधानसभा में गुरुवार को मुदा घोटाले को लेकर भाजपा और जदएस के सदस्यों ने जमकर हंगामा किया। इसके चलते विधानसभा सत्र को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। वहीं हंगामे के चलते बिना किसी चर्चा के छह विधेयक पारित कर दिए गए। इसके बाद भाजपा समेत अन्य विपक्षी दलों के विधायकों ने राजभवन तक मार्च निकाला और राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुलाकात कर मुदा घोटाले की शिकायत की।

कर्नाटक विधानसभा में गुरुवार को सदन की कार्यवाही शुरू होने के बाद विपक्षी भाजपा और जद एस के विधायकों ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा किए गए जमीनों के फर्जी आवंटन पर चर्चा की मांग की। इसके बाद सदस्य हंगामा करने लगे और वेल में आ गए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष अध्यक्ष यूटी खादर ने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने की घोषणा की। इस मुद्दे पर विधान परिषद में भी हंगामा हुआ। जिस पर उपसभापति एमके प्राणेश ने सदन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया।

वहीं विधानसभा में हंगामे के बीच कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने छह नए विधेयकों की जानकारी दी। इसमें कर्नाटक एससी-एसटी और ओबीसी को नियुक्तियों में आरक्षण संशोधन विधेयक 2024, कर्नाटक भूमि राजस्व (दूसरा संशोधन) विधेयक 2024, कर्नाटक प्राचीन, ऐतिहासिक स्मारक और पुरातत्व स्थल और अवशेष (संशोधन विधेयक) 2024, कर्नाटक सरकार पार्क (संरक्षण) (संशोधन) विधेयक 2024, श्री रेणुका येलम्मा मंदिर विकास प्राधिकरण विधेयक 2024, और कर्नाटक चिकित्सा पंजीकरण और कुछ अन्य कानून (संशोधन) विधेयक 2024 को पारित किया गया।

वहीं विधानसभा और विधान परिषद सत्र स्थगित होने के बाद भाजपा विधायकों ने गुरुवार को राजभवन तक मार्च निकाला। विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि सत्ताधारी कांग्रेस ने दोनों सदनों में मुदा घोटाले का मुद्दा उठाने नहीं दिया। भाजपा नेताओं ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत को घोटाले की जानकारी देते हुए ज्ञापन सौंपा। भाजपा नेता अशोक ने आरोप लगाया कि मुदा घोटाले में सीएम सिद्धरमैया खुद भी शामिल हैं। इसलिए मुद्दे को विधानसभा में उठाने नहीं दिया गया। कर्नाटक सरकार भ्रष्टाचार में डूबी है। महर्षि वाल्मीकि निगम घोटाले में कांग्रेस के विधायक और मंत्री इस्तीफा दे चुके हैं और इस वक्त ईडी की हिरासत में हैं। अब एक और और विधायक का जेल जाना तय है।

## ब्रिटेन के विदेशमंत्री लैमी ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के विदेशमंत्री डेविड लैमी ने अपने दो दिवसीय भारत दौरे के प्रथम दिन नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। ब्रिटेन-भारत प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल के विभिन्न आयामों पर चर्चा की। इस मुलाकात पर प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा,ब्रिटेन के विदेशमंत्री डेविड लैमी से मिलकर खुशी हुई। व्यापक रणनीतिक साझेदारी को प्रगाढ़ करने के लिए प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर की प्राथमिकता की सराहना करता हूं।उन्होंने कहा, हम संबंधों को प्रगाढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। द्विपक्षीय प्रौद्योगिकी सुरक्षा पहल और पारस्परिक रूप से लाभकारी एफटीए समझौता करने की इच्छा का स्वागत करते हैं। लैमी ने कहा, भारत 21वीं सदी की उभरती हुई महाशक्ति है। 1.4 अरब लोगों के साथ यह दुनिया का सबसे बड़ा देश है और दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।

## विधानसभा में तकिया-चादर लेकर क्यों सोने पहुंचे भाजपा विधायक

▸▸ किस मांग को लेकर सदन में जमे

**एजेंसी**



**बेंगलुरु।** भाजपा ने एक दिन पहले ही मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) में फर्जी जमीन आवंटन पर चर्चा की मांग की थी। हालांकि, जब इसे लेकर विपक्ष को अनुमति नहीं मिली तो विधायकों ने विधानसभा और विधान परिषद के अंदर ही दिन रात धरने का एलान किया।कर्नाटक विधानसभा में शुक्रवार सुबह अजीब नजारा देखने को मिला। यहां कई विधायक अपनी तकिया और चादर लिए सदन के अंदर ही आराम करते दिखे। इनमें से कई विधायक सोने के बाद उठकर अपना सामान उठाकर बाहर ले जाते भी दिखे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही विधायकों की यह तस्वीरें चर्चा का विषय बनी हुई हैं। गौरतलब है कि भाजपा ने एक दिन पहले ही मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) में फर्जी जमीन आवंटन पर चर्चा की मांग की थी। हालांकि, जब इसे लेकर विपक्ष को अनुमति नहीं मिली तो विधायकों ने विधानसभा और विधान परिषद के अंदर ही दिन रात धरने का एलान किया।एमयूडीए का ही एक प्लॉट मुख्यमंत्री सिद्धारमैया की पत्नी को भी आवंटित किया गया है। पार्टी ने इसे लेकर विधान सौधा में चर्चा की मांग की है। भाजपा ने आरोप लगाते हुए कहा कि दोनों सदनों में विपक्ष को इस मुद्दे पर चर्चा की इजाजत नहीं दी गई जबकि विधानमंडल सत्र शुक्रवार को समाप्त होने वाला है।विधान सौधा में प्रदर्शन को लेकर भाजपा विधायक बासनागौड़ा पाटिल ने कहा,ये एमयूडीए घोटाला चार हजार करोड़ रुपये का है। जमीन के अधिग्रहण और प्लॉट के आवंटन में काफी घोटाला हुआ है। हम चाहते हैं कि सिद्धारमैया, येदियुरप्पा और बसवराज बोम्मई के समय हुए सभी घोटालों की असलियत सामने आए। कर्नाटक में जारी इस तरह की सामंजस्य की राजनीति खत्म होनी चाहिए। हमारे पार्टी हाईकमान को समझना होगा कि सामंजस्य की इस राजनीति ने कर्नाटक में भाजपा का काफी नुकसान किया है। हमारी मांग है कि सिद्धारमैया इस्तीफा दें और इस घोटाले की जांच सीबीआई को सौंपी जाए।वहीं भाजपा विधायक महेश तेंगीनकई ने कहा कि सत्तापक्ष चर्चा के लिए ही तैयार नहीं है।

## संसदीय कार्यमंत्री रिजिजू ने कहा, विपक्ष कर रहा जनादेश का अपमान और प्रधानमंत्री को दे रहा गाली

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा है कि विपक्ष जनादेश का अपमान करने के साथ प्रधानमंत्री को गाली दे रहा है। उन्होंने संसद के बजट सत्र पर विपक्ष के रुख पर आज यह प्रतिक्रिया दी। रिजिजू ने कहा कि कल विपक्ष ने बजट पर कुछ नहीं कहा। केवल राजनीति की। बजट पर चर्चा के बजाय विपक्ष सिर्फ राजनीति कर रहा है। यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। यह देश के लिए निराशाजनक है।

उन्होंने कहा कि बुधवार को दो चीजें विपक्ष की हैं। उन्होंने जनादेश का अपमान किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को गाली देने का काम किया है। यह लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि एनडीए के जितने भी सदस्य सदन में थे, उन्होंने बजट की चर्चा में अपने सुझाव भी दिए।

## फेफड़े, दिल और किडनी की तरह अब हाथ भी कर सकेंगे दान

▸▸ नोटो ने नियमों में किया संशोधन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** फेफड़े, दिल और किडनी की तरह अब हाथ भी दान किए जा सकते हैं। नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (नोटो) ने नियमों में संशोधन के बाद पहली बार हाथ प्रत्यारोपण को राष्ट्रीय रजिस्ट्री में शामिल किया है।देश के सभी अस्पतालों को जारी आदेश में नोटो के निदेशक डॉ. अनिल कुमार ने कहा है कि अभी तक फेफड़े, पेनक्रियाज, किडनी, हार्ट, टिश्यू राष्ट्रीय रजिस्ट्री का हिस्सा हैं। जिन अस्पतालों में मरीजों को इनकी जरूरत पड़ती है उनकी वेटिंग के हिसाब से दान में मिले अंगों को उपलब्ध कराया जाता है, लेकिन हाथों के प्रत्यारोपण को लेकर यह प्रक्रिया शामिल नहीं है, जबकि भारत में 2014 से हाथों का प्रत्यारोपण किया जा रहा है। डॉ. अनिल कुमार के मुताबिक, हाथों का प्रत्यारोपण करने वाले सभी चिकित्सा संस्थानों को रजिस्ट्री में बोन ऑफ टिश्यू सेक्शन में जाकर पंजीयन कराना होगा। यहां मरीज और दाता दोनों की जानकारी उपलब्ध करानी होगी, ताकि समय रहते नोटो दान में मिलने वाले हाथों को जरूरतमंद मरीज के लिए उपलब्ध करवा सके।2014 में कोच्चि स्थित अमृता अस्पताल में पहले हाथ प्रत्यारोपण के बाद से अब तक यहां करीब 100 से अधिक प्रत्यारोपण हुए हैं। पिछले साल उत्तर भारत में पहला हाथ प्रत्यारोपण करने वाले सर गंगाराम अस्पताल के वरिष्ठ डॉक्टर महेश मंगल ने बताया कि अगर किसी एक अस्पताल में अंगदान होता है तो उनसे प्राप्त अंगों की पहली प्राथमिकता वह अस्पताल रहता है। इसके बाद राज्य, फिर जोन और आखिर में राष्ट्रीय स्तर पर इन्हें उपलब्ध कराया जाता है। यह पूरी प्रक्रिया नोटो की निगरानी होती है।

## घुप अंधेरा, तेज बहाव, 40 मिनट का रेस्क्यू ऑपरेशन और 4 को मिली नई जिंदगी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ/ कुशीनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संकट की घड़ी में हर प्रदेशवासियों की मदद को तत्पर रहते हैं। वह हमेशा प्रदेशवासियों से कहते भी हैं कि संकट की घड़ी में प्रदेश सरकार उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ी है। उन्हे किसी भी चीज की चिंता करने की जरूरत नहीं है। सीएम योगी के इस कथन को बुधवार देर रात कुशीनगर जिला प्रशासन ने चरितार्थ करके दिखाया है। कुशीनगर जिला प्रशासन ने खड्डा तहसील की बड़ी गंडक नदी में अचानक बढ़े हुए जलप्रवाह के बीच फंसे चार लोगों को अदम्य साहस का परिचय देते हुए रेस्क्यू किया। टीम ने देर रात घुप अंधेरे और तेज बहाव के बीच महज कुछ मिनटों में रेस्क्यू ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देते हुए सभी को सुरक्षित बचा लिया। इस पर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के रेस्क्यू ऑपरेशन की काफी तारीफ की। बता दें कि वर्ष 2003 में यहां पर तेज बहाव की वजह से 16 लोगों की जान चली गयी थी।

राहत आयुक्त जीएस नवीन के मुताबिक बुधवार रात आठ बजे कुशीनगर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बताया कि खड्डा तहसील के एसडीएम ऋषभ पुंडीर और एडीएम एफआर वैभव मिश्रा ने बड़ी गंडक नदी में अचानक तेज बहाव की वजह से एक नाव पलटने की सूचना दी। इस हादसे में चार लोग पुनियावन पुल के पास तेज बहाव के बीच फंसे हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने रात में रेस्क्यू ऑपरेशन की परमीशन मांगी। इस पर तत्काल परमीशन देते हुए एसडीआरएफ के कमांडेंट को रेस्क्यू का आदेश दिया। एडीएम एफआर वैभव मिश्रा ने बताया कि ऑपरेशन की परमीशन मिलते ही एसडीआरएफ मौके पर पहुंची। एडीएम एफआर ने बताया कि घुप अंधेरा होने की वजह से एसडीआरएफ ने ऑपरेशन चलाने में असमर्थता जतायी। इसपर तत्काल प्रकाश की व्यवस्था कराई गई। इसके बाद रेस्क्यू शुरू किया गया। एडीएम एफआर वैभव मिश्रा, एसडीएम खड्डा ऋषभ पुंडीर और एसडीआरएफ की टीम ने अदम्य साहस का परिचय देते में हुए कड़ी मशक्कत के बाद महज 40 मिनट में पानी के तेज बहाव में फंसे चारो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला।

# स्वास्थ्य विभाग में नए पदों पर भर्ती

▸▸ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक का ऐलान, लापरवाही पर एक्शन भी हुआ

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग को लगातार अपग्रेड किया जा रहा है। नवनिर्मित अस्पतालों में नवीन पदों पर भर्ती की जा रही है। इसके साथ ही नए उपकरणों को भी स्थापित किया जा रहा है। आमजन को विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

ब्रजेश पाठक के पास ही यूपी का स्वास्थ्य विभाग है। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित 50 शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय, विजय नगर (डूडूहेडा) गाजियाबाद, 50 शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय, बांसगांव, गोरखपुर, 50 शैय्यायुक्त संयुक्त चिकित्सालय, बांसी, सिद्धार्थनगर को क्रियाशील किए जाने के लिए हर अस्पताल में 38 पदों के हिसाब से कुल 174 पदों एवं लखनऊ के नवनिर्मित 50 शैय्यायुक्त एमसीएच विंग गोसाईंगंज एवं काकोरी की स्थापना हेतु प्रति अस्पताल 42 पदों के हिसाब से कुल 84 पदों को सृजित किए जाने का अनुमोदन किया गया है।

वहीं, लखनऊ स्थित कल्याण सिंह सुपर स्पेशियलिटी कैंसर संस्थान में विभिन्न विभागों में आधुनिक उपकरण एवं संयत्र स्थापित किए जाने हेतु 150 करोड़ एवं स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, देवरिया में आधुनिक उपकरण एवं संयत्रों को स्थापित किए जाने हेतु 1.99 करोड़ रुपये एवं स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, प्रतापगढ़ में आधुनिक उपकरण एवं संयत्रो को स्थापित किए जाने हेतु दो करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### लापरवाही में चिकित्सकों पर गाज, डिप्टी सीएम ने दिए निर्देश



**लखनऊ।** ड्यूटी में लापरवाही बरतने के मामलों पर स्वास्थ्य विभाग में लगातार कार्रवाई जारी है। गुरुवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कई चिकित्सकों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश जारी किए। लापरवाही एवं प्राइवेट प्रैक्टिस करने के मामले में वरिष्ठ परामर्शदाता, जिला संयुक्त चिकित्सालय, सोनभद्र में तैनात डॉ. माधुरी सिंह की वेतनवृद्धि रोकते हुए परिनिंदा प्रविष्टि प्रदान की गई है।

वहीं, गोरखपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पिपरौली में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. नीतू कुमारी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कौड़िया में तैनात चिकित्साधिकारी डॉ. मनीष कुमार चौरसिया द्वारा रोगियों से अभद्र व्यवहार करने, उच्चाधिकारियों के आदेशों की अव्हेलना करने एवं ड्यूटी में लापरवाही बरतने के आरोप में विभागीय अनुशासनिक जांच के आदेश जारी किए गए हैं। उधर, डॉ. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय, फर्रुखाबाद में तैनात आपातकालीन चिकित्साधिकारी डॉ. अभिषेक चतुर्वेदी पर गलत तरीके से मेडिकोलीगन किए जाने का मामला संज्ञान में आने पर डॉ. चतुर्वेदी को तत्काल आरोप पत्र दिए जाने के निर्देश प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य को दिए गए हैं।

## ग्रेटर नोएडा में बनेगा आधुनिकतम तकनीक आधारित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** योगी सरकार ग्रेटर नोएडा में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना करेगी। 80 करोड़ की लागत से बनने वाला 45 एमएलडी क्षमता का यह प्लांट %सिक्वेंशियल बैच रिएक्टर टेक्नोलॉजी% पर आधारित होगा। गंगा जल प्रोजेक्ट से संबंधित परियोजनाओं को गति देने का कार्य शुरू हो गया है।

**एसबीआर टेक्नोलॉजी युक्त होगा एसटीपी:** ग्रेटर नोएडा में इस एसटीपी 15 महीनों में पूरा किया जाएगा। वहीं, ऑपरेशन व मैनेजमेंट के लिए 120 महीनों की कार्यावधि निर्धारित की गई है। यह ट्रीटमेंट प्लांट वॉटर रीक्लेमेशन फैसिलिटी भी होगा। प्लांट का डिस्पोजल चैनल हिंडन नदी के किनारे स्थित होगा। प्लांट को सौर ऊर्जा युक्त भी किया जाएगा और इसके हाइड्रोलिक पंपों का संचालन सौर ऊर्जा के जरिए किए जाने की योजना है। प्लांट में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए सीवरेज आउटकम को गहरे गुरुत्वाकर्षण आउटफॉल सीवर द्वारा प्राप्त किया जाएगा, जो रॉ-सीवेज को एक रिसीविंग चैंबर में डिस्चार्ज करेगा, जहां से इसे डाउनस्ट्रीम मोटे स्क्रीन में ले जाया जाएगा। सीवेज के साथ आने वाली सामग्रियों को हटाने के लिए उसे गीले कुएं के ऊपर मोटे स्क्रीन चैनल में छाना जाएगा। स्क्रीनिंग के बाद सीवेज वेट वेल में प्रवेश करेगा। प्लांट वेट वेल युक्त होगा जिसकी क्षमता औसत और पीक फ्लो स्थितियों के दौरान पर्याप्त हाइड्रोलिक प्रतिधारण करने की होगी।

**कार्यावंटन के बाद 12 महीने में गंगा जल प्रोजेक्ट के कार्य होंगे पूर्ण:** ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा बनाई गई कार्ययोजना के अनुसार, गंगा जल प्रोजेक्ट को एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन के बाद 12 महीने की कार्यावधि में पूरा कर लिया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत 85 क्यूसेक कैपेसिटी वाले गंगा जल प्रोजेक्ट में 3 जोनल रिजरवॉयर में इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, इंस्ट्रूमेंटल व अन्य सिविल वर्क्स को जल्द से जल्द पूरा करने पर फोकस किया जा रहा है।

# आयोजन में सभी को हेडेक फ्री कर देते है केटरर्स भाई: ब्रजेश पाठक

▸▸ सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका है खानपान के उचित प्रबंध की: तरुण साहनी

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी के गोमतीनगर स्थिति इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में अवध कैटर्स एसोसिएशन की ओर से दो दिवसीय कन्वेंशन और एक्सपो का आयोजन किया गया। पहले दिन समारोह का उदघाटन प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बतौर मुख्य अतिथि किया। इस दौरान श्री पाठक ने कैटर्स एसोसिएशन को इतने बड़े आयोजन के लिये बधाई देते हुये कहा कि आयोजन में सभी को हेडेक फ्री कर देते है केटरर्स भाई । शादियों में कुछ न कुछ नया मिलता है। कैटरिंग में भी बहुत चुनौतियां है इसके बावजूद कैटरिंग के क्षेत्र में अदभुत प्रगति हुई है। उन्होंने आगे कहा कि मौसम में बदलाव हमारी भविष्य की पीढ़ी के लिए चिंता का विषय है। इसके लिए हमे अपने सभी शुभ अवसरों पर पेड़ लगाने की परम्परा की शुरुआत करनी पड़ेगी।अवध कैटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष तरुण साहनी ने विचार व्यक्त करते हुए कहा किसी भी आयोजन में खान पान का उचित प्रबंध महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और हम यह प्रबंधन ठीक प्रकार से कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि हम अपने सभी सदस्यों को एक-एक पौधा भेंट कर रहे है। सचिव अजय तिक्खा ने बताया कि इस आयोजन के माध्यम से अपने सभी सदस्यों को 10 लाख रुपये का एक्सीडेंटल इंश्योरेंस भी दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कि पूरे प्रदेश में काम करते हुये हमारा एसोसिएशन कैटरिंग के क्षेत्र में अपनी सराहनीय सेवाएं दे रहा है।

आयोजन में व्यापार मंडल अध्यक्ष अमरनाथ मिश्रा, व्यापार मंडल सचिव पवन मनोचा, अनुराग मिश्रा, एजाज अहमद, कमल सचदेवा, काजी अख्तर मसूद ,शिव अजवानी,आकाश मिश्रा और हेमन्त गिरि आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।समारोह में कानपुर, उन्नाव, बाराबंकी, सीतापुर, सुल्तानपुर आदि अन्य शहरों के सैकड़ों पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे। देर शाम हुये सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत सूफी नाइट में स्थानीय कलाकारों में अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजन कल भी चलेगा।

### केवल बीकेटी के गुलालपुर पंचायत में होगा प्रधानी का चुनाव

**लखनऊ।** त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव में लखनऊ में मात्र बीकेटी ब्लाक की गुलालपुर ग्राम पंचायत में प्रधान पद के लिए छह अगस्त को वोट डाले जाएंगे। जबकि 46 रिक्त पदों में से दो बीडीसी और 24 ग्राम पंचायत सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन तय हो गया है। वहीं ग्राम पंचायत सदस्य के 19 पद फिर से रिक्त रह गए हैं। त्रिस्तरीय पंचायतों में एक प्रधान, दो बीडीसी व 43 ग्राम पंचायत सदस्य के पद रिक्त थे। इनमें से दो बीडीसी और 24 ग्राम पंचायत सदस्यों के पद पर केवल एक-एक नामांकन हुए। जबकि बीकेटी ब्लाक की विभिन्न पंचायतों में खाली ग्राम पंचायत सदस्य के 19 पदों पर एक भी नामांकन नहीं हुआ। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) एसके सिंह ने बताया कि अब छह अगस्त को बीकेटी की गुलालपुर पंचायत के दो बूथों पर 2766 मतदाता प्रधान पद के लिए मतदान करेंगे।

## कम वर्षा वाले क्षेत्रों में धान के बदले खरीफ की अन्य फसलें लगायें किसान: शाही

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रदेश में अब तक हुई कम वर्षा वाले क्षेत्रों के किसानों से अपील की है कि वे धान की फसल लगाने का इन्तजार करने की जगह मक्का, बाजरा, ज्वार तथा दलहन-तिलहन की फसल लगाएं। कृषि विभाग की ओर से एडवाइजरी जारी करते हुए श्री शाही ने कहा कि जुलाई में अब तक प्रदेश के कई हिस्सों में विशेष कर यूपी के मध्य भाग में तथा बुन्देलखण्ड में औसत से काफी कम वर्षा हुई है। इन क्षेत्रों में अभी भी 25 से 30 प्रतिशत खेतों में बुवाई बाकी है।

उन्होंने अपील की है कि इस वर्ष सरकार ने किसानों की आय बढ़ाने और बाजरा तथा मक्के की बढ़ती मांग को देखते हुए राज्य के सभी 75 जिलों के लिए त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत संकर मक्का सामान्य बीज वितरण पर 50 प्रतिशत अनुदान की व्यवस्था की है। देशी मक्का, संकर मक्का एवं पॉपकार्न मक्का के प्रदर्शन पर 6000 रुपये प्रति हेक्टेयर, बेबी कॉर्न मक्का पर 40,000 रुपये प्रति हेक्टेयर एवं स्वीट कॉर्न मक्का पर 50,000 रुपये प्रति हेक्टेयर अनुदान दिया जाएगा।

इसके अतिरिक्त प्रदेश के सभी विकास खण्डों पर मक्का, बाजरा एवं ज्वार के हाइब्रिड बीज के निजी कम्पनियों के स्टॉल लगाये जा रहे हैं, इन बीजों पर भी 50 प्रतिशत अनुदान किसानों के खातों में भेजा जाएगा। विकास खण्ड के विक्रय केन्द्रों पर मिलेट्स (मोटा अनाज) में मडुआ, सांवा, कोदो, बाजरा के निःशुल्क बीज मिनीकिट के साथ दलहन और तिलहन के बीज विशेष कर उड़द, मूंग, अरहर एवं तिल के बीज सामान्य वितरण कार्यक्रम में भेजे गए हैं, जो पीओएस मशीन से बीज पर मिलने वाले अनुदान को समायोजित कर मात्र 50 प्रतिशत कीमत के भुगतान पर किसानों को मिल जाएगा। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया है कि मौसम को देखते हुए उन्हें अपने खाली खेतों में मक्का, मिलेट्स, दलहन और तिल की फसलों की बुवाई शुरू कर देनी चाहिए। इससे किसानों के खेतों में समय से बुआई-रोपाई पूरा हो सकेगा और वे सम्भावित आर्थिक क्षति से बच सकेंगे।

## संजय निषाद ने की सीएम योगी से मुलाकात

▸▸ अधिकारियों की शिकायत के साथ बेटे सरवन निषाद के लिए मांगी सुरक्षा

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी संगठन और सरकार की में आंतरिक कलह जारी है। इस बीच बीजेपी और उसके सहयोगी दलों के नेता लगातार सीएम योगी से अफ्सरों की मनमानी की शिकायत कर रहे हैं। गुरुवार को निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय निषाद ने सीएम योगी से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने सीएम से अधिकारियों की शिकायत की है। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि मुख्यमंत्री अफ्सरों की मनमानी के खिलाफ कार्रवाई करेंगे। उन्होंने ये भी कहा कि अफ्सरों के न सुनने का असर चुनाव पर पड़ता है। अफ्सरों के कामकाज पर अपने बयानों में संजय निषाद लगातार हमलावर रहे हैं। इसके साथ ही संजय निषाद ने अपने बेटे की सुरक्षा हटाए जाने पर भी सीएम योगी से बात की। साथ ही फिर से सुरक्षा प्रदान करने को कहा है। बता दें कि उनके बेटे और बीजेपी विधायक सरवन निषाद ने सुरक्षा को लेकर सीएम को पत्र लिखा था।

# मसालों की खुशबू से महकेगी बुद्ध के महापरिनिर्वाण की धरा

राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र की मदद शुरू होगी मसालों की खेती

लोकमित्र ब्यूरो

**कुशीनगर।** भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण की धरती। कभी इसी धरती से सत्य और अहिंसा के संदेश से दुनिया का बड़ा हिस्सा आलोकित हुआ था। अब उसी धरती से उपजे मसालों की खुश्बू शुरू में स्थानीय और बाद में देश-दुनिया में रहने वाले हर भारतीय के किचन के भोजन की लज्जत बढ़ाएंगे। इसमें वर्षों से कुशीनगर में होने वाली हल्दी की खेती का योगदान तो होगा ही, धनिया जीरा, सौंफ, मंगरैल, सौंफ और अजवाइन की खेती इसका दायरा बढ़ाएंगे। इस बावत डबल इंजन (मोदी और योगी) की सरकार पहल भी कर चुकी है।

राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र अजमेर की मदद से इस साल रबी की फसलीय सीजन में सीमित संख्या में कुछ किसानों के खेतों में मसाले की कुछ प्रजातियों की खेती शुरू होगी। कृषि विज्ञान केंद्र कुशीनगर के प्रभारी अशोक राय के अनुसार कुशीनगर में हल्दी की खेती की परंपरा पुरानी है। कुशीनगर और आसपास की जलवायु बीजीय मसालों के लिए भी अनुकूल है। इसलिए यहां इसकी अच्छी संभावना है। यहां के किसान भी जागरूक हैं। इसलिए अपेक्षाकृत अधिक लाभ वाले मसालों की खेती की संभावना और बेहतर हो जाती है। किसानों के बीच टाटा ट्रस्ट और अजीमजी प्रेमजी फाउंडेशन की मदद से कई वर्षों से हल्दी की खेती पर फोकस होकर काम करने वाले सस्टेनेबल ह्यूमन डेवलपमेंट के बीएम त्रिपाठी मसालों की खेती के लिए भी राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान केंद्र से भी कोऑर्डिनेट कर रहे हैं। अनुसंधान केंद्र का भी मेथी, सौंफ, जीरा और अजवाइन के फ्लेवर और औषधीय गुणों के कारण इनके प्रसंस्करण पर खासा जोर है। इनको मिलेट के साथ मिलाकर और पौष्टिक बनाया जा सकता है। कालांतर में कुशीनगर के किसानों को भी अगर मसाले की खेती रास आई तो उनके लिए भी ये सारी संभावनाएं उपलब्ध होंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों के हित के प्रति जिस तरह प्रतिबद्ध हैं उसमें कोई एफपीओ खेती से लेकर प्रसंस्करण इकाई लगाने और मार्केटिंग की अगुआई कर सकता है। योगी सरकार की यही मंशा भी है। मसाले भारतीय भोजन की जान होते हैं। देश दुनिया में जहां भी भारतीय हैं वहां बिना मसाले के उनके किचन की कल्पना नहीं की जा सकती। बढ़ती बीमारियों और औषधीय खूबियों के कारण मसालों का क्रेज और बढ़ा है। खासकर कोविड के बाद तो और भी। इसलिए इसकी खेती की संभावनाएं भी बढ़ी हैं।

**मसाले की खेती की संभावनाएं**

भारत को मसालों की धरती भी कहा जाता है। पुर्तगाली जब पहली बार भारत आए तो उनका मूल उद्देश्य भारतीय मसालों के कारोबार से कमाई करना ही था। भारत में करीब 18 लाख हेक्टेयर जमीन पर मसालों की खेती होती है। जीरा गुजरात और राजस्थान की मुख्य फसल है तो बाकी तमाम मसाले अधिकांशतः दक्षिण भारत में होते हैं।

## नीट-यूजी परीक्षा कराने में अब तक विफल रही सरकार: मायावती

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री बसपा सुप्रीमो मायावती ने नीट-यूजी मेडिकल परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा आल-इंडिया नीट-यूजी मेडिकल परीक्षा में हुई गड़बड़ी को लेकर स्वाभाविक तौर पर सड़क से लेकर संसद व सुप्रीम कोर्ट तक में यह मामला गरमाया रहा।

अब नतीजा चाहे जो भी हो, लेकिन लाखों परीक्षार्थियों व उनके परिवार वालों को इसको लेकर हुआ दुःख-दर्द व मानसिक पीड़ा हमेशा सताएगी। उन्होंने अपने दूसरे पोस्ट में लिखा केन्द्र मेडिकल की इतनी अहम परीक्षा सही से कराने के मामले में देश को आश्वस्त कर पाने में अभी तक विफल है जो समस्या को और गंभीर बना रहा है। अतः केन्द्रीयकृत मेडिकल नीट यूजी-पीजी परीक्षा को समाप्त कर इसके लिए पुनः पुरानी व्यवस्था क्यों न बहाल हो, जैसाकि कई राज्य सरकारों की मांग है। आप को बता दें कि नीट-यूजी 2024 के असफल अभ्यर्थियों को उच्चतम न्यायालय ने बड़ा झटका देते हुए मंगलवार को उन याचिकाओं को खारिज कर दिया, जिनमें विवादों में घिरी इस परीक्षा को रद्द कर दोबारा आयोजित कराने की मांग की गई थी।

इसके साथ ही न्यायालय ने कहा कि इसकी शुचिता से समझौता होने और अन्य गड़बड़ियों को दर्शाने वाली कोई सामग्री रिकॉर्ड में नहीं है। न्यायालय का यह अंतरिम फैसला है और बाद में विस्तृत फैसला सुनाया जाएगा। इस अंतरिम फैसले से केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को बड़ी राहत मिली है, जो पांच मई को संपन्न परीक्षा में प्रश्नपत्र लीक सहित बड़े पैमाने पर कथित गड़बड़ी को लेकर सड़क से संसद तक कड़ी आलोचना एवं विरोध का सामना कर रही है।

# केंद्र के औचक निरीक्षण में फिट मिलीं प्रदेश की स्वास्थ्य इकाइयां

▸▸ केंद्रीय टीम को एनक्वास प्रमाणित झांसी जिला अस्पताल के सरप्राइज निरीक्षण में सब मिला ठीक, टीम ने दी हरी झंडी

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** हाल ही में प्रदेश की जिन स्वास्थ्य इकाइयों को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड (एनक्वास) प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है, वह बेहतर तरीके से काम कर रही हैं।

हाल ही में झांसी जिला अस्पताल के हुए औचक निरीक्षण में इस बात की पुष्टि हुई है। वहां पर ओपीडी, मातृत्व वार्ड, लैब, सिक न्यू बार्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) मानक के अनुरूप काम करते मिले हैं। बता दें कि योगी सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी का नतीजा है कि बेहतर स्वास्थ्य सेवा के लिए प्रदेश के स्वास्थ्य इकाइयों को केंद्र सरकार द्वारा एनक्वास प्रमाण पत्र दिया जा रहा है।

**स्वास्थ्य इकाइयों को लगातार किया जा रहा अपडेट**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डॉ. पिंकी जोवल ने बताया कि केंद्र सरकार एनक्वास प्राप्त हर प्रदेश की 10 प्रतिशत स्वास्थ्य इकाइयों का हर साल इस उद्देश्य से औचक निरीक्षण करती है कि इस सर्टिफिकेट पाने के बाद वहां मानकों के अनुरूप मरीजों का इलाज हो रहा है या नहीं। इसमें केंद्रीय टीम निरीक्षण करती है और स्वास्थ्य इकाई को 72 घंटे पहले ही निरीक्षण की सूचना दी जाती है। झांसी जिला अस्पताल प्रशासन को भी 72 घंटे पहले ही सूचना दी गई और केंद्रीय टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एनक्वास प्रमाणित स्वास्थ्य इकाई में जो मानक होने चाहिए वह सब झांसी जिला अस्पताल में फालो हो रहे थे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के महाप्रबंधक डॉ. निशांत कुमार जायसवाल ने बताया कि प्रदेश में स्वास्थ्य इकाइयों को लगातार अपडेट किया जा रहा है। अब तक 281 स्वास्थ्य इकाइयों को एनक्वास मिल चुका है। मालूम हो कि ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य इकाइयों के एनक्वास प्रमाणित होने से प्रदेश के मरीजों को बेहतर इलाज मिलेगा।

## बनेगी यूपी एसएसएफ द्वितीय वाहिनी की हाईटेक बिल्डिंग

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** खास स्थानों, प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए गठित उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल (यूपी एसएसएफ) की द्वितीय वाहिनी गोरखपुर में है। अभी यह वाहिनी अपना कामकाज पीएसी कैम्पस से कर रही है लेकिन आने वाले समय में इसकी खुद की हाईटेक बिल्डिंग होगी। शासन की तरफ से यूपी एसएसएफ द्वितीय वाहिनी के अत्याधुनिक और सभी सुविधाओं से युक्त भवन के लिए करीब 343 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं। यह बिल्डिंग गोरखपुर के चिलुआताल क्षेत्र स्थित ताल जहदा में 50.136 हेक्टेयर भूमि पर बनेगी। इसके लिए प्रक्रियात्मक कार्य पूरे कर लिए गए हैं। बरसात का सीजन समाप्त होते ही इसका निर्माण शुरू हो जएगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सितंबर, 2020 में न्यायालयों, प्रमुख धार्मिक स्थलों, प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए उत्तर प्रदेश विशेष सुरक्षा बल का गठन किया था। जिसके बाद जून, 2021 में यूपी एसएसएफ की पांच वाहिनी गठित की गई थीं, जिनमें लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, मथुरा व सहारनपुर शामिल हैं। इसके बाद छठवीं वाहिनी अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर की सुरक्षा के लिए गठित की गई। गोरखपुर के लिए गठित एसएसएफ की द्वितीय वाहिनी गोरखपुर और कुशीनगर एयरपोर्ट की सुरक्षा की जिम्मेदारी उठा रही है। जल्द ही इसके जिम्मे कुछ अन्य महत्वपूर्ण प्रतिष्ठान भी आएंगे। यूपी एसएसएफ के गठन के बाद से ही योगी सरकार इसे सूबे की सबसे एडवांस फोर्स बनाने में जुटी है। इस फोर्स को अत्याधुनिक असलहों से लैस करने के साथ ही इसकी बटालियन के लिए हाईटेक इंफ्रास्ट्रक्चर की व्यवस्था की जा रही है। इसी क्रम में सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी व्यवस्थाओं के

# खुशखबरी : नगर निगमों को मिलेगा 100 करोड़ रुपए तक का अनुदान

▸▸ 25 प्रतिशत टैक्स वृद्धि करने वाले नगर निगमों को न्यूनतम 2.5 करोड़ और अधिकतम 50 करोड़ का मिल सकेगा अनुदान

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नगरों के सर्वांगीण विकास और नगरीय स्थानीय निकायों के रेवेन्यू कलेक्शन में वृद्धि को लेकर योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी क्रम में नगर विकास विभाग ने राज्य की समस्त नगरीय स्थानीय निकायों में संचालित विभिन्न योजनाओं और अन्य मिशनों को मिशन टू मूवमेंटके रूप में विस्तारित कर मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना की शुरुआत की है। योजना के अंतर्गत नगर निगमों में न्यूनतम 25 प्रतिशत टैक्स/नॉन टैक्स में वृद्धि करने वाले नगर निगमों को न्यूनतम 2.5 करोड़ और अधिकतम 50 करोड़, नगर पालिका परिषदों व जिला मुख्यालयों (एक लाख से अधिक जनसंख्या) में न्यूनतम 15 प्रतिशत टैक्स/नॉन टैक्स में वृद्धि करने वाले निकायों को न्यूनतम 25 लाख रुपए और अधिकतम 20 करोड़ रुपए और नगर पालिका परिषद व जिला मुख्यालय (एक लाख से कम जनसंख्या) व नगर पंचायतों में न्यूनतम 10 प्रतिशत टैक्स/नॉन टैक्स में वृद्धि करने वाले निकायों को न्यूनतम 10 लाख और अधिकतम 5 करोड़ रुपए अनुदान के रूप में प्रदान किया जाएगा। विशेष परिस्थितियों में 50 प्रतिशत से अधिक राजस्व वृद्धि करने, नवोन्मेषी परियोजनाएं, राजस्व उत्पादक परियोजनाएं एवं राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय महत्व की परियोजनाओं के लिए प्रति नगर निगम अधिकतम 100 करोड़ रुपए की निधि जारी की जा सकती है। मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के क्रियान्वयन के लिए जारी एसओपी में इसका प्राविधान किया गया है।

योजना के तहत, सेल्फ रेवेन्यू कलेक्शन को आधार वर्ष 2022-23 की तुलना में 10 प्रतिशत से अधिक बढ़ाया जाएगा, जो पात्रता मानदंड होगा। यह योजना 2024-25 से शुरू होकर पांच वर्षों के लिए लागू रहेगी। 2024-25 में इस योजना के लिए 500 करोड़ रुपए की धनराशि की व्यवस्था की गई है। इस योजना से उत्तर प्रदेश के समस्त 762 नगरीय स्थानीय निकायों को आच्छादित किया जाएगा। यह योजना राज्य के समस्त नगरीय क्षेत्रों में सतत आर्थिक वृद्धि, समानता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ाने के लिए 3ई दृष्टिकोण अपनाएगी।

# अग्निकांड से पीड़ित किसानों को प्रदान किए गए सहायता राशि स्वरूप चेक



**चेक पाकर खिल उठे किसानों के चेहरे**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अलीगंज/एटा।** खेतों में हुए अग्निकांड से पीड़ित किसानों को मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना के अंतर्गत अलीगंज विधायक व एसडीएम ने मुआवजा के रूप में चेक का वितरण किया।

गुरुवार को उप जिलाधिकारी कार्यालय में विधायक अलीगंज सत्यपाल सिंह राठौड़ ने क्षेत्र में पिछले दिनों विभिन्न कारणों से खेतों में आग लगने से नष्ट हुई गेहूं की फसल के मामले में 5 पीड़ित किसानों को मुख्यमंत्री खेत खलिहान अग्निकांड दुर्घटना सहायता योजना के अंतर्गत करीब एक लाख 42 हजार रुपये धनराशि के चेक बतौर मुआवजा के रूप में प्रदान किए। मुआवजा लेने वालों में किसान गोसलपुर निवासी महावीर सिंह पुत्र गोकरन सिंह, देहेलिया निवासी दुधावती पत्नी लक्ष्मी नारायण और मोकमपुर निवासी रामपाल पुत्र गीतम सिंह को 30-30 हजार रूपये के चेक प्रदान किए गए साथी ही नगला सामंत निवासी राजेंद्र सिंह पुत्र मुंशी सिंह और रमेश सिंह पुत्र मुंशी सिंह को 26-26 हजार के चेक प्रदान किए गए। इस मौके पर विधायक सत्यपाल सिंह राठौड़ ने कहा कि वर्तमान में केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार किसान हितैषी है। पूर्व की सरकार में जहां किसानों को नुकसान होने के बाद भी मुआवजा नहीं मिल पाता था। आज इस सरकार में पीड़ितों की हर संभव मदद की जा रही है।

# बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे अवैध संचालित स्कूल

**अलीगंज कस्बे में संचालित है बिना मान्यता प्राप्त स्कूल, नहीं कोई कार्यवाही**

**लोकमित्र ब्यूरो**

**अलीगंज/एटा।** शिक्षाविभाग की अनदेखी के चलते अलीगंज क्षेत्र में बिना विभागीय मान्यता के कई निजी स्कूल संचालित हो रहे हैं। इस तरह के प्रकरणों ने शिक्षा विभाग की कार्यशैली को सवालों के कठघरे में खड़ा कर दिया है। नया शिक्षा सत्र शुरू होने के साथ ही अलीगंज कस्बे सहित कई इलाकों में ग्रामीणों को बच्चों को निजी स्कूलों में दाखिला दिलाते समय कई बिना मान्यता वाले स्कूलों की लूटमार का शिकार होना पड़ा रहा है। ऐसे स्कूलों में पांचवीं और आठवीं की मान्यता के बावजूद 10वीं और 12वीं के बच्चों को गुमराह कर दाखिला देकर मोटी रकम ऐंठी जा रही है। शिक्षा के नाम पर स्टूडेंट्स के भविष्य के साथ खिलवाड़ करना गंभीर अपराध की श्रेणी में आता है। मगर इस मामले में शिक्षा विभाग का रवैया हैरान करने वाला है। प्रतिवर्ष विभाग की जानकारी में इस तरह के प्रकरण सामने आते हैं, बावजूद इसके बिना मान्यता के संचालित शिक्षण संस्थाओं की सूची बनाई गई और ही ऐसे स्कूलों के खिलाफ पिछले समय में कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की गई। शिक्षा विभाग पर भी सवाल खड़े हो रहे है।अलीगंज क्षेत्र में एक नहीं कई दर्जनों स्कूल जिसमे जे.डी. उच्चतर माध्यमिक आवासीय विद्यालया चमान नागरिया अलीगंज, ए.एस.एन. इंस्टिट्यूट अमरोली रोड अलीगंज, एस.आर.वी.एस. सराय अगहत अमरोली रोड, रामवक्ष बिथरा, बाबा लक्समनदास तुंगाई, सुदामा देवी इंटर कॉलेज बंगला आवसीय, सी.एच.बी.एल. नगला गजपति, एच.एन. आवसीय पब्लिक स्कूल, एस.एन.एल. पब्लिक स्कूल अलीगंज, आशारानी पब्लिक स्कूल देहेलिया, एम.डी. एजुकेशन अकादमी, राधाकृष्णा पब्लिक स्कूल, हीरा पब्लिक स्कूल गैर मान्यता अलीगंज कस्बे में बिना किसी मान्यता के चल रहे हैं। न इनमें मानक पूरे हैं और न ही मान्यता। एक तरफ जहां कमाई के लिए विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। इंटर कालेज के नाम पर सभी स्कूल हाई स्कूल से लेकर इंटर तक के बच्चों को शिक्षा देने का दावा करते हैं और बच्चों के अभिभावक से शिक्षा प्रदान के नाम पर मोटी रकम वसूलते हैं। घरों के अंदर विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। जिनकी ना तो सरकार से कोई मान्यता होती है और ना ही अच्छी शिक्षा बच्चों को प्रदान करते हैं। चंद पैसों के लालच में आसपास के बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ करते हुए उनके अभिभावक से भी मेहनत की मोटी रकम वसूल रहे हैं कई बार विभाग शिक्षा विभाग से शिकायत करने के बावजूद भी यह स्कूल प्रबंधक बाज नहीं आते हैं और धड़ल्ले से बिना किसी रोक-टोक के विद्यालय को संचालित कर रहे हैं अब सवाल उठता है कि भविष्य का आखिर जिम्मेदार कौन सरकार विभाग या वह अभिभावक जो बिना किसी जानकारी के ऐसे स्कूलों में अपने बच्चों को खराब करने के लिए दाखिला दिला रहे हैं।

उपखंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि शिकायतें प्राप्त हुई है जांच की जा रही है जल्द ही अवैध रूप से संचालित स्कूल संचालकों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

बीएसए दिनेश कुमार ने बताया कि आपके के माध्यम से संज्ञान में आया है जिसको लेकर एबीएसए जैथरा और अलीगंज को निर्देशित किया गया है। जिनको तीन दिन का समय दिया गया है। जांच करें की क्षेत्र में कितने बिना मान्यता प्राप्त स्कूल चल रहे हैं जिन पर कार्रवाई करते हुए बंद कराया जाए अगर स्कूल संचालक नहीं मानते हैं तो ताला लगाकर जुर्माना किया जाए और मुझे अवगत कराया जाए।

# आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर ट्रक में जा घुसी स्लीपर बस, दो को मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**आगरा।** आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे गुरुवार की तड़के स्लीपर बस ट्रक में पीछे से जा घुसी। हादसे में चालक और एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 50 से अधिक सवारी घायल बताई गई हैं। सभी को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

जानकारी के मुताबिक बहराइच से सवारियों को लेकर दिल्ली जा रही डबल डेकर बस नगला खंगर क्षेत्र में 59 किमी माइल स्टोन के पास बालू से लदे ट्रक में जा घुसी।

समझा जाता है कि बस चालक को झपकी आने से यह हादसा हुआ। सूचना मिलती ही पुलिस और एक्सप्रेस वे की टीम मौके पर पहुंच गई। इसमें करीब डेढ़ सौ सवारियां थीं, जिसमें से दो को मौत हो गई।

मौके पर पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी पहुंचकर राहत कार्य पहुंचाने में जुट गए। कुछ घायलों को सैफई मेडिकल कॉलेज भेजा गया तो कुछ को फिरोजाबाद के जिला अस्पताल। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की टीम को भी सक्रिय कर दिया गया। यात्रियों ने पुलिस को बताया कि हादसा चालक को नींद आने के कारण हुआ।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के कियान्वयन एवं पर्यवेक्षण के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न

**निजी आवासों में सोलर रूफटॉप संयन्त्रों की स्थापना, जनपद हेतु 12000 घरों पर रूफटॉप सोलर पावर प्लाण्ट स्थापना का लक्ष्य निर्धारित**

**लोक मित्र संवाद**



**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह की अध्यक्षता में जनपद में पी0एम0सूर्यघर मुफ्त विजली योजना के कियान्वयन एवं पर्यवेक्षण के सम्बन्ध में एक अतिआवश्यक बैठक कलक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में आहूत की गयी।

बैठक में योजना के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए परियोजना प्रभारी यूपीनेडा द्वारा अवगत कराया गया कि पी0एम0 सूर्य घर मुफ्त विजली योजनान्तर्गत निजी आवासों में सोलर रूफटॉप संयन्त्रों की स्थापना कराये जाने सम्बन्धी एक महत्वपूर्ण योजना का शुभारम्भ मा0 प्रधानमन्त्री जी द्वारा 13.02.2024 को किया गया है इसके अन्तर्गत देश के कुल 01 करोड घरों को आच्छादित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य के सापेक्ष प्रदेश में 25 लाख घरों पर सोलर रूफटॉप संयन्त्र स्थापित कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित है तद्क्रम में जनपद एटा हेतु 12000 घरों पर रूफटॉप सोलर पावर प्लाण्ट स्थापना का लक्ष्य निर्धारित है।उन्होंने कहा कि इस संयन्त्र से उत्पादित विद्युत को उपभोक्ता द्वारा स्वंय उपयोग किया जाता है एवं उत्पादित अतिरिक्त विद्युत ग्रिड में चली जाती है जिसका समायोजन सम्बन्धित डिस्काम द्वारा नेटमीटर के माध्यम से उपभोक्ता के बिल में किया जाता है। 01 किवा0 क्षमता के सोलर पावर प्लाण्ट की स्थापना हेतु 10 वर्ग मीटर छायारहित छत की आवश्यकता होती है। एवं 01 किवा क्षमता के पावर प्लाण्ट से प्रतिदिन 4-5 यूनिट बिजली का उत्पादन होता है। एक से दस किवा0 क्षमता के संयन्त्र का अनुमानित मूल्य प्रतिकिलोवाट लगभग 60 से 65 हजार रूपये प्रतिकिलोवाट है जिस पर निम्नानुसार केन्द्र एवं राज्यानुदान अनुमन्य है।

संयन्त्र कीस्थापना यूपीनेडा में पंजीकृत कुल 525 वेण्डरों के माध्यम से कराया जायेगा। उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु नेशनल पोर्टल चउेनतलंहींत.हवअ.पद पर ऑनलाईन आवेदन करना होता है, रजिस्ट्रेशन एप्रूव होने के पश्चात इसी पोर्टल पर यूपीनेडा में पंजीकृत वेण्डर्स की सूची प्रदर्शित होगी जिसमें से किसी भी वेण्डर को चुन कर लाभार्थी अपने संयन्त्र की स्थापना करा सकता है। लाभार्थी को संयन्त्र की पूर्ण कीमत का भुगतान स्थापनाकर्ता वेण्डर को करना होगा तत्पश्चात अनुदान धनराशि लाभार्थी के बैंक खाते में वापस प्राप्त होगी। योजना के सम्बन्ध में अधिक जानकारी हेतु परियोजना प्रभारी, यूपीनेडा मोबाइल नम्बर 94587547472, अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत (ग्रामीण) 9193304400, अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत (शहरी), 9193304600 पर सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। इस अवसर पर सीडीओ डा0 एके बाजपेयी, एसई विद्युत पीके सिंह, एडीएम प्रशासन सत्य प्रकाश, एएसडीएम वेद प्रिय आर्य, एलडीएम प्रीतम सिंह सहित अन्य अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

## इग्निस अस्पताल के डॉक्टर रवि देव पर हुए कातिलाना हमले से भड़के डॉक्टर्स

**गाजियाबाद।** आईएम ए भवन गाजियाबाद में आपात प्रेस वार्ता में लखनऊ में इग्निस अस्पताल के डॉक्टर रवि देव के हुए ऊपर हुए कातिलाना हमले की निंदा करते हुए प्रेस के माध्यम से यह बताने की कोशिश की गयी कि डॉक्टर्स इस घटना से व्यथित हैं तथा त्वरित गति से शासन एवं प्रशासन से दोषियों के विरुद्ध उचित कार्रवाई की मांग करते हैं ।इस अवसर पर आई एम ए यू पी स्टेट के सचिव डॉक्टर विश्व बंधु जिंदल ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह गैर जिम्मेदाराना कार्य है इसको स्वीकार नहीं किया जाएगा।

आईएमए की लखनऊ ब्रांच इस पर कार्य कर रही है आवश्यकता पड़ेगी तो प्रदेश भर के चिकित्सक लखनऊ ब्रांच के साथ है। प्रदेश संगठन के फाइनेंस सेक्रेट्री डॉक्टर आशीष अग्रवाल ने बोलते हुए कहा की कोई भी चिकित्सक अपने मरीज को जानबूझकर नहीं मारता ।आई एम ए गाजियाबाद के अध्यक्ष डॉ वाणी पुरी रावत ने गाजियाबाद ब्रांच का पूरा समर्थन लखनऊ को दिया है तथा उन्होंने विचार व्यक्त करते हुए कहा की वह डॉक्टर रवि देव के साथ हुई इस घटना के निंदा करती है ।

# शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले

**बजौरा गांव में श्रद्धांजलि देने वालो का लगा रहा तांता**

**लोक मित्र संवाद**

**पाटन उन्नाव।** शहीदों की चिताओं पर लगेंगे हर वर्ष मेले की तर्ज पर बिधापुर तहसील के गांव बजौरा में कारगिल शहीद दिवस की 26 वी वर्षी पर आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में लोगो का सुबह से ही तांता लगा रहा। सबसे पहले पूर्व सैनिक संगठन के लोगो ने शहीद के गांव पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

शहीद दिवस की 26वीं वर्षगाँठ पर तहसील क्षेत्र के बजौरा गांव निवासी कारगिल शहीद लांस नायक अमर बहादुर सिंह की प्रतिमा पर पूर्व सैनिकों, समाजसेवियों एवं पत्रकारों ने माल्यार्पण कर अमर शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित किया। भूतपूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष अनन्त प्रकाश श्रीवास्त के नेतृत्व में लगभग एक दर्जन साथियो के साथ अमर




शहीद के गांव बजौरा पहुंचकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर अनन्त प्रकाश ने कहा कि अमर शहीद के नाम पर जो शासन द्वारा जो घोषणाए की गई थी वो सभी अधूरी है।तत्कालीन सरकार द्वारा लोन नदी के पुल, प्राइमरी विद्यालय व शहीद पार्क बनाने की घोषणा की थी जो अभी अधूरी है । इनके नाम करण कराए जाने की मांग की हैं ।

तहसील बीघापुर क्षेत्र के बजौरा गांव निवासी मनमोहन सिंह के पुत्र अमर बहादुर सिंह कारगिल युद्ध के दौरान दुश्मनों से लोहा लेते हुए जम्मू कश्मीर के द्रास सेक्टर में 25 जुलाई 1999 को शहीद हो गए थे।30 जुलाई को उनके शव को गाँव लाया गया था । शहीद के पिता मनमोहन सिंह ने कहा कि तत्कालीन भाजपा सरकार ने शहीद के नाम पर गांव में पार्क के निर्माण की घोषणा की थी, इसका निर्माण आज तक नही हुआ है,वही अमर शहीद की पत्नी मिथलेश ने कहा की सरकार के द्वारा की गई घोषणा का सही किर्यावनयन नही किया गया।

# थाने से गायब पिस्टल गायब, दरोगा - हैड मोहर्रिर का एक-दूसरे पर आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**



**आगरा।** नागरिकों की सुरक्षा करने वाली पुलिस अपने ही शस्त्रों की रक्षा नहीं कर पा रही है। बाह थाने के दरोगा राजा बाबू की सरकारी पिस्टल गायब हो गई है। दरोगा थाने में लोकसभा चुनाव के दौरान पिस्टल को जमा करने की बात कर रहे हैं तो वहीं हैड मुहर्रिर पिस्टल न होने की बात कर रहे हैं।

एसीपी बाह गौरव सिंह ने इस मामले में उन्होंने जांच के आदेश दिए हैं। हैड मुहर्रिर ने जब माल खाने को चेक किया है तो पिस्टल गायब मिली उन्होंने दरोगा राजा बाबू से पूछा तो वह सही जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने कहा है कि उन्होंने थाने में जमा कर दी थी जबकि उसका कोई रिकॉर्ड थाने में उपलब्ध नहीं है।

बाह थाने के हेड मोहर्रिर वीरेश कुमार का तबादला कानपुर नगर में हुआ। अवधेश कुमार को नई तैनाती मिली। मालखाने के चार्ज हस्तांतरण के दौरान माल का मिलान किया गया। इस दौरान बटेश्वर चौकी प्रभारी राजाबाबू यादव को आवंटित पिस्टल नहीं मिली। इसकी जानकारी हैड मोहर्रिर ने थाना प्रभारी को दी। बताया गया है कि काफी तलाश के बाद भी पिस्टल नहीं मिली। इससे थाने में हड़कंप मच गया।

चौकी प्रभारी राजा बाबू यादव ने बताया कि लोकसभा चुनाव की ड्यूटी के बाद उन्होंने मालखाने में सरकारी पिस्टल को जमा करा दिया था। तब से वे पिस्टल नहीं ले सके। पिस्टल कहां है, उन्हें पता नहीं। वहीं, पुराने हेड मोहर्रिर वीरेश कुमार का दावा है कि राजाबाबू को पिस्टल आवंटित है। उनके पास से ही पिस्टल गायब हुई है।

# डीएम के निर्देश पर एडीएम ने एआरटीओ कार्यालय पर मारा छापा, कार्यालय में मिला संदिग्ध व्यक्ति

**एडीएम ने नगर पालिका, चकबंदी कार्यालय का भी किया औचक निरीक्षण, अनुपस्थित कर्मचारियों का रोका वेतन**

**लोक मित्र संवाद**



**एटा।** जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देश पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सत्य प्रकाश ने गुरूवार को प्रातः 10 बजे अपर उप जिला मजिस्ट्रेट वेद प्रिय आर्य, डिप्टी कलेक्टर विमल कुमार के साथ संयुक्त रूप से कार्यालय सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, चकबन्दी कार्यालय एवं कार्यालय नगर पालिका परिषद, एटा का औचक निरीक्षण किया गया। एडीएम प्रशासन ने सर्वप्रथम सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय के निरीक्षण में पाया कि कार्यालय में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार एवं सम्भागीय निरीक्षक अजय कुमार गुप्ता अनुपस्थित पाए गए। कार्यालय में बताया गया कि ए0आर0टी0ओ0 ताज ट्रेपेजियम जोन प्रदूषण की बैठक हेतु आगरा गए हुए हैं, जबकि यह बैठक आगरा में शाम 4 बजे है। एडीएम प्रशासन को बताया गया कि सम्भागीय निरीक्षक अजय कुमार गुप्ता चैकिंग पर गये हुए हैं, जबकि भ्रमण पंजिका मांगे जाने पर उपलब्ध नहीं करायी गयी। कार्यालय के वरिष्ठ सहायक अरविन्द कुमार अनुपस्थित मिले। कार्यालय में एक संदिग्ध व्यक्ति धीरज बघेल पुत्र वासुदेव निवासी ग्राम चिलासनी कार्य करता पाया गया, जिसके ब्यान लिए गए हैं। कार्यालय में अनुपस्थित रहने पर ए0आर0टी0ओ0 सत्येन्द्र कुमार एवं अजय कुमार गुप्ता सम्भागीय निरीक्षक को स्पष्टीकरण निर्गत कर वेतन आहरण अग्रिम आदेशों तक के लिए रोक दिया गया है। एडीएम ने चकबन्दी कार्यालय कलेक्ट्रेट का भी निरीक्षण किया, निरीक्षण के समय चकबन्दी कार्यालय के समस्त कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित मिले। कार्यालय में पत्रावलियां का रख-रखाव सही नहीं पाया गया। कार्यालय में साफ-सफाई एवं पत्रावलियों के व्यवस्थित रख-रखाव हेतु निर्देशित किया गया।एडीएम ने कार्यालय नगर पालिका परिषद एटा का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के समय न0पा0परिषद कार्यालय में एक कर्मचारी विनय पाठक अनुपस्थित मिले। इनके द्वारा अनुपस्थिति के सम्बन्ध में कोई सूचना कार्यालय को नहीं दी गयी। इनका स्पष्टीकरण निर्गत कर वेतन आहरण अग्रिम आदेशों तक रोक दिया गया है। कार्यालय में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद एटा को कार्यालय की साफ-सफाई एवं पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था कराने हेतु निर्देशित किया गया।

# मानसिक रुप से कमजोर चौदह वर्षीय किशोर को सकुशल परिजनों से मिलाया




**लोक मित्र संवाद**

**एटा।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत, थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा अपनी ननिहाल से अपने माता-पिता से बिछड़े मानसिक रुप से कमजोर 14 वर्षीय किशोर को सकुशल परिजनों से मिलाया। गुरुवार को थाना कोतवाली देहात पर सूचना प्राप्त हुई की ग्राम मोहनसाती थाना मारहरा एटा निवासी शंकरलाल पुत्र भीमसेन अपनी पत्नी व पुत्र के साथ आज अपनी ससुराल थाना कोतवाली देहात क्षेत्रांतर्गत नगला केवल आये थे। उनका पुत्र (जो की मानसिक रूप से कमजोर है) अचानक घुमते घुमते घर से गायब हो गया। सूचना पर थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा बच्चे को खोजने के प्रयास शुरू किए गए, कोतवाली देहात पुलिस द्वारा तीन घन्टे अंदर उक्त बालक को सकुशल बरामद कर उसके माता-पिता के सुपुर्द कर उनके चेहरे पर लौटाई मुस्कान। कोतवाली देहात पुलिस द्वारा की गई इस त्वरित कार्यवाही की परिजनों सहित आमजन द्वारा भूरि-भूरि प्रशंसा की गई।

# इसौली बिजलीघर पर अघोषित बिजली कटौती को लेकर किसानों ने किया धरना प्रदर्शन, लगाया जाम

**लोक मित्र संवाद**



**जलेसर/एटा।** क्षेत्र के इसौली बिजली घर पर क्षेत्रीय किसानों द्वारा अघोषित विद्युत कटौती और विद्युत विभाग के कर्मचारियों की मनमानी को लेकर धरना प्रदर्शन किया गया। गुरुवार सुबह 9 बजे से ही क्षेत्र के सैकड़ो किसान अपने ट्रैक्टरों को लेकर भारी संख्या में विद्युत उपकेंद्र इसौली पर इकट्ठा हो गए और अपनी मांगों को लेकर गुस्साए सभी किसान बिजली घर का घेराव करके धरने पर बैठ गए।

धरने की सूचना पाते ही इसौली बिजलीघर पर तैनात जे ई सुन्दर सिंह और एसडीओ जलेसर गुलशन किशोर धरना स्थल पर पहुंच गए और किसानों को समझाने का प्रयास किया। धरने की सूचना मिलते ही थाना सकरौली और थाना जलेसर की फोर्स भी मौके पर पहुंच गई। धरने पर बैठे किसानों ने बताया कि हमारी धान की फसल कम बिजली आने के कारण चौपट हो रही है और सैकड़ो बीघा धान की फसल को मजबूरी में जोत दिया गया है।

जहां एक तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सख्त निर्देश हैं कि किसानों को 10 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति दी जाए साथ ही पिछले दिन 2 घंटे विद्युत आपूर्ति बढ़ाने का शासनादेश भी जारी हो चुका है। उसके बावजूद इसौली विद्युत फीटर पर कर्मचारी अपनी मनमानी पर उतारू हैं और मात्र चार-पांच घंटे ही विद्युत आपूर्ति किसानों को मिल पा रही है। थान सिंह नामक एक किसान ने तो लाइनमैन और जे ई पर रिश्वत मांगने के गंभीर आरोप भी लगाए हैं। थान सिंह ने तो यहां तक बताया कि इसौली बिजली घर पर तैनात संजू नामक लाइन मैन ने जे ई का नाम लेकर मुझसे दस हजार रूपए की मांग की गई है। धरने पर बैठे किसानों की मांग है कि हमें शासन के आदेशानुसार बारह घंटे निर्बाध रूप से बिजली की आपूर्ति दी जाए साथ ही इसौली फीटर पर भ्रष्ट कर्मचारियों को तत्काल हटाया जाए।

# एक सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं एक मद्य निषेध संगोष्ठी का आयोजन सम्पन्न



**लोक मित्र संवाद**

**एटा।** जिला मद्य निषेध अधिकारी भूपेश कुमार ने बताया कि गुरुवार को स्थान श्री प्यारे लाल जू0हा0स्कूल बाकराबाद एटा में नशा मुक्त भारत अभियानं के अंतर्गत एक सांस्कृतिक कार्यक्रम (जादू) एवं एक मद्य निषेध संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें समस्त छात्र/छात्रायें एवं समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।

विभाग की ओर से जिला मद्य निषेध अधिकारी, एटा भूपेश कुमार उपस्थित रहे जिनके द्वारा बताया गया कि नशा से सामाजिक प्रतिष्ठा के साथ-साथ मान मर्यादा का हनन होता है और नशा करने वाला व्यक्ति समाज से दूर होता चला जाता है।

अतः हमें नशे से दूर रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के बीच-बीच में मद्य निषेध साहित्य का वितरण किया गया एवं समस्त व्यक्तियों को नशा मुक्ति से सम्बन्धित शपथ भी दिलायी गयी।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रबन्धक डा0 राजेन्द्र प्रसाद,प्रधानाध्यापक श्रीमती चरन देवी, श्री आदि देव राजपूत स0अ0 श्रीमती हरभेजी स0अ0 एवं श्री प्रभात राजपूत स0अ0 आदि उपस्थित रहे।

# एसटीएफ ने पच्चीस हजार का इनामिया किया गिरफ्तार

**पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जोगेंद्र सिंह यादव का पुत्र गिरफ्तार**

**लोक मित्र संवाद**



**अलीगंज/एटा।** सपा नेता रामगोपाल सिंह यादव के करीबी बाहुबली कहे जाने वाले जुगेंद्र सिंह यादव पुत्र लाला राम सिंह निवासी अमृतपुर के पुत्र पुष्पेंद्र यादव को थाना बिसरख गौतमबुद्ध नगर सेक्टर 4 से एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है।

आपको बताते चलें कि 2021 में सजला देवी नाम की महिला छेड़छाड़ कपड़े फाड़कर ₹7000 लूटने के साथ भाई और चाचा के द्वारा महिला को अपहरण एवं छेड़छाड़ में मुकदमा दर्ज कराया था उसी में फरार चल रहे पुष्पेंद्र यादव को एसटीएफ पुलिस ने किया गिरफ्तार कर थाना अलीगंज लाया गया जहां पर कार्यवाही कर न्यायालय को पेश किया जाना है।

थाना प्रभारी अमित कुमार द्वारा बताया गया कि 294 /21 में अकबरपुर कोट के समीप एक महिला के साथ कपड़े फाड़कर सात हजार रुपए लूट लिए गए थे इस संबंध में रामनाथ यादव विक्रांत यादव विनोद यादव पुष्पेंद्र यादव पर मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें फरार चल रहे थे एस टी एफ ने सेक्टर 4 थाना बिसरख गौतम बुद्ध नगर से कल दिनांक 24 जुलाई को गिरफ्तार किया गया व आज न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

संक्षिप्त खबरें

## मार्फीन तस्कर को नौ माह सश्रम कारावास

**बाराबंकी।** टिकैतनगर पुलिस द्वारा करीब साढ़े छह माह पहले मार्फीन के साथ गिरफ्तार किये गए अभियुक्त को कोर्ट ने नौ माह सश्रम कारावास की सजा दी है। इस पर 10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। टिकैत नगर थाना में तैनात उपनिरीक्षक तामेश राज ने आरिफ उर्फ अरफू पुत्र मैनुद्दीन निवासी ग्राम रानीमऊ तराई थाना टिकैतनगर को 68 ग्राम मार्फीन के साथ गिरफ्तार किया था। पुलिस ने इसके खिलाफ एनडीपीएस की धारा में मुकदमा दर्ज किया था। विवेचना पूरी होने पर पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट फाइल की थी। इसके बाद अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर एक ने मामले की सुनवाई शुरू की। इसमें दोनों पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुना। जिसके आधार पर आरोप सही पाया गया। न्यायाधीश ने इस मामले में अभियुक्त आरिफ उर्फ अरफू को नौ माह कठोर कारावास की सजा दी है। इस पर 10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है।

## एसडीएम ने निबंधक कार्यालय में मारा छापा, मचा हड़कंप

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** सब रजिस्टर कार्यालय में बिचौलियों को पकड़ने के लिए एसडीएम राम आसरे वर्मा ने गुरुवार की दोपहर छापामारी करके कई लोगों से पूछताछ की मगर कोई संदिग्ध व्यक्ति के न मिलने पर दस्तावेज लेखक तथा स्टांप वेंडरों को बिचौलियों से दूर रहने की सलाह दी। एसडीएम श्री वर्मा गुरुवार की दोपहर अचानक नायब तहसीलदार श्री पांडे कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी के साथ रजिस्ट्री कार्यालय के सामने पहुंचकर एक-एक व्यक्ति से पूछताछ करनी शुरू कर दी जिससे पूरे परिसर में हड़कंप मच गया। इस दौरान कई लोग तो मौके से खिसक गए। परिसर के उपरांत वह कार्यालय भी पहुंचे जहां पर मौजूद क्रेता और विक्रेता से पूछताछ की। श्री वर्मा ने बताया कि रजिस्ट्री के दौरान बिचौलियों की भूमिका पर लगाम लगाने के लिए अभियान चलाया गया लेकिन कोई भी विचोलिया नहीं मिला। इस दौरान स्टांप विक्रेताओं तथा दस्तावेज लेखको से बिचौलियों पर लगाम लगाने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी बिचौलिया पाया गया तो उसके विरुद्ध उचित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## लखनऊ-कानपुर हाईवे तक बनेगा बाईपास मार्ग

**उन्नाव।** हरदोई रोड से हाईवे को जोड़ने के लिए प्रस्तावित दोस्तीनगर बाईपास का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए पीडब्ल्यूडी ने वन विभाग को बीघापुर में जमीन दी गई है। 14.99 करोड़ मिलने के बाद विभाग ने बाईपास के प्रस्तावित रूट के पेड़ों को कटवाने व पीडब्ल्यूडी ने मिट्टी भरान शुरू कर दिया है। हरदोई मार्ग स्थित अग्निशमन प्रशिक्षण केंद्र से लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित दही चौकी चौराहा तक 9.5 किलोमीटर लंबा बाईपास मार्ग बनाने की घोषणा वर्ष 2016 में उन्नाव-शुक्लागंज फोरलेन मार्ग के लोकार्पण में तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने की थी। नए प्रस्तावित बाईपास के क्षेत्र में वन विभाग की 7.5 हेक्टेअर जमीन आ रही थी। जिस पर वन विभाग को बांगरमऊ व पुरवा तहसील क्षेत्र में भूमि उपलब्ध कराई गई थी। लंबे समय तक मामला फाइलों में ही उलझा रहा। जिला प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद अब पीडब्ल्यूडी द्वारा बीघापुर में उपलब्ध कराई गई जमीन पर वन विभाग ने सहमति जता दी है। उधर, शासन से भी 34 करोड़ के निर्धारित बजट में 14.99 करोड़ जारी कर दिए हैं। जिसके बाद पीडब्ल्यूडी ने एक तरफ जमीन पर मिट्टी भरान कराकर समतलीकरण का काम शुरू कर दिया है। वहीं दूसरी ओर सात मीटर चौड़े मार्ग के निर्माण के साथ रास्ते में आ रहे पेड़ो की कटान शुरू हो गई।

## पिछड़े वर्ग के छात्रों के लिए ओ लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण की सुविधा आनलाइन, आन लाइन की तिथि 5 अगस्त

**उन्नाव।** पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए संचालित 'ओ' लेबल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना को आनलाइन कर दिया गया है। आन लाइन करने की अन्तिम तिथि 05 अगस्त, 2024 तक है। अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदनआनलाईन स्वीकार नहीं किये जायेंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ज्योति त्रिवेदी ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा 'ओ' लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण नियमावली-2007, 'ओ' लेवल कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना (प्रथम संशोधन) नियमावली-2016 एवं 'ओ' लेवल तथा सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना द्वितीय संशोधन नियमावली-2017 के द्वारा ओ-लेवल/सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना में संशोधन करते हुए पात्रता की शर्त निम्नानुसार निहित की गयी है।-इस योजना के अन्तर्गत रू0 1,00,000/- (रू0 एक लाख मात्र) वार्षिक ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्र दोनों में सामान रूप से आय सीमा में आने वाले व्यक्तियों को 'ओ' लेवल/सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण अनुमन्य होगा। कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए (102) इण्टरमीडिएट न्यूनतम शैक्षिक अर्हता आवश्यक है। प्रशिक्षणार्थी बेरोजगार हो तथा किसी शिक्षण संस्था से छात्रवृत्ति न ले रहा हो। प्रशिक्षणार्थी की अधिकतम आयु 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। प्रशिक्षणार्थी/आवेदक को जनपद का मूल निवासी होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया है कि इस प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 में ओ-लेवल/सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए इच्छुक अभ्यर्थी http://obccomputertraining.upsdc.gov.in पर दिये गये लिंक के माध्यम से जनसुविधा केन्द्रों, साईबर कैफे, निजी इण्टरनेट केन्द्र द्वारा निदेशालय, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, लखनऊ द्वारा निलीट से मान्यता प्राप्त चयनित संस्थाओं के माध्यम से 'ओ लेवल' तथा 'सी0सी0सी0' कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आनलाईन आवेदन कर सकते है। इसके उपरान्त आवेदन की प्रति दो प्रिंट आउट प्राप्त कर समस्त अभिलेखो/विवरणों (आय, जाति व अन्य शैक्षिक अभिलेख) को संलग्न करते हुए उसकी हार्डकापी दो प्रतियों में कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, 862, मोती नगर, उन्नाव में दिनांक 05 अगस्त, 2024 तक सायं 05:00 बजे सुनिश्चित करे।

## वैज्ञानिकों ने बताए गुरु



**उन्नाव।** कृषि विज्ञान केन्द्र धौरा में कृषकों, पैक्स एवम एफपीओ हेतु एमएसपी पर ऊर्द एवम मक्का की विक्री हेतु एनसीसीएफ कानपुर द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 230 कृषक, कृषक महिलाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की शुरुवात गौ माता एवम भारत माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि डा के एन तिवारी पुर्व प्रोफेसर सीएसए कृषि एवम प्रौद्योगिकी विश्व विद्यालय कानपुर, विशिष्ठ अतिथि डा मुकुल तिवारी उप निदेशक कृषि उन्नाव, डा जी पी तिवारी, मुख्य प्रबंधक इफको लखनऊ, डा शशांक चौधरी जिला कृषि अधिकारी उन्नाव, डा ए के सिंह मुख्य शाखा प्रबंधक एनसीसीएफ़, शिवानी, अमन, एनसीसीएफ ,डा सचिन पवार, आशिम गंगवार एनएससी लखनऊ थे। कार्यक्रम का स्लोगन ÷हर थाल में दाल÷ था । कार्यक्रम का उद्देश्य दाल उत्पादन बढाने और आम लोगों के थाली में दाल पहुंचाने का था। कार्यक्रम में 230 कृषकों को किट उड़द का बीज, पंपलेट, कापी पेन, बैग का वितरण किया । कार्यक्रम में डा के एन तिवारी ने दलहन उत्पादन के बढ़ावा एवम नैनों का उपयोग के बारे में बताया, डा जीपी तिवारी इफको द्वारा उत्पादित उर्वरक एवम उनका उपयोग की चर्चा किया, डा मुकुल तिवारी उपनिदेषक कृषि ने दलहन की महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा किया। ज़िला कृषि अधिकारी शशांक चौधरी ने कृषि के स्तंभों एवम कृषि विभाग की योजनाओं के बारे में बताया। डा सचिन पवार ने एनएससी के साथ मिलकर दलहन की बीज उत्पादन करने के बारे में बताया, और अन्त में डा एके सिंह एनसीसीएफ ने धन्यबाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक डा ए के सिंह, इंचार्ज के वी के डा धीरज कुमार तिवारी, डा अर्चना सिंह, रत्ना सहाय, इंजीनियर रमेश चंद्र मौर्य, सुनील सिंह, डा जय कुमार यादव, शांतनु सिंह, अनुभव सिंह, राम चंद्र, लाल जी शुक्ला, रोहित पटेल, भागीरथ, आदि उपस्थिति रहे।

# लूट का खुलासा, तीन गिरफ्तार



लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** सोमवार को थानाक्षेत्र जगदीशपुर अन्तर्गत स्वक्ष्छ ग्राहक सेवा केन्द्र संचालक सर्वेश कुमार शुक्ल अपने साथी/जानने वाले अनिल मिश्र पुत्र कामता प्रसाद मिश्र निवासी पूरे लबड़ी मजरे शेषपुर थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी व एक अन्य अज्ञात व्यक्ति के साथ स्वक्ष्छ बैंक जगदीशपुर से 3,80,000 रुपये लेकर कार से जा रहे थे तभी रास्ते में समय करीब 05 बजे शाम को ग्राम महमदपुर व खौपुर के बीच में अनिल मिश्र व एक व्यक्ति अज्ञात द्वारा सर्वेश कुमार शुक्ल को चाकू से वार कर घायल अवस्था में कार से उतार कर 3,80,000 रुपये लेकर भाग गये थे ।

उक्त घटना के संबंध में वीरेन्द्र कुमार शुक्ल (घायल के चाचा) पुत्र देवी प्रसाद शुक्ल निवासी ग्राम पूरे पराग पाण्डेय डीघा गोपालपुर थाना जामो जनपद अमेठी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 224/24 धारा 309(6), 109 बीएनएस थाना जगदीशपुर पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही थी, वर्तमान प्रभारी निरीक्षक थाना जगदीशपुर धीरेन्द्र कुमार यादव व तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक थाना जगदीशपुर राकेश कुमार सिंह मय हमराही व उ0नि0 अनूप कुमार सिंह प्रभारी स्वाट/सर्विलांस टीम अमेठी मय हमराही द्वारा मुखबिर की सूचना पर प्रकाश में आये अभियुक्त 1.देवराज सिंह पुत्र समर बहादुर सिंह निवासी पूरे दुंदा थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 44 वर्ष व 2.शुभम मिश्रा पुत्र हनुमान मिश्रा निवासी पटना पवारा पट्टी थाना करौंदीकला जनपद सुल्तानपुर उम्र करीब 19 वर्ष को एक स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूपी 32 एफआर 9006 एवं एक मोटरसाइकिल संख्या यूपी 36 सी 6683 के साथ जामो मोड़ सुल्तानपुर हाइवे के पास से समय करीब 11ः00 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया व 01 नफर बाल अपचारी को पुलिस निगरानी में लिया गया । तलाशी से अभियुक्त देवराज के कब्जे से 30 हजार रुपए, शुभम के कब्जे से 22 हजार रुपए व बाल अपचारी के कब्जे से 90 हजार रुपए बरामद हुए व बाल अपचारी के पास एक बैग से 01 स्मार्ट वाच, 01 ब्लूटूथ, ओप्पो का 01 मोबाइल फोन, 01 इयर फोन बरामद हुआ ।

पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त देवराज व बाल अपचारी ने बताया कि सर्वेश शुक्ला एसबीआई बैंक का फ्रेंचआईजी चलाते हैं जो अक्सर पैसे लेकर आया जाया करते थे, हमलोग योजना बनाये कि इनकी हत्या करके हमलोग पैसे लूट लेंगे । इसी योजना के तहत दिनांक 22.07.2024 को हम दोनों लोग सर्वेश शुक्ला को फोर्ड फिगो कार संख्या यूपी 32 डीवी 5077 में बैठाकर एसबीआई जगदीशपुर बैंक से पैसा निकालकर वापस आते समय महमदपुर के पास चाकू मार कर 03 लाख 80 हजार रुपए लेकर भाग गये थे । घटना के बाद योजना के तहत अनिल मिश्र का भांजा शुभम अपनी मोटरसाइकिल पर बैठा कर हमलोगों को जनपद सुल्तानपुर बिजेथुआ महाबीरन के पास ले जाकर छोड़ दिया था । बरामद सामान व रुपए के संबंध में पूछने पर बताया कि उक्त बरामद सामान उसी लूट के रुपये से खरीदी है और जो रुपये बरामद हुए हैं वह उसी लूट के रुपए हैं, शेष रुपए खर्च हो गये हैं ।

# नगर पंचायत अध्यक्ष ने ईओ लगाया मनमानी का आरोप

डीएम से शिकायत



लोकमित्र ब्यूरो

**रामसनेहीघाट बाराबंकी।** स्थानीय नगर पंचायत के अध्यक्ष ने जिलाधिकारी को एक पत्र देकर अधिशासी अधिकारी द्वारा की जा रही मनमानी पर रोक लगाये जाने की मांग की है।

ज्ञात हो कि विगत दिनों नगर पंचायत की बोर्ड बैठक के दौरान कुछ सभासदों द्वारा नगर पंचायत में कार्यरत सफाई कर्मियों के सुपरवाइजर तथा एक अन्य कर्मी के विरुद्ध शिकायत करके हटाए जाने की मांग की थी। अध्यक्ष ज्ञान प्रकाश यादव के मुताबिक अधिशासी अधिकारी ने बगैर उनसे कोई विचार विमर्श किए बोर्ड बैठक में सुपरवाइजर तथा एक अन्य संविदा कर्मी को हटाए जाने की घोषणा कर दी थी। जिस पर नाराज नगर पंचायत अध्यक्ष कुर्सी छोड़कर चले गए थे। अध्यक्ष श्री यादव के मुताबिक अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत के कार्यों में पूरी तरह से मनमानी कर रहे हैं यही नहीं श्री यादव के मुताबिक वित्तीय मामलों में भी उनसे कोई सलाह लेकर केवल चेक काटने के समय उन्हें बताया जाता है। अधिशासी अधिकारी व नगर पंचायत अध्यक्ष के बीच आपसी सामंजसय ना होने के कारण नगर पंचायत के विकास कार्य भी बाधित हो रहे हैं। श्री यादव के मुताबिक अधिशासी अधिकारी द्वारा किए जा रहे इस प्रकार के कार्यों से सभासदो में भी भारी रोष है। श्री यादव ने जिलाधिकारी से मिलकर अधिशासी अधिकारी धीरज कुमार सिंह द्वारा की जा रही मनमानी पर रोक लगाये जाने की मांग की है। इस संबंध में अधिशाषी अधिकारी धीरज सिंह ने कहा कि शिकायत के आधार पर संविदा कर्मी सुपरवाइजर व एक अन्य कर्मी को हटाया गया है, मनमानी करने की बात पूरी तरह गलत है।

## दिव्यांग पेंशन एवं कुष्ठावस्था पेंशन की आगामी किस्त का भुगतान ''आधार बेस्ड पेमेण्ट'' प्रणाली, से आधार लिंक बैंक खाते में होगा

**उन्नाव।** दिव्यांग पेंशन एवं कुष्ठावस्था पेंशन की आगामी किस्त का भुगतान ''आधार बेस्ड पेमेण्ट'' प्रणाली के माध्यम से आधार लिंक बैंक खाते में होना है। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी/प्रभारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ज्योति त्रिवेदी ने देते हुए बताया कि जनपद में दिव्यांग भरण-पोषण अनुदान (दिव्यांग पेंशन) एवं कुष्ठावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे समस्त लाभार्थियों को अवगत कराया जा रहा है कि दिव्यांग पेंशन एवं कुष्ठावस्था पेंशन की आगामी किस्त का भुगतान ''आधार बेस्ड पेमेण्ट'' प्रणाली के माध्यम से आधार लिंक बैंक खाते में होना है। उन्होंने सभी दिव्यांगजनों से अपील कि है की वह अपने बैंक से सम्पर्क कर अपने दिव्यांग पेंशन संबंधी बैंक खाते को आधार से NPCI Mode में जल्द से जल्द लिंक कराना सुनिश्चित करें अन्यथा उनकी आगामी दिव्यांग पेंशन की धनराशि खातें में अन्तरित कराने में समस्या हो सकती है।

# सृष्टि गुप्ता ने कोठी सचिवालय पर शुरू किया काम



लोकमित्र ब्यूरो

**बाराबंकी।** डेढ़ वर्ष से रिक्त सिद्धौर ब्लॉक क्षेत्र के कोठी पंचायत सहायक चयन प्रक्रिया में विवाद की शिलापट रखी गईक्व। इसके लिए सचिव सुषमा अवस्थी पर तरह-तरह के आरोप लगाए गए। मगर उनके द्वारा खुली बैठक में निष्पक्ष व बिना भेदभाव चयन प्रक्रिया अपनाते हुए स्थानीय निवासी सृष्टि गुप्ता को हाईस्कूल व इंटरमीडिएट प्राप्त 93.5 प्रतिशत अंकों साथ चयनित कियाक्व गया। गुरुवार वह कोठी बाजार स्थित मिनी सचिवालय पहुंचकर सचिव सुषमा अवस्थी से चार्ज लेकर काम शुरु कियाक्व। क्षेत्रीय लोगों की समस्या के निस्तारण संकल्प लेते हुए सरकारी योजनाओं को सभी लाभ दिलाने व समस्त प्रार्थना पत्रों ऑनलाइन करने के साथ-साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इस मौके पर प्रधान शिवनंदनी वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश चंद्र वर्मा, राकेश भारती व उत्तम सिंह आदि मौजूद थे। इन लोगों ने सृष्टि गुप्ता का मुंह मीठा उन्हें बधाई दी। सचिव ने बताया कि यह पद फरवरी 2023 से शैलवी पटेल इस्तीफा से रिक्त था।

# नई शिक्षा नीति में शामिल कर स्थाई किये जाएं शिक्षामित्र

अपनी मांगों के समर्थन में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने किया धरना

मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्री ज्ञापन प्रशासन को सौंपा

लोकमित्र ब्यूरो

**बाराबंकी।** शिक्षा मित्रों की समस्याओं के समाधान और उनके स्थाईकरण के लिए गुरुवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने जिला गन्ना संस्थान परिसर में धरना प्रदर्शन किया। दिवंगत हो चुके शिक्षा मित्रों को इस दौरान श्रद्धांजलि भी दी गई। इसके बाद शिक्षामित्र कलेक्ट्रेट पहुंचे और मुख्यमंत्री को सम्बोधित पांच सूत्री ज्ञापन डीएम कार्यालय में सौंपा।

गन्ना संस्थान परिसर में दिया गया धरनाः उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने गन्ना संस्थान परिसर में शिक्षामित्रों के मांगों के समर्थन में धरना दिया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में शिक्षामित्र पहुंचे। धरने से पहले दिवंगत हो चुके शिक्षामित्रों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस दौरान संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा, जिला महामंत्री राम शंकर राठौर, कोषाध्यक्ष संजय शर्मा व जिलमंत्री चंद्रमौलि द्विवेदी आदि मौजूद थे।

**धरने में उठा स्थाईकरण का मुद्दाः** बैठक में संघ के अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा ने कहा कि शिक्षा मित्र पिछले 23 सालों से स्कूलों में कार्यरत हैं। यह स्नातक के साथ ही बीटीसी उत्तीर्ण भी हैं। लेकिन अभी इनका स्थाई करण नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा के निर्देश पर निदेशक की अध्यक्षता में 14 नवंबर 2023 को कमेटी गठित की गई थी। कमेटी ने कई बैठक करने के बाद शासन को प्रस्ताव भेजा था। इसे जल्द से जल्द लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने शिक्षामित्रों को नई शिक्षा नीति में शामिल कर उन्हें स्थाई किये जाने, समान काम के लिए समान वेतन दिये जाने, शिक्षा मित्रों को उनके मूल विद्यालय में तैनात किये जाने, शिक्षा मित्रों को ईपीएफ योजना में शामिल किये जाने व आयुष्मान योजना में शामिल कर उन्हें मेडिकल सुविधा दिये जाने की मांग की।

**भेजा ज्ञापन :** धरने पर बैठे संघ के पदाधिकारी व शिक्षामित्र कलेक्ट्रेट पहुंची। यहां अपने मांगों का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री को सम्बोधित पांच सूची ज्ञापन डीएम कार्यालय में प्रशासन को सौंपा।

## भैंस चोरी कर भाग रहे चोरों का पिकप कीचड़ मे फसने पर भैंस उतार कर भागे चोर

**पाटन उन्नाव ।** लोडर में भैस चोरी कर भाग रहे है चोरों का पिकप कीचड़ में फस जाने पर चोरों ने चोरी की भैसों को उतार कर भाग निकले। थाना बिहार के ग्राम बगलाहन खेड़ा मजरे सहिला में बीती रात अज्ञात चोरों ने घर के बाहर बंदी राकेश यादव की दो भैंसों को चुराकर पिकप लोडर में लादकर भाग निकले । पशुपालक की रात मे नीद खुलने देखा कि घुटे पर भैंसे गायब देख अवाक रह गया ।पास जाकर देखा तो भैंस जजींर सहित गायब थी । भैंस चोरी होने की आशंका पर रात को ही पशुपालक गांव के अन्य लोगों के साथ भैंसों की खोजबीन शुरू कर दी । भैंसों को चुरा कर भाग रहे चोरों की पिकअप गांव से दूर थाना क्षेत्र के जमीपुर बिरवारा में भैंसे से लदा पिकअप कीचड़ में फस गया। चोरों के प्रयास के बाद भी पिकअप के न निकलने पर भैंसों को उतार कर पिकअप को निकाला रहे थे तभी भैसों की ख़ोजबीन करते आ रहे पशुपालको देखकर चोरो ने भैसों को छोड़कर खाली पिकअप लेकर भाग निकले । पशुपालको की भैंसे मिल जाने पर उन्होंने राहत की सांस ली । गौरतलब हो कि बिहार थाना क्षेत्र में भैंस चोरी का यह सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। पुलिस द्वारा भैस चोरी की घटनाओ का खुलासा न किए जाने से भैंस चोरों के हौसले बुलंद हैं और भैंस चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं ।

# बच्चों को भविष्य में क्या बनना है निश्चित कर लेना चाहिएः अंगद सिंह

लोकमित्र ब्यूरो

**बाराबंकी।** श्री पी.एल. मेमोरियल पी.जी कॉलेज एवं एस.आई.टी.एम., डिपार्टमेंट आफ फार्मेसी, सागर कैंपस, बाराबंकी में निःशुल्क स्मार्टफोन/टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया ।शैक्षिक तकनीकी को बढ़ावा देने हेतु स्मार्टफोन/टैबलेट की भूमिका पर समारोह के मुख्य अतिथि अंगद कुमार सिंह, सदस्य विधान परिषद ने कहा कि बच्चों को अपने सपने बड़े देखना चाहिए और भविष्य में क्या बनना है यह निश्चित कर लेना चाहिए उसे अपने सपने को साकार करने में स्मार्टफोन/टैबलेट बहुत ही सहायक होगा तथा भारतवर्ष सन 2047 तक विकसित देश होगा। श्री सिंह एम.एड.,बी.ए., बी.एस.सी., बी.कॉम , बी फार्मा एवम एम.फार्म के छात्रों को टैबलेट/स्मार्टफोन प्रदान किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक सुनील कुमार झुनझुनवाला, सचिव नमन अग्रवाल, प्राचार्य डॉक्टर सत्य प्रकाश द्विवेदी, निदेशक डॉक्टर पूजा, डॉक्टर राजेश वर्मा, डॉक्टर अखिलेश कुमार नीरज कुमार, शशिकांत शुक्ला, मुकेश कुमार, सरिता वर्मा, शिवम तिवारी सचिन श्रीवास्तव, अंकित वर्मा , अजय वर्मा तथा समस्त अध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# डीएम ने एआरटीओ आफिस और बीएसए आफिस का किया औचक निरीक्षण

फाइलों कब रख रखाव और साफ सफाई के दिये निर्देश




लोकमित्र ब्यूरो

**अमेठी।** डीएम निशा अनंत ने आज सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी तथा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का औचक निरीक्षण कर विभागीय योजनाओं और कार्यों की समीक्षा की।डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एआरटीओ कार्यालय में कई जगह गंदगी पाई गई जिसको लेकर डीएम द्वारा कार्यालय परिसर में पर्याप्त साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही पत्रावलियों के रखरखाव को सुव्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा डीएम द्वारा एआरटीओ कार्यालय में सभी पटल सहायकों से उनके कार्यों के संबंध में जानकारी ली गई तथा कहा कि कार्यालय परिसर में दलाल और बिचौलियों का बोलबाला ना रहे।डीएम ने स्पष्ट कहा कि जन सामान्य के काम को सीधे तौर पर किया जाए उसमें किसी दलाल व बिचौलियों की संलिप्तता न रहे। इसके बाद डीएम ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण कर कार्यालय परिसर में पत्रावलियों के रखरखाव, साफ-सफाई की व्यवस्था को देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने विभागीय योजनाओं की समीक्षा किया और सभी योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, एआरटीओ सर्वेश सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट सात्विक श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# लोक अदालत 13 सितंबर को आयोजित

सुलभ व सक्षम न्याय पायें, लोक अदालत में किसी तरह का शुल्क देय नहीः मनीष निगम



लोकमित्र ब्यूरो

**उन्नाव।** जन सामान्य को त्वरित सस्ता एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के निमित्त आगामी 13 सितम्बर दिन शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उक्त जानकारी राष्ट्रीय लोक अदालत के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनीष निगम ने देते हुए बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में तहसील न्यायालय से लेकर माननीय सर्वोच्च न्यायालय के स्तर पर किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किए जाने हेतु आवेदन पत्र देकर अन्तिम आदेश व निर्णय प्राप्त कर सदैव के लिए लम्बित मामले से छुटकारा पाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में पक्षो के मध्य आपसी सुलह-समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण पक्षकार-व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकते हैं। लोक अदालत में वाद निस्तारण के लिए किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। लम्बित मामले के लोक अदालत में निस्तारण पर न्यायालय शुल्क वापसी की व्यवस्था है। इसके निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती है। कानूनी जटिलताओ से परे लोक अदालत की प्रक्रिया सहज और आपसी समझौते पर आधारित है। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक/सुलह सुमझौते से निस्तारित होने वाले वाद, उत्तराधिकार से संबंधित सिविल मामले, वाद वापसी के मामले, बैंक ऋण वसूली प्री-लिटिगेशन वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक मामले, नगर निगम/नगर पालिका अधिनियम, श्रम संबंधी वाद, भूमि अधिग्रहण संबंधी मामले, राजस्व संबंधित मामले, सर्विस मैटर्स, मनरेगा वाद, व्यापार कर वाद, वजन व मापतौल अधिनियम, वन अधिनियम, उपभोक्ता फोरम वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, एन0आई0एक्ट के वाद, विद्युत एवं जल संबंधी अन्य वाद, आरबीटेशन वाद, आपदा राहत वाद, यातायात चालानी वाद आदि का निस्तारण कराया जा सकता है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील है कि यदि आप किसी भी लम्बित वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराना चहते है, तो कृपया संबंधित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी अथवा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उन्नाव के कार्यालय से सम्पर्क कर अपने वाद को राष्ट्रीय लोक अदालत में नियत करा सकते है।

## तमंचे के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**अमेठी।** गुरुवार को उ0नि0 सत्य प्रकाश थाना रामगंज मय हमराह द्वारा तलाश वांछित देखभाल क्षेत्र के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 77/24 थाना रामगंज जनपद अमेठी में वांछित दो अभियुक्त 1.प्रवेश पाल पुत्र रामभारत पाल निवासी छिबरहा थाना पीपरपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 30 वर्ष व 2.विशाल वर्मा पुत्र विजय बहादुर निवासी दुर्गापुर थाना पीपरपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 34 वर्ष को ग्राम रामपुर इन्द्रपाल के घर के पास से समय करीब 09.05 बजे दिन में गिरफ्तार किया गया । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त प्रवेश पाल ने बताया कि दिनांक 22.07.2024 को कस्बा रामगंज में विकाश मिश्रा पुत्र विजय मिश्रा की दुकान में हम लोगों ने फायर किया था अभियुक्त प्रवेश पाल की निशानदेही पर एक तमंचा व एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना रामगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई ।

# कुर्सी पुलिस ने पहले पकड़ा फिर छोड़ा, जांच शुरू

लोकमित्र ब्यूरो



**बाराबंकी।** थाना व कस्बा कोठी में सोमवार शाम दो लोग अधेड़ बुलेट मांगकर घूमने लगे। चंद मिनटों बाद कुर्सी पुलिस की जीप कोठी चौराहा पहुंच गई। उसने अधेड़ को बुलेट समेत गिरफ्तार कर लिया। बाइक से पांच सौ ग्राम मार्फीन मिलने चर्चा है। इसकी जांच सीसीटीवी फुटेज व मोबाइल सीडीआर समेत अन्य बिंदुओं पर सीओ हैदरगढ़ द्वारा की जा रही है।

कोठी थाना क्षेत्र के स्थानीय चौराहा निवासी राकेश भारती का कहना है कि सोमवार शाम कुभरावां गांव निवासी सुदीप वर्मा उसकी बुलेट मांगकर ले गए। कुछ देर बाद कुर्सी थानाध्यक्ष गजेंद्र प्रताप सिंह पुलिस फोर्स साथ यहां आ पहुंचे। उसे गिरफ्तार कर लिया। उसकी बुलेट से पांच सौ ग्राम मार्फीन बरामद की। पुलिस पूछताछ में उसने बुलेट मांगे देने पर बार-बार गुहार लगाई। तब उसे कुछ देर बाद कुर्सी थाने से छोड़ा गया। इसकी सूचना सीओ हैदरगढ़ हर्षित चौहान ने सुदीप वर्मा व राकेश भारती से पूछताछ की है। पुलिस ने आर्दश किराना स्टोर समेत कोठी चौराहा पर लगे अलग-अलग सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल सीडीआर समेत अन्य बिंदुओं पर जांच शुरू की है। थानाध्यक्ष कुर्सी गजेंद्र प्रताप सिंह का कहना है कि सूचना फर्जी निकली। सीओ हैदरगढ़ हर्षित चौहान कहना है कि एनडीपीएस से संबंधित कोई मामला नहीं है। राकेश भारती की तहरीर पर जांच की जा रही है।

संक्षिप्त खबरें

## अजबापुर मिल ने अधिक उपज बढ़ाओ पुरस्कार पाओ योजना शुरू की



**मैगलगंज-खीरी।** गन्ना विकाश परिषद जे.बी.गंज व गन्ना समिति मैगलगंज के ग्राम औरंगाबाद में गन्ने में अधिक उत्पादन हेतु कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम औरंगाबाद मे वृहस्पतिवार को किया गया जिसमें गन्ना शोध संस्थान शाहजहांपुर के पूर्व वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. बी.डी. सिंह ने अच्छी उपज लेने के लिए गन्ने के खेत की तैयारी, स्वस्थ गन्ना बीज का चयन, बुवाई विधि, संतुलित उर्वरक का प्रयोग, अन्तरवर्तीय खेती, खरपतवार नियंत्रण, मृदा परिरक्षण एवं फसल अवशेष प्रबंधन बांधने आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी।गोष्ठी मे ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक, जेबीगंज अविनाश चंद्र तिवारी ने किसानों को अनबोन्डेड गन्ने पर सदस्यता ग्रहण करने पर एवं सर्वे सट्टा प्रदर्शन के 63 विन्दुओं पर किसानो को जानकारी दिया तथा सचिव मैगलगंज अजीत प्रताप सिंह ने नये मेंबर बनने तथा घोषणा पत्र भरने का किसान भाइयों से आग्रह किया।चीनी मिल के क्षेत्रीय प्रबंधक रमेश चौधरी ने किसानों को चीनी मिल द्वारा चलाए जा रहे अधिक उपज बढ़ाओ अभियान के अंतर्गत प्रति हेक्टेयर 1500से 2000 कु उत्पादन प्राप्त करने पर 15000 रूपये, 2000 से 2500 कुश उत्पादन पर 25000 रुपये तथा 2501 कुश से ऊपर उत्पादन प्राप्त करने पर 50,000 रूपये का नगद पुरस्कार दिए जाने की जानकारी दी द्य इस मौके पर जोनल इंचार्ज पंकज सिंह, बृजेश मिश्रा, अरविंद सिंह,प्रगतिशील किसान नवाब कल्बे हसन सहित तमाम किसान उपस्थित रहे।

### प्यार की दीवानगी इस कदर चढ़ी कि सारे बंदिशे तोड़कर प्रेमिका पहुंची प्रेमी की कब्र पर

**मैगलगंज-खीरी।** प्यार की दीवानगी इस कदर चढ़ी की सारी बंदिशें तोड़कर प्रेमिका अपने प्रेमी की कब्र पर पहुच गई जो कि औरंगाबाद कस्बे में चर्चा का विषय बन गई। करीब दो घण्टे तक प्रेमिका प्रेमी की कब्र पर रोती रही जिसे दिखने के लिए काफी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुची मैगलगंज पुलिस ने उसे समझा बुझाकर वापस उसके घर भेज दिया। करीब दो माह पहले प्रेमी की अमरोहा में हत्या कर दी गई थी। रविवार को औरंगाबाद कस्बे में एक दिलचस्प मामला सामने आया। प्रेमिका अपने प्रेमी के लिए अमरोहा से चलकर औरंगाबाद स्थिति कब्रिस्तान पहुच गई और वह बैठकर रोने लगी। बताते है कि औरंगाबाद कस्बे के रहने वाले प्रेमी आमान अपने बड़े भाई के साथ अमरोहा में रहकर सिलाई का काम किया करता था। वहीं की रहने वाली एक युवती से उसे प्रेम हो गया। प्यार इस कदर परवान चढ़ा की दोनों एक दूसरे के साथ जीने मरने की कश्मे खाने लगे। इसकी जानकारी प्रेमिका के परिवारजनों को हो गई। करीब दो माह पहले आमान वापस अपने घर से अमरोहा गया तभी प्रेमिका की मां, व तीन अन्य लोगों ने मिलकर हत्या कर दी गई और शव को फेक दिया। अमरोहा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मैगलगंज पुलिस से सम्पर्क कर युवक की शिनाख्त करवाई। युवक के पिता की तहरीर पर अमरोहा पुलिस ने प्रेमिका की मां सहित तीन अन्य लोगों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें मां सहित एक आरोपित जेल भेज दिया गया। वहीं दो आरोपित अभी भी फरार बताये जा रहे है। प्रेमी के शव को औरंगाबाद लाकर दफन कर दिया गया। दो महीने बीत जाने के बाद प्रेमिका का प्रेम आमान के प्रति कम नही हुआ वह अमरोहा से चलकर औरंगाबाद जा पहुची और कब्रिस्तान का पता लगाकर उसकी कब्र पर पहुच गई और जोर जोर से रोने लगी।

# मॉकड्रिल में सिखाये आपदा प्रबंधन के गुर

» जिला प्रशासन ने परखे सुरक्षा इंतजाम

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** आपदा प्रभावित क्षेत्रों में बचाव व राहत कार्यों को संचालित करने के उद्देश्य से रिस्पांसिबल ऑफिसर/डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सेफ्टी आफिसर/एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार व इंसीडेंट कमांडर/एडीएम संजय कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं देखरेख में सदर तहसील के ग्राम श्रीनगर के कर्बला मैदान पर मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। माकड्रिल में प्रशासन ने बाढ़ में डूब रहे लोगों को बचाने, प्रभावित क्षेत्र में खाद्यान्न उपलब्ध कराने, दवा वितरण आदि का पूर्वाभ्यास किया।

ग्राम श्रीनगर के कर्बला मैदान से रिस्पांसिबल ऑफिसर/डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देशन में इंसीडेंट कमांडर/एडीएम संजय कुमार सिंह ने ग्राम लंगडीपुर और ग्राम गूम के लिए एक-एक टीम रवाना की। पहली टीम बाढ़ के सम्भावित ग्राम गूम के लिए रवाना हुई, जहां पहुंचकर टीम ने ग्राम को खाली कराया। ग्राम वासियों को सुरक्षित स्थान पर बसाया। दूसरी टीम ग्राम लगड़ीपुर के लिए रवाना हुई। जहा से बाढ़ के पानी में डूबते दो व्यक्तियों को बचाकर राहत शिविर गजोधर प्रसाद इंटर कॉलेज में लाकर चिकित्सा शिविर में लाया गया।

घटना स्थल ग्राम लगड़ीपुर में शारदा नदी में बाढ़ आ जाने से क्षेत्र में पैदा हुई बाढ़ की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों के मॉकड्रिल के दौरान दो व्यक्तियों के नदी में डूबते हुए दिखने पर एनडीआरएफ रेस्क्यू रिसपांस टीम के सहायक कमाण्डेण्ट के नेतृत्व में टीम लीडर तथा आपदा मित्रों द्वारा बचाने का पूर्वाभ्यास किया गया। पूर्वाभ्यास के दौरान जवानों ने देखा कि ग्राम लगड़ीपुर गांव में बाढ़ के पानी में दो व्यक्ति डूब रहे हैं और बचाव-बचाव की आवाज लगा रहे हैं। लगड़ीपुर में व्यक्तियों के बाढ़ के पानी में डूबने का दृश्य देखते ही नाव, मेगाफोन, लाइफ जैकेट, लाइफब्वाय, स्ट्रेचर, सेफ्टी हेलमेट, बाड़ी प्रोटेक्टर इत्यादि जीवन रक्षक उपकरणों के साथ मौजूद रिलीफ रेस्क्यू टीम तथा एनडीआरएफ के जवानों ने आपदा मित्रों के साथ मोटर बोट से नदी में जाकर बाढ़ के पानी से संघर्ष कर रहे दोनों व्यक्तियों को मोटर बोट पर सवार किया और पूरी तत्परता के साथ उन्हें किनारे पर लेकर आये।पूर्वाभ्यास के दौरान उप जिला मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में टीम ने ग्राम गूम पहुंचकर आने वाले कुछ घंटों के भीतर गांव में पानी बढ़ने की सूचना देकर गांव खाली कराया। टीम ने ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर अपनी देखरेख में शिफ्ट कराया।

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मॉकड्रिल का उद्देश्य यह है कि हम वास्तविक आपदा आने से पूर्व ही उन्हीं परिस्थितियों का सामना करते हुए राहत व बचाव कार्यों को सम्पन्न कराकर अपनी तैयारियों को परख रहे हैं ताकि वास्तविक स्थिति उत्पन्न होने पर सभी सम्बन्धित विभाग बेहतर ढंग से कार्य कर सकें। आपदा की स्थिति में राहत बचाव के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। इसके अतिरिक्त आपदा की स्थिति में लोगों एवं पशुओं की जान बचाने और उन्हें प्रभावित क्षेत्र से बाहर राहत शिविर में लाने का अभ्यास किया। सभी विभागों द्वारा मॉकड्रिल के लिए बेहतर तैयारी की गयी है। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बताया कि मॉकड्रिल के दौरान एसएसबी व एनडीआरएफ के जवानों ने पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम से लोगों को बाढ़ के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा घरेलू उपयोग की वस्तुओं से बचाव उपकरण तैयार किये जाने के तरीकों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी।

# कानपुर के सपा विधायक मामले में 8 को सुनवाई के लिए कोर्ट ने मांगा यूपी सरकार से जवाब

» आगजनी मामले में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी को भाई समेत सुनाई गई है 7 साल की सजा

सुनील बाजपेई

**कानपुर।** आज गुरुवार को हुई सुनवाईके दौरान समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार से जवाब मांगा है। इसके लिए सरकार को दो हफ्ते का समय दिया गया है। मामले की अगली सुनवाई 8 अगस्त को होनी है।

अवगत कराते चलें कि कानपुर के जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में नजीर फातिमा नाम की एक महिला का घर जलाए जाने के मामले में दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई गई है।

आगजनी के मामले में हुई 7 साल की इसी सजा के खिलाफ समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील दायर की है।

उन्होंने अपनी इस याचिका में अंतिम फैसला आने तक सजा पर रोक लगाए जाने और जमानत पर रिहा किए जाने की भी मांग की है। इसी मामले में गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में जस्टिस राजीव मिश्रा की सिंगल बेंच ने सुनवाई की।

इरफान सोलंकी के अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय के मुताबिक, सजा के कारण विधायक इरफान सोलंकी की विधानसभा सदस्यता चली गई है। यदि सजा पर रोक की राहत मिलती है तो विधायकी वापस हो सकती है।

आजकल महाराजगंज जेल में बंद चल रहे आगजनी मामले में 7 साल की सजा पाने वाले इरफान सोलंकी सीसामऊ सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधायक चुने गए थे। सजा के बाद विधायकी छिन गई है। इसके खिलाफ उन्होंने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर रखी है।

# बांसगांव में बाघ ने नीलगाय को बनाया निवाला



» कई दिनों से क्षेत्र में जमाये है डेरा, ग्रामीणों में दहशत

लोकमित्र ब्यूरो

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** वनरेंज महेशपुर की बिलहरी वीट के अंतर्गत आने वाले ग्राम बांसगांव - कंधरापुर में बांसगांव के निकट मुकेश मिश्रा के गन्ने के खेत मे बीते दिवस दोपहर को एक नीलगाय को अपना शिकार बनाया।

खेतों में चारा लेने गए ग्रामीणों को गन्ने के खेत से अजीब सी आबाज सुनाई दी मुकेश कुमार ने गन्ने में घुस कर देखा तो एक नीलगाय पडा हुआ था ,मुकेश कुमार ने पड़ोस जाना उचित नहीं समझा।ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे वनविभाग के कर्मचारियों ने मौके पर जाकर देखा तो नीलगाय को बाघ करीब डेढ़ सौ मीटर गन्ने में खींच कर ले गया है जिसमें गन्ना टूटा पड़ा है।वहीं खेत मे बाघ के पैरों के निशान बने हुए हैं।बाघ मित्र सचिन वर्मा व रोहित कुमार ने बाघ होने की सूचना उच्चाधिकारियों को दी है।वहीं ग्रामीणों में बाघ का भय बना हुआ है।लोग खेतों में जाने से डर रहें हैं।

## सरिया चोर गिरफ्तार, चोरी की सरिया व अन्य लोहे का सामान बरामद

**उन्नाव।** अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना गंगाघाट पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग में वांछित अभियुक्त को मय चोरी के सामान के साथ गिरफ्तार किया गया। आपको बताते चले की उ0प्र0 राज्य सेतु निगम लि0 मे स्टोर मुंशी के पद पर तैनात राजेश कुमार पुत्र श्री विश्राम सिंह ग्रा0 नगला खुर्दन डा0 कुर्रा जि0 मैनपुरी जो कि रेल उपरिगामी सेतु 40 ष्ट सरैया पर कार्यरत है, द्वारा थाना गंगाघाट पर तहरीरी दी गई कि आरओबी निर्माण के समय सरैया क्रासिंग के पास निर्माण सम्बन्धी सरिया (पतले मोटे) सेतु निगम व रेलवे के मौके पर पडे रहते हैं। जिनमे कुछ सरिया चोरी हुआ है। जिसके बारे जानकारी करने पर पता चला कि उक्त चोरी व सरिया मुकेश पुत्र श्रीराम विलास सविता निवासी ग्राम सरैया थाना गंगाघाट ने अलग अलग समय में थोडा थोडा चोरी करके अपने घर मे रख रखा है।

# खीरी में डीएम की पहल पर हुआ शिक्षक क्षमता संवर्धन लाइव उन्मुखीकरण कार्यक्रम

## हर क्लास में लगवाएं दो-दो ट्यूबलाइट

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** खीरी में गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की पहल पर शिक्षक क्षमता संवर्धन लाइव उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। बेसिक शिक्षा में शैक्षिक, भौतिक परिवेश के उन्नयन, शिक्षण क्षमता संवर्धन के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता, सीडीओ अभिषेक कुमार की उपस्थिति में लाइव उन्मुखीकरण सत्र कार्यक्रम हुआ। इस यूट्यूब सेशन का संयोजन बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी ने किया।

सेशन की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल बोली, मेरा बेसिक शिक्षा परिवार के सदस्यों को नमस्कार! मुझे विद्यालय आकर और बच्चों से मिलकर आनंद की अनुभूति होती है।

गत दिवस ब्लॉक लखीमपुर से विद्यालय निरीक्षण की शुरुआत की। आने वाले दिनों में आपसे मिलने आपके विद्यालय अवश्य आऊंगी। डीटीएफ-बीटीएफ सदस्यों द्वारा भी हर माह की निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता जांची जायेगी। प्रधान-सचिव विद्यालय आकर विद्यालय की समस्याओं को न केवल जानेंगे बल्कि उसे हल करने का हर स्तर पर प्रयास करेंगे। सभी शिक्षक स्कूलों को चमकाने में पूरे मनोयोग से जुट जाएं। सोमवार-गुरुवार सफाई कार्मिक विद्यालय आकर सफाई कार्य करेंगे। यदि कहीं सफाई कार्मिक ना पहुंचे तो विद्यालय इसकी सूचना दें, तत्काल कार्यवाही होगी।

**व्यायाम, खेलकूद से टाइम टेबल की शुरुआत, नौनिहाल करेंगे 30 मिनट व्यायाम:** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि विद्यालय में शुरुआत के 30 मिनट व्यायाम के लिए आरक्षित किए जाएं। खेल सामग्री का समुचित उपयोग कराते हुए नौनिहालों को इंडोर-आउटडोर खेल को प्रोत्साहित किया जाए। बच्चों को खिलाएं भी और उनके साथ खेले भी। शिक्षक सप्ताह में 02 दिवस (सोमवार-गुरूवार) को पिछले कार्य दिवसों में पढ़ाये गये अध्यायों का रिवीजन करायें। यथा सोमवार, मंगलवार व बुधवार को पढाये गये अध्याय का रिवीजन गुरूवार को करायें। गुरूवार, शुक्रवार, शनिवार पढ़ाये अध्यायों का रिवीजन सोमवार को कराये। नौनिहालों में रिवीजन की आदत डाले और उसे उनके जीवन में आत्मसात कराए।

**कमजोर बच्चों को अग्रिम पंक्ति में बैठाए, समग्र प्रयास से शैक्षिक गुणवत्ता को करे उन्नत: डीएम:** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि न्यून अधिगम स्तर वाले बच्चों को चिन्हित कर अग्रिम पंक्ति में बैठाया जाए ताकि उन पर पृथक से ध्यान दिया जा सके एवं समग्र प्रयास से उनकी शैक्षिक गुणवत्ता को उन्नत किया जा सके।

बच्चों को भोजन से पूर्व एवं भोजन के उपरान्त हाथों की साफ-सफाई के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही प्रतिदिन प्रातः एवं रात्रि में सोने से पूर्व दातों की ब्रश करने की शिक्षा भी दी जाए।शिक्षक कंपोजिट ग्रांट का सदुपयोग कर प्रत्येक कक्षा-कक्ष में अनिवार्य रूप से दो-दो ट्यूबलाइट लगवाएं। शौचालयों में हैंडवॉश यूनिट, पानी आदि होना चाहिए। स्कूल में पीने के पानी की शत-प्रतिशत व्यवस्था रहे। निरीक्षण में मिड डे मील गुणवत्ता, यूनिफॉर्म में बच्चे, शिक्षक-नौनिहाल की उपस्थिति बेहतर मिलने और कक्षा-कक्षा के बाहर बच्चों की एक लाइन में रखे मिलने पर प्रशंसा की।

**कमजोर बच्चों को पढ़ाई में निपुण बच्चों संग जोड़कर करवाए दोस्ती: सीडीओ**

सीडीओ अभिषेक कुमार ने सेशन की आवश्यकता, प्रासंगिकता बताते हुए कहा कि डीएम ने शैक्षिक, भौतिक परिवेश के उन्नयन, शिक्षण क्षमता संवर्धन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर मार्गदर्शन कर दिशा निर्देश दिए है, जिनका सभी शिक्षक पूर्णतया अनुपालन सुनिश्चित कराए। कमजोर बच्चों को पढ़ाई में निपुण बच्चों संग जोड़कर दोस्ती करवाए। ताकि उनका अधिगम व लर्निंग स्तर अच्छा होगा। सेशन की शुरुआत में बीएसए प्रवीण तिवारी ने विद्यालय में शैक्षिक उन्नयन हेतु भरसक प्रयास करने का आह्वान करते हुए कहा कि बच्चों की उपस्थिति पर विशेष ध्यान दें। इस वर्चुअल उन्मुखीकरण कार्यक्रम में डीपीआरओ विशाल सिंह, सभी बीडीओ, बीईओ, डीसी, एसआरजी, एआरपी, शिक्षक, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, आंगनबाडी कार्यकत्री और सफाई कर्मचारी और हितधारकों ने प्रतिभाग किया।

# कमाई का जरिया बना हैण्डपंप मरम्मत व नल रिबोर का कार्य, आंकड़े देने में असमर्थ दिख रहा विभाग

लोकमित्र ब्यूरो




**धौरहरा-खीरी।** सूबे के मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार व भ्रष्टाचार करने वालो पर चाहे जितनी नकेल कसने का जो दावा करते नही थकते लेकिन वे दावे जनपद लखीमपुर-खीरी के विकास खण्डों पर तैनात जिम्मेदार अधिकारीयों द्वारा भ्रष्टाचार की एक नई इबारत व पटकथा लिखने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं।

आइए बात करतें जनपद लखीमपुर-खीरी के विकास खण्ड धौरहरा व ईसानगर की जहां हैंडपंप मरम्मत/रिबोर करने के नाम पर जिम्मेदारो द्वारा धड़ल्ले से लाखों नहीं करोड़ों रुपए का खर्च दिखाकर सरकारी रकम निकालने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा।बताया जाता है कि संबंधित ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिवों का गठजोड़ व विकास खण्ड के जिम्मेदार अफसरों की छत्रछाया से प्रत्येक माह हैंडपंप/मरम्मत/रिबोर के नाम पर मोटी रकम पर हाथ साफ किया जाता है।

क्षेत्र की कुछ ग्राम पंचायतों में तों किसी किसी माह में सिर्फ उपरोक्त फर्जीवाड़े को आसानी से अंजाम देंकर बंदरबांट करने की सूचना है।

हैंडपंप रिबोर संबंधित सूचना वर्ष 2018-19 में दी गई थी दुबारा विभाग के पास ही कोई ठोस जानकारी नहीं है कि कहां कहां रिबोर कराएं गये है।जबकि क्षेत्र के विद्यालयों व गांवों में मौजूद नलो से आर्सेनिक युक्त पानी निकल रहा है या तो बंद पड़े हैं।

यहां तक गांवो में लगे हैंडपंपों के सरकारी आंकड़ों की बात करें तों वर्तमान में सम्बंधित विभाग के पास शायद कुछ नहीं है।

धौरहरा क्षेत्र की दो चर्चित फर्म अली वारिस कांट्रेक्टर व अली कांट्रेक्टर के मालिक व विकास खंण्ड के सचिवों व प्रधानो से लंबें अरसे सांठ-गांठ की परंपरा की वजह से प्रत्येक वर्ष में लाखो करोड़ो रुपए सरकारी पैसे का हेर-फेर होने के संकेत को अंजाम दिया जाता है सूत्रों के मुताबिक बताया जाता है कि फर्म मालिकों द्वारा संबंधित जिम्मेदारो से 20 त्र लेकर बाकी रकम साहब लोगों को लौटा दी जाती है।इस मामले में उच्चाधिकारियों को सबसे पहले संबंधित फर्मो की बारीकी से जांच करे तभी दूध का दूध पानी का पानी अलग हो सकता हैं।सूत्रो के अनुसार विकास खंण्ड के जिम्मेदारो को अपने क्षेत्रों में लगे हैण्ड पंपों की जानकारी भी नहीं है।

इस प्रकरण में जानकारी करने का प्रयास किया गया तो विकास खंण्ड धौरहरा में तैनात एडीओ पंचायत सतीश वर्मा ने बताया हमारे पास अभी इस प्रकार की कोई जानकारी नहीं है।

# मौसम की मार, किसान लाचार!

» पहले सूखा और अब बाढ़... मौसम की मार से बेहाल किसान, पानी से फसलें बर्बाद

लोकमित्र ब्यूरो



**सिंगाही-खीरी।** क्षेत्र के गन्ना किसान पहले सूखे की मार झेली, अब बाढ़ के कारण बर्बादी की कगार पर पहुंच गए हैं। क्योंकि बाढ़ के आये पानी ने गन्ने को रोग ग्रस्त कर दिया जिससे क्षेत्र के हजारों किसानो के खेत सूख ही गए। बाढ़ से क्षेत्र में हजारों एकड़ो में लगी गन्ने की फसल बर्बाद होने की आशंका से किसानों की चिंता बढ़ गई है। क्षेत्र में गन्ना एक %कैश क्रॉप% है। क्षेत्र के अंतर्गत एक चीनी मिल, व सैकड़ों की संख्या में कोल्हू, क्रेशर हैं, जिसपे किसान अपना गन्ना बेंचता है, किसानों के परिवार की दो टाइम की रोटी से लेकर शादी-विवाह व बच्चों की पढ़ाई खेती पर ही निर्भर है। ऐसे में गन्ना किसानों को साहूकारों व बैंकों से लिए गए कर्ज, रोटी व बेटी की चिंता सताने लगी है।

दरअसल ये क्षेत्र तो क्षेत्र, सम्पूर्ण जिला ही गन्नाचल के नाम से जाना जाता है।यहां बहुतायत में किसान गन्ना की खेती पर आश्रित है। लेकिन इन गन्ना किसानों की मुश्किलें कम नहीं हो रही ।पहले बारिश नहीं होने से गन्ना की फसल सूखे की चपेट में आ गयी थी। हजारों एकड़ में लगी गन्ना की फसल सूखने लगी थी। इसी बीच बारिश शुरू होने से किसानों ने राहत की सांस ली ही थी कि समय से पहले आई बाढ़ ने एक नई मुसीबत ला खड़ी कर दी। इस बाढ़ ने गन्ने को सूखा दिया ही साथ ही साथ धान की फसल को भी चौपट कर दिया जिससे किसानों के सामने संकट गहरा गया है।

## सरकारी कार्य में बाधा डालने के पांच गिरफ्तार

**उन्नाव।** हत्या के प्रयास एवं सरकारी कार्य में बाधा डालने वाले 05 उपद्रवी गिरफ्तार को बागरमऊ पुलिस ने गिरफ्तार कर उन पर वैधानिक कार्यवाही की। आपको बताते चले कि थाना बांगरमऊ के ग्राम मऊ में दो पक्षों के मध्य हुए 22 जुलाई को विवाद हो गया जिसमे थाना बांगरमऊ में मुकदमा पंजीकृत किया गया था थाना बांगरमऊ पुलिस द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबन्धित अभियुक. सोएब अली पुत्र रफिदाद अली,पप्पू उर्फ मतलूब पुत्र एतमाद अली, इमरान पुत्र इसरार ,समीर अली पुत्र इरफान अली निवासीगण ग्राम मऊ थाना बांगरमऊ जनपद व तौसीब पुत्र मंजूर निवासी ग्राम भटियापुर थाना बांगरमऊ जनपद उन्नाव को आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के नीचे अण्डपास से गिरफ्तार किया गया ।

# बलिदान तुम्हारा न भूलेगा भारत नमन तुम्हें सदा किया जाएगा

डॉ अशोक कुमार वर्मा



**हरियाणा/हिसार (नवप्रीत कौर)।** विश्व के इतिहास में यह सत्य है कि भारत एक शांतिप्रिय देश है। सभ्यता, संस्कृति और संस्कार भारत का आभूषण है। सदियों से भारत के इतिहास और ग्रंथों में प्रचलित कथाओं से यह सिद्ध हुआ है कि अपने वचन का मान रखने के लिए यहाँ के लोगों ने अपने प्राण तक न्योछावर किये हैं। यहाँ पर सदा यह कहावत प्रचलित है कि रघुकुल रीत सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने सोने की लंका जीतकर भी उस पर अपना अधिकार नहीं जताया अपितु रावण के भाई विभीषण को लौटाकर उसे राजा बना दिया। मित्रता का वचन निर्वहन करने वाले भगवान श्री राम ने बाली का वध करके उसके ही भाई सुग्रीव को सिंहासन सौंप दिया। सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र ने अपना वचन निभाने के लिए राजपाठ का ही नहीं अपितु अपनी पत्नी और पुत्र का भी त्याग कर दिया परन्तु तनिक भी विचलित नहीं हुए। भारत की भूमि शूरवीरों के इतिहास से भरी पड़ी है। पुरे विश्व में भारत ने सदा शान्ति का ही पाठ पढ़ाया है। इतिहास इस बात का साक्षी है कि भारत ने कभी दूसरे के राज्य को हड़पने का स्वप्न में भी कभी विचार नहीं किया लेकिन यदि कोई हमारी धरती पर कुदृष्टि डालता है तो उसे भी नष्ट करने में भारत माता के सपूत कभी पीछे नहीं हटते हैं। भारत की धरती वीरों से भरी हुई है। राजस्थान की धरती पर राष्ट्रपुरुष महाराणा प्रताप जैसे भारत माता के वीर पुत्र हुए हैं जिन्होंने कभी सत्य का दामन नहीं छोड़ा और कठिन से कठिन चुनौतियों में साहस नहीं गवाया। आज उनका नाम बड़े ही आदर के साथ लिया जाता है। महाराष्ट्र में छत्रपति शिवाजी महाराज एक ऐसे शासक थे जिन्होंने मराठा साम्राज्य स्थापित किया और अन्याय अत्याचार के विरुद्ध वे महान स्वतंत्रता सेनानी थे। इन्होंने सदा सत्य का मार्ग अपनाया।

स्वतंत्रता के पश्चात भी भारत सदा ही अपने इन्हीं गुणों के कारण विश्व भर में जाना जाता है। क्षमा, दान, शांति, शील, धर्म, और सहिष्णुता भारतीयों के आभूषण हैं। आपातकाल में सेवा और सहयोग के लिए भारत सदा से जाना जाता है लेकिन यदि कोई भारत की धरती पर कुदृष्टि डालता है तो यह कहावत प्रचलित है- दूध मांगोगे तो खीर देंगे, कश्मीर मांगोगे तो चीर देंगे। वर्ष 2022 के आरम्भ में भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा था कि भारत ने अपने लंबे इतिहास में कभी किसी दूसरे देश पर आक्रमण नहीं किया या उसे जीतने की कोशिश नहीं की। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने भी वर्ष 2016 में पाकिस्तानी आतंकवादियों के उरी हमले के जवाब में यही कहा था।

आज 26 जुलाई का दिन है। आज पूरा भारत विजय कारगिल दिवस पर अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान शूरवीरों के बलिदान को नमन करता है। ये वो महान भारत माता के लाल थे जिन्होंने 1999 में पाकिस्तान द्वारा योजनाबद्ध ढंग से भारत की धरती पर अतिक्रमण करने वाले पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया था और हमारे भारतीय सैनिक देश के काम आए। हुआ यह कि 1999 में पकिस्तान के सैनिकों और घुसपैठियों ने भारत के क्षेत्र में पड़ने वाली मुख्य-मुख्य चोटियों पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया और एलओसी को परिवर्तित करने का दुःसाहस किया।

सौभाग्य से वहां के रहने वाले चरवाहों द्वारा यह सुचना भारतीय सेना को दी गई। उस समय भारत के प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी थे जबकि भारतीय सेना के जनरल वेद प्रकाश मलिक थे। सूचना मिलते ही पाकिस्तान के आधिपत्य में आ चुकी चोटियों को मुक्त कराने के लिए ऑपरेशन कारगिल विजय चलाया गया। कारगिल का युद्ध लगभग 84 दिनों तक चला। यह ऑपरेशन 8 मई 1999 को आरम्भ हुआ और 26 जुलाई 1999 को विजय के साथ जयघोष किया गया। लगभग 18 हजार फ़ीट की ऊंचाई पर कारगिल का युद्ध बहुत ही दुष्कर था। इस युद्ध में भारत के लगभग 527 से अधिक वीर सैनिकों ने अपने प्राणों की आहुति दी। इतना ही नहीं भारत के 1300 से अधिक सैनिक घायल हुए थे। दूसरी और पाकिस्तान के 2700 सैनिक मारे गए और 750 सैनिक युद्ध स्थल छोड़ कर भाग गए थे। इस युद्ध में भारत माँ के जो लाल देश के काम आए।

उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया। उन्होंने भारत का मस्तक गर्व से ऊँचा किया है। पूरा भारत उन्हें नमन करता है। यह युद्ध विजय करना इतना सरल नहीं था। विषम परिस्थितियां और ऊंचाई पर बैठे शत्रु एक बहुत बड़ी चुनौती थे लेकिन इन महान देश भक्तों ने अपने प्राणों की आहुति देकर भी अपने पग पीछे नहीं अपितु आगे ही आगे बढ़ाकर देश का गौरव बढ़ाया। उन महान देश भक्तों के निमित कुछ पंक्तियाँ उन्हें समर्पित हैं-

*बलिदान तुम्हारा न भूलेगा भारत नमन तुम्हें सदा किया जाएगा।*
*तुम हो सच्चे भारत माँ के लाल बच्चा बच्चा यह गुण गाएगा ।*
*देश के लिए तुमने प्राण किये न्योछावर कोई न भूल पाएगा।*
*वीरता और शौर्य के प्रतीक हो तुम इतिहास में लिखा जाएगा।*

संक्षिप्त खबरें

## सीसीटीवी कैमरे को चालू कराने के लिए सभासद आरती जायसवाल ने डीएम और कमिश्नर को भेजा पत्र



लोकमित्र ब्यूरो

**गोशाईगंज (अयोध्या)!** गोसाईगंज नगर पंचायत के तेलियागढ़,भीटी चौराहा तथा बस स्टॉप पर लगे वर्षों से ख़राब पड़े सीसीटीवी कैमरे को चालू कराने के लिए सभासद आरती जयसवाल ने मंडलायुक्त अयोध्या तथा जिलाधिकारी अयोध्या को पत्र भेजकर जनहित में अविलंब उसको चालू करने की मांग की हैं!मालूम हों कि श्रीमती जायसवाल ने बीते माह तमसा बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष एवं सभासद एसो0 के राष्ट्रीय सचिव अशोक चौरसिया व सभासद ध्रुव भोजवाल के साथ ईओ गोशाईगंज को मांग पत्र देकर अविलंब उसे चालू कराने की माग की थी लेकीन आज तक कोई कामयाबी नही मिली।गौरतलब हो कि गोसाईगंज बाजार में असामाजिक एवं शरारती तत्वों की रोकथाम के लिए पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी ÷खब्बू÷ ने अपनी निधि से तेलियागढ़,भीटी चौराहा एवं कटरा-बस स्टॉप पर सीसीटीवी कैमरे को लगवाया था!थाना परिसर से मॉनिटरिंग होने वाले सीसीटीवी कैमरे के लग जाने से जहां कस्बे वासी विधायक खब्बू तिवारी की प्रशंसा करते नहीं थकते थे वही बाजार में आए दिन घटने वाली आपराधिक घटनाओं का भी पुलिस इसी सीसीटीवीं कैमरे की मदद से घटना का पर्दाफाश कर अपराधियों को अपने शिकंजे में लेकर जेल भेज देती थी!लेकिन इधर बीते 2 सालो से देखरेख के अभाव मे कैमरे ने काम करना बंद कर दिया है।

## दुष्कर्मी को मिला 19 साल का कठोर कारावास

**अयोध्या।** 7 साल पहले घर में घुसकर अकेली किशोरी के साथ चाकू दिखा कर दुष्कर्म करने के दोष सिद्ध अभियुक्त छत्रपाल को 19 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया गया है। साथ ही 30000 रुपए जुर्माना भी लगाया गया है। वही आयुध अधिनियम में 3 साल के कठोर कारावास के साथ-साथ 5000 रुपए जुर्माना से भी दंडित किया गया है।यह फैसला अपर सत्र न्यायाधीश / एफटीसी प्रथम प्रदीप कुमार सिंह ने अभियुक्त को जेल से तलब कर भरी अदालत में बुधवार को सुनाया। अभियोजन पक्ष से एडीजीसी सतीश चन्द्र देवरस के मुताबिक घटना थाना गोसाईगंज क्षेत्र की 7 साल पहले की है। 21 वर्षीय किशोरी के पिता मजदूरी करने गए थे। उसकी माता भी खेत से चारा लेने गई थी । घर पर वह अकेली थी। दिन के 11ः00 बजे छत्रपाल घर पर आकर जोर जबरदस्ती करने लगा। बचाव में भागने की कोशिश की तो हाथ पकड़ लिया और चाकू दिखाकर गलत काम किया। लोक लाज के भय से घटना को घर में किसी से नहीं बताया। 15 दिन बाद पेट में दर्द होने लगा। घर वालों ने डॉक्टर को दिखाया तो पता चला कि पेट में बच्चा है। पीड़िता की तहरीर पर 25 जुलाई 2017 को थाना गोसाईगंज में आरोपी छत्रपाल पुत्र राम गरीब निवासी बेरा गांव के विरुद्ध दुष्कर्म सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ।अभियोजन पक्ष से न्यायालय में 8 गवाह पेश किए गए।न्यायालय ने दोष सिद्ध अभियुक्त छत्रपाल को दुष्कर्म के अपराध में 12 साल के कठोर कारावास व 20000 रुपए जुर्माना , घर में घुसकर अपराध करने के मामले में 4 साल के कठोर कारावास व 10000 रुपए जुर्माना तथा जान से मारने की धमकी के मामले में 3 साल के कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। वही आयुध अधिनियम में 3 साल के कठोर कारावास तथा 5000 रुपए जुर्माना से दण्डित किया गया। जुर्माने की आधी धनराशि पीड़िता को दिए जाने का आदेश दिया गया है।सभी सजायें साथ-साथ चलेगी। सजा सुनाए जाने के बाद अभियुक्त छत्रपाल को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में जेल भेज दिया गया।

## करंट की चपेट मे आकर महिला की मौत

**रुदौली-अयोध्या।**बाबा बाजार थाना क्षेत्र के शेर पुर गांव मे गुरुवार की सुबह करेंट की चपेट मे आकर एक महिला की मौत हो गई।थाना प्रभारी राजेश सिंह् के मुताबिक मवई थाना क्षेत्र के ग्राम मांजन पुर निवासी रेशमा (28) पत्नी कमर अब्बास दो दिन पूर्व अपने मायके बाबा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम शेर पुर पिता अजीमुल्ला के घर आई थी। गुरुवार की सुबह लगभग साढ़े छह बजे वह दरवाजे पर झाडू लगा रही थी।इसी दौरान ट्रांसफार्मर मे लगे अर्थ वायर मे उतरे करेंट की चपेट मे आकर गंभीर रूप से झुलस गई।परिजन उसे अस्पताल ले जा रहे थे। लेकिन रास्ते मे ही उसकी मौत हो गई।मौत की खबर मिलते ही घर मे कोहराम मच गया। बाबा बाजार उपकेंद्र के अवर अभियंता हिम्मत सिंह ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही आपूर्ति ठप करा दी गई है।थाना प्रभारी ने बताया कि शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## नवजात की हालत गंभीर होता देख ईएमटी ने अपनी निगरानी में लखनऊ पहुंचा बचाई जान

**अयोध्या।** नगर निगम के सरजू नगर कॉलोनी निवासी दुर्गा का एक दिन के नवजात की तबीयत खराब होने पर दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज से लखनऊ मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन द्वारा 108 पर फोन करने पर एंबुलेंस क्क32श्वत्र4479 से पायलट उदयभान व ईएमटी सर्वेश मिश्र दर्शन नगर पहुंच कर मरीज को एंबुलेंस में शिफ्ट कर लखनऊ के लिए निकले जहां रास्ते में नवजात की हालत ज्यादा बिगड़ने पर ईएमटी सर्वेश मिश्र द्वारा 108 कॉल सेंटर पर उपलब्ध डॉक्टर हरीश से संपर्क कर नवजात को उचित स्वास्थ व्यवस्था देकर उन्हें साथ में मेडिकल कॉलेज लखनऊ सकुशल शिफ्ट करवाया गया। जिसकी जानकारी देते हुए अयोध्या प्रोग्राम मैनेजर दीपक अस्थाना द्वारा बताया गया की हमारे 108 कॉल सेंटर पर डॉक्टर की टीम रहती है जो मरीज को हॉस्पिटल शिफ्ट करने से पहले समस्या आने पर ईएमटी को उचित सलाह देते है। साथ में क्वालिटी एडिटर बृजेंद्र तिवारी, ट्रेनर विजय बहादुर और जिला प्रभारी अनिल पांडेय मौजूद रहे।

## भारतीय सेना से प्रेरित होकर देश की रक्षा का ले संकल्पः कुलपति प्रो0 प्रतिभा

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस पर बुधवार को मुख्य परिसर में 146 इन्फैंट्री ब्रिगेड की पांचवी मराठा लाइट इन्फैंट्री द्वारा सैन्य उपकरणों की प्रदर्शनी लगाई गई। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल व फाइव मराठा रेजीमेंट के बिग्रेडियर आनंद मनवाल ने सैन्य प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस सैन्य प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय परिसर एवं विभिन्न महाविद्यालयों एवं इण्टर कालेजों से आये छात्र-छात्राओं को मराठा लाइट इन्फैंट्री द्वारा सैन्य उपकरणों से सम्बन्धित जानकारी दी गई।मौके पर कुलपति प्रो. गोयल ने बताया कि भारतीय सेना आधुनिक उपकरणों की बदौलत सीमाओं की सुरक्षा अनवरत कर रही है। विद्यार्थी भारतीय सेना से प्रेरित होकर देश की रक्षा का संकल्प लें और एक जिम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभायें। सैन्य प्रदर्शनी में कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र, इतिहास संस्कृति एवं पुरातत्व विभागाध्यक्ष प्रो0 अजय प्रताप सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो0 नीलम पाठक, प्रो0 शैलेन्द्र वर्मा, कर्नल विक्रम नलवाडे सहित कमांडिग आफिसर एवं विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने उपचुनाव को लेकर मंथन किया

## बूथ समिति के कार्यकर्ता अपने क्षेत्रों में लोगों से लगातार सम्पर्क व संवाद करते रहें



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मंत्री मयंकेश्वर सिंह, गिरीश यादव, सतीश शर्मा, एमएलसी अवनीश पटेल ने मिल्कीपुर विधान सभा के सभी मंडल अध्यक्षों तथा प्रभारियों के साथ पार्टी कार्यालय सहादतगंज में बैठक की। बैठक में उपचुनाव को लेकर मंथन किया गया।बैठक में प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि बूथ समिति के कार्यकर्ता अपने क्षेत्रों में लोगों से लगातार सम्पर्क व संवाद करते रहें। मंडल के पदाधिकारी शक्ति केन्द्र तथा बूथ के कार्यकताओं से समीक्षा करते रहें। विगत चुनाव में जो बूथ कमजोर थे उन पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। जो मतदाता किन्हीं कारणों से नाराज हैं उनसे मंडल और जिले के पदाधिकारी सम्पर्क करें। विगत चुनाव में विपक्ष के द्वारा झूठ फैलाकर चुनाव में जीत दर्ज की गई। विपक्ष के इस झूठ के बारे में कार्यकर्ता जनता से चर्चा अवश्य करें।

मंत्री मयंकेश्वर सिंह ने कहा बूथ विजय से ही चुनाव विजय होती है। विगत चुनाव में जिस प्रकार से झूठ के बल पर चुनाव को प्रभावित किया गया उसका पर्दाफाश कार्यकताओं को करना है।

मंत्री गिरीश यादव ने मंडल के सभी पदाधिकारियों को क्षेत्र में एक्टिव रहने तथा बूथ पदाधिकारियों से नियमित सम्पर्क में रहने को कहा। मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता हर घर तथा हर मतदाता से सम्पर्क करें उन्हें सरकार की नीतियों तथा जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में अवगत कराएं।

बैठक में जिला प्रभारी मिथिलेश त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, कमला शंकर पाण्डेय, राघवेंद्र पांडे, शैलेंद्र कोरी, राधेश्याम त्यागी मिल्कीपुर विधानसभा के चारों मंडलों के अध्यक्ष व प्रभारी मौजूद रहे।

## अवैध संबंधों के शक में पति ने पत्नी को उतारा मौत के घाट

लोकमित्र ब्यूरो

**मिल्कीपुर -अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र के उछाहपाली गांव में अवैध संबंधों के चलते पति द्वारा अपनी पत्नी की गला घोटकर हत्या कर शव को कुएं में फेंक दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के पति को हिरासत में लिया और कड़ी पूछताछ के बाद उसने अपने पत्नी की गला घोट कर हत्या करने की बात कबूल की तथा उसके कब्जे से उसकी पत्नी का शव कुएं से बरामद कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनायत नगर थाना क्षेत्र स्थित पोल्ट्री फार्म संचालक वसीम खान ने सूचना दिया कि मेरे पोल्ट्री फार्म पर उछहपाली गांव के पति पत्नी रहते थे और वही कार्य करते थे। बीते 2 दिन पूर्व से पत्नी गायब थी, अब पति भी गायब हो गया है। बच्चे अपने मां बाप को ढूंढ रहे हैं। जानकारी मिलने के बाद प्रभारी निरीक्षक अभिमन्यु शुक्ला पुलिस फोर्स के साथ बीती रात उछहपाली गांव पहुंचे। उन्होंनेपोल्ट्री फार्म संचालक वसीम खान से जानकारी ली और गायब दंपति की खोज में पुलिस टीम के साथ जुट गए। काफी प्रयास के बाद पुलिस ने पति शाहिद पुत्र अब्दुल समद पुलिस को मिला। पुलिसिया पूंछतांछ में शाहिद ने अपनी पत्नी की हत्या कर कुएं मे शव छुपाने की बात कबूल की। आरोपी पति ने पुलिस को बताया कि पत्नी नफीसाबानो का दूसरे व्यक्ति से संबंध होने की मुझे शंका थी। जिसके चलते मैंने उसकी गला घोट कर हत्या कर दी है और शव को कुएं में छुपा दिया है। पुलिस ने आरोपी के निषादेही पर कुएं से शव को बरामद किया और पंचायतनामा कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं मृतका नफीसाबानो (30 वर्ष) के भाई इश्तिहार निवासी ग्राम दादरा थाना कोतवाली मुसाफिरखाना जनपद अमेठी ने अपने बहन की हत्या करने वाले आरोपी बहनोई के विरुद्ध मुकदमा कायम किए जाने हेतु पुलिस को तहरीर दिया। पुलिस ने आरोपी पति शाहिद के खिलाफ हत्या कर साक्ष्य छुपाने की गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई करने के उपरांत न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मृतका के तीन बेटियां हैं। जिनमें बड़ी बेटी फिजा 12 वर्ष, शिफा 7 वर्ष व रिफा 3 वर्ष हैं।

## पीड़िता ने पुलिस में की शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

**बीकापुर -अयोध्या ।** कोतवाली क्षेत्र के तोरो माफी दराबगंज निवासी अशोक कुमार पुत्र राधेश्याम प्रतिदिन दराब गंज बाजार मैं पकड़ के पेड़ के नीचे ठेले पर चार्ट की दुकान करते हैं। दुकान पर शनिवार को रात लगभग 8ः30 बजे गोहटा पुत्र राम पदारथ एवं साधु पुत्र अज्ञात आकर चाट लिए और पीछे जाकर चाट के साथ शराब पीकर आए। और गाली गुप्ता देते जान से मारने की धमकी देने लगे हैं। जिसे सुनकर आस - पास के लोग बीच बचाव के बाद जान से मारने की धमकी देते चले गए जिसकी शिकायत पीड़ित की पत्नी लक्ष्मी द्वारा कोतवाली में करने पर उक्त दोनों लोगों के खिलाफ धारा 352, 351( दो ) मे मुकदमा पंजीकृत करके स्थानीय पुलिस जांच में लग गई है।

# 19 करोड़ की लागत से किया जाएगा तुलसी स्मारक भवन का जीर्णोद्धार

▸▸लगाई जाएगी कोदंड श्री राम व बाबा तुलसी की प्रतिमा
▸▸श्री राम व वैदिक वांग्मय को मिलेगा नया आयाम

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।** रामनगरी के तुलसी स्मारक भवन में कोदंड श्रीराम और बाबा तुलसी की प्रतिमा लगेगी। 19 करोड़ रुपए की लागत से तुलसी स्मारक भवन का जीर्णोद्धार कराया जा रहा है। अब यहां से श्री राम और वैदिक वांग्मय पर शोध को नया आयाम दिए जाने की तैयारी है। प्रदेश कि योगी सरकार से पोषित अंतरराष्ट्रीय रामायण एंव वैदिक शोध संस्थान का यही केंद्र है। श्री राम से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों और तथ्यों को यहां सहेजा गया है। यहां अनवरत राम लीला भी चल रही है।

### क्या-क्या होना है परिवर्तन

अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि तुलसी स्मारक भवन के पुराने भवन का जीर्णोद्वार करके नया भवन तैयार किया जा रहा है। इसमें बेसमेन्ट पर पुस्तकालय, ग्राउण्ड फ्लोर पर इंटरनेशनल आर्ट गैलरी प्रथम तल पर कार्यालय और रामलीला हॉल का निर्माण, द्वितीय तल पर इन्टरनेशनल आर्ट गैलरी,आडियो वीडियो, आर्ट गैलरी व डारमेट्री का निर्माण और तृतीय ताल पर इन्टरनेशनल आर्ट गैलरी तथा टैरेस पर वाटर टैक व मुमटी बनाई जा रही है। इसके साथ ही अन्य कार्य कराए जा रहे हैं। इसके लुक को बदला जा रहा है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर के शोधार्थी यहां आ सके कि इसका जीणोद्धार इस दृष्टि से कराया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर श्रीराम और वैदिक विषयों पर शोध हो सके। इसके प्रथम तल पर कोदंड श्री राम और गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा लगाई जाएगी। यह आमने-सामने होगी। स्मारक भवन में यह आकर्षण का केंद्र होगी। भवन का भव्य पुस्तकालय बेसमेट में है।

बताते हैं कि किताबों के मामले यह काफी समृद्ध है। इसमें श्रीराम से जुड़े तथ्यों और अभिलेखों को सहेजा गया है। इसे और समृद्ध किया जा रहा है। यहां श्री राम से जुड़ी देश विदेश की कलाकृतियां हैं।

इनको प्रदर्शित किया जाएगा। बताया कि स्मारक भवन का पूरा एक सेक्शन अंतरराष्ट्रीय रामायण और वैदिक शोध से जुड़ा होगा। जहां देश--विदेश के शोधार्थी आकर अपना शोध कर सकें। इससे शोध को बढ़ावा मिले। बताया कि इस केंद्र से रामोत्सव सहित कई तरह के उत्सव मनाए जाएंगे। बताया कि जीर्णोद्धार के चलते यहां के क्रियाकलाप पर असर रहा है। इसी माह निर्माण पूरा करा लिया जाएगा।



# मकान कब्जा को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट युवती घायल,जिला चिकित्सालय में भर्ती



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्याधाम।** मकान कब्जा को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट इसमें एक पक्ष की दो युवती व दो पुरुष को चोटें आई हैं। लहूलुहान हालत में घायल युवती को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां जनरल वार्ड में उसका इलाज चल रहा है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नाका हनुमानगढ़ी परिक्रमा मार्ग पर स्थित मकान को लेकर हुई मारपीट की तहरीर कोतवाली में दी गई।शिकायती पत्र में कहा गया है कि पीड़ति आशीष यादव पुत्र स्व अशोक कुमार यादव निवासी नाका हनुमानगढी परिक्रमा मार्ग, थाना कोतवाली नगर स्थाई निवासी है 24 जुलाई को समय लगभग सुबह 9ः45 पर अपने घर के पीछे की दिवाल पर खिड़की लगवाने के लिए तोड़ावा रहा था, तभी विपक्षी दिनेश यादव, रविन्द यादव, महेन्द्र यादव पुत्रगण नरसिंह यादव व नरसिंह यादव पुत्र स्व महाराजदीन यादव दो अज्ञात व्यक्तियों को लेकर आये और माँ-बहन की भद्दी-भद्दी गाली देते हुए, घर में घुस कर पीड़ति को जमीन पर गिराकर लात-घुसे तथा धारदार हथियार से मारने लगे बीच बचाव करने आयी पीड़ति की बहन समृद्धी यादव के सिर पर कुल्हाडी से वार किये जिसमे समृद्धी के सिर में गभीर चोटें आ गयी जिससे समृद्धी बेहोश होकर गिर गयी इसी बीच पीड़ति के भाई- बहन सागर यादव आकाश यादव, त्रिशा यादव को विपक्षीगणो ने लात-घूसे तथा लाठी-डंडो में मारा। हल्ला गुहार होने पर जब मोहल्ले के लोग आ गये तब विक्षपीगण जाते जाते यह धमकाकर गये की अगर पुलिस के पास जाओगे तो तुमको व तुम्हारे परिवार को जान से मरवा दूगां। पीड़ति का कहना है कि विपक्षीगण मेरी बुआ के लड़के हैं जो दर्शन नगर स्थित तिहुरा मांझा के स्थाई निवासी हैं मेरी बुआ कुछ दिनों से यहां रह रही थी अब वह हमारा घर कब्जा करने के लिए अमादा है जिसको लेकर आए दिन मारपीट गाली गलौज करते रहते हैं इसको लेकर कोतवाली में तहरीर दी गई जहां पर विपक्षियों पर बी एन एस 2023 के तहत 191(2) 115(2) 352, 351,(2) 110, 333 मुकदमा दर्ज किया गया।

## वार्डबॉय के सहारे चल रही पीएचसी,डॉक्टर आये दिन रहते हैं नदारद

▸▸मरीजों के साथ हो रहा खिलवाड़, अनुपस्थिति चिकित्सकों पर नही हो रही कार्यवाही

लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्या।**मवई सीएचसी अंतर्गत पीएचसी पुरेकामगार में तैनात डॉक्टर आए दिन नादरद रहते हैं।

गुरुवार को सुबह 9ः30 बजे पत्रकारों की पड़ताल में पीएचसी प्रभारी डॉ पृथ्वी पाल यादव सहित फार्मासिस्ट नादरद मिले।मौके पर वार्डबॉय अनिल कुमार व सुनील कुमार मौजूद रहे।स्थानीय लोगों की माने तो तैनात चिकित्सक आये दिन नादरद रहते हैं,समय पर तो कभी आते ही नही है।

पड़ताल के दौरान पता चला कि तैनात चिकित्सक मवई चौराहे पर अपनी निजी अस्पताल भी खोल रखा है जिससे ज्यादा समय अपने अस्पताल पर देता है।सूत्रो की माने तो स्थानीय तथाकथित सत्ता पक्ष के नेताओं के संरक्षण मिलने की वजह से चिकित्सक के हौसले बुलंद हैं ऐसे भ्रष्ट चिकित्सकों के लापरवाही के चलते आम जनता को काफी परेशानी होती है और निजी अस्पतालों में इलाज करने को मजबूर होते हैं।

राजनीतिक दबाव के चलते अनुपस्थित चिकित्सकों पर कोई कार्रवाई नहीं हो पाती है। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय जैन ने बताया मामला संज्ञान में आया है कारण बताओ नोटिस जारी की जायेगी।

## अभाविप अयोध्या नगर इकाई की नवीन कार्यकर्ता बैठक संम्पन्न हुई



लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्याधाम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बीकापुर इकाई के नवीन कार्यकर्ताओ की बैठक सरस्वती विद्या मंदिर बीकापुर में संपन्न हुई । जिसमें प्रमुख रूप से विभाग संगठन मंत्री अंकित भारतीय विभाग कार्यालय मंत्री दुर्गेश तिवारी उपस्थित रहें। विभाग संगठन मंत्री अंकित भारतीय ने नवीन कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए बताया कि विद्यार्थी परिषद ने 76 वर्षो की ध्येय यात्रा में युवाओं के ऐसे ही चरित्र को गढने का काम किया है और विद्यार्थी परिषद स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानती है विद्यार्थी परिषद 76 वे वर्ष में प्रवेश कर रही है जिससे युवा राष्ट्रवादी विचारधारा के साथ जुड़कर राष्ट्र का पुनर्निर्माण करेंगे हम सब मिलकर युवा साथी बीकापुर क्षेत्र के विद्यार्थी के लिये शिक्षा क्षेत्र में नए आयाम खड़े करेंगे और बीकापुर के विद्यार्थी के साथ मिलकर समाज का निर्माण करेंगे । बैठक का संचालन हर्षित पांडेय ने किया। इस अवसर पर ,कृष्णा तिवारी हर्षित पांडेय वैभव तिवारी ,आर्यन भट्ट कृष्णा तिवारी वशिष्ठ शिवम मिश्रा योगेश तिवारी पंचम यादव अंशुमान तिवारी सूर्यांश तिवारी उत्कर्ष सिंह सक्षम, सोहम मिश्रा उपस्थित रहे।

# सरकार से समान कार्य समान वेतन देने की मांग -जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्र




लोकमित्र ब्यूरो

**अयोध्याधाम।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के सैकड़ो शिक्षामित्र गांधी पार्क में एकत्रित होकर समायोजन निरस्त होने से आहत साथियो की आत्मशान्ति के लिए हाथों में काली पट्टी बांधकर उन्हे श्रद्धाजंलि अर्पित की। ज्ञात हो कि विगत 25 जुलाई 2017 में शिक्षामित्र से शिक्षक पद पर समोयोजित 1 लाख 37 हजार लोगों का मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पर समायोजन निरस्त हो गया था जिससे सभी प्रशिक्षित स्नातक शिक्षामित्र मे से लगभग 8 हजार शि.मि. अकाल काल के गाल में अर्थिक तंगी और मानसिक अवसाद से सभा गये।श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता कर रहे शिक्षामित्र संघ के जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्र ने कहा कि विगत वर्ष सरकार द्वारा शिक्षामित्रों की समस्या निस्तारण के लिए एक कमेटी बनाई थी, परन्तु उसका अभी तक कोई निदान नहीं हुआ संघ मांग करता है कि 23 वर्ष तक अनुभवी प्रशिक्षित की समान कार्य समान वेतन देने की सरकार से मांग की।मंडल अध्यक्ष रामतीरथ बनौधिया ने बताया कि शिक्षामित्र आर्थिक संकट से विवश होकर अपना व अपने परिवार का इलाज नहीं करवा पा रहे है इन्हे तत्काल आयुष्मान योजना से जोड़ने की मांग की। कार्यक्रम के समापन पर शिक्षामित्रों ने गांधी प्रतिमा पर कैडिल जलाकर अपने दिवंगत शिक्षामित्र साथियो को श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात् मुख्यमंत्री को सम्बोधित सात सूत्रीय मांग पत्र दिया गया।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दुर्गेश मिश्र सहित रामतीरथ बनौधिया राम दर्शन यादव आशुतोष सिंह विजय कुमार संतोष तिवारी मोबीन अहमद सत्यपाल शिव कुमार यादव रामकरन भारती रंजीत तिवारी रामशंकर, राम प्रगट शर्मा, मो0 हिलाल सईद, रेखा शुक्ला, डॉ0 शबनम बानो, प्रेम द्विवेदी, शिवा नन्द तिवारी, राजेश तिवारी, मुनीष वर्मा, विनय मिश्रा, राम कुमार, ईश कुमार वर्मा, साधना सिंह, साधना पाण्डेय, डॉली सिंह, संगीता गुप्ता आदि सभी अयोध्या जनपद के सैकड़ो शिक्षामित्र साथी मौजूद रहे।

## सांप के डसने पर जिला अस्पताल रिफर

लोकमित्र ब्यूरो

**बीकापुर -अयोध्या ।**कोतवाली क्षेत्र के भावपुर कोडरा निवासी फुलवा पत्नी जगराम को रात लगभग दश बजे सांप के काट लेने की संदेह पर सी एच सी बीकापुर लाया गया! जहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर संत कुमार मौर्य द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गहन छानबीन के लिए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। जहां रात में इलाज के बाद सुबह डॉक्टर द्वारा देखने के बाद डिस्चार्ज करने पर घर लाया गया है। घर आने पर स्वस्थ बताया जा रहा है जिससे परिवार के लोग खुशियों से झूम उठे हैं।

# शिक्षामित्र अनुदेशकों ने समान कार्य समान वेतन की मांग

## शिक्षामित्र अनुदेशक के समर्थन में उतरा प्राथमिक शिक्षक संघ एवं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ

> जिला पंचायत कैंपस में धरना प्रदर्शन के बाद पैदल मार्च कर शिक्षामित्र अनुदेशक पहुंचे कलेक्ट्रेट







**बलरामपुर।** परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्र एवं अनुदेशकों ने समस्याओं को लेकर जिला पंचायत कैंपस में धरना प्रदर्शन किया है सैकड़ो शिक्षामित्र अनुदेशक बीएसए कार्यालय के सामने से कलेक्ट्रेट पैदल मार्च करते हुए जिलाधिकारी प्रतिनिधि मुख्य प्रशासनिक अधिकारी को पांच सूत्री मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन दिया है। आदर्श शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ एवं अनुदेशक शिक्षक शिक्षामित्र संघ के समर्थन में प्रदर्शन के दौरान प्राथमिक शिक्षक पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के पदाधिकारी भी शामिल रहे हैं।

उत्तर प्रदेश शिक्षक शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन अनुदेशक शिक्षक संघ एवं उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तर पर समस्याओं को लेकर शिक्षामित्र अनुदेशकों ने प्रदर्शन किया है यह प्रदर्शन तीनों संघ के अध्यक्ष राकेश सिंह गुड्डू अमित कश्यप एवं अशोक उपाध्याय के संयुक्त नेतृत्व में आयोजित हुआ जिला पंचायत कैंपस में धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष राकेश सिंह गुड्डू ने कहा कि अल्प मानदेय में शिक्षामित्र परिषदीय अध्यापकों के बराबर कार्य कर रहे हैं लेकिन शासन न तो इन्हें नियमित कर रहा है ना ही मानदेय बढ़ा रहे हैं महंगाई को देखते हुए शिक्षामित्र अनुदेशक को समान कार्य का समान वेतन दिया जाना जरूरी है शिक्षामित्र को आयुष्मान योजना में शामिल करते हुए मेडिकल सुविधा देने की मांग की है अनुदेशक संघ जिला अध्यक्ष अमित कश्यप ने कहा कि अल्प मानदेय में जीविका चलाना अनुदेशकों के लिए मुसीबत बना हुआ है शिक्षामित्र अनुदेशक को नई शिक्षा नीति में सम्मिलित करते हुए स्थाईकरण किया जाए सभी को ईपीएफ योजना में शामिल किया जाए। अनुदेशकों को सुविधा अनुसार उनके गांव के नजदीक स्कूलों में तैनाती दी जाए शिक्षक के बराबर योग्यता रखने के बाद भी उन्हें नियमित नहीं किया जा रहा है

तत्काल उन्हें नियमित किया जाए आदि मांग शामिल है प्रदर्शन को संबोधितकरते प्रदर्शन को संबोधित करना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अशोक उपाध्याय एवं महिला उपाध्यक्ष कंचन मिश्राने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षामित्र की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान नहीं हुआ तो शिक्षामित्र पूरे प्रदेश में धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे उन्होंने कहा कि एक तरफ नई शिक्षा नीति में सभी को समान कार्य का समान वेतन देने का बात कहा जा रहा है वहीं दूसरी तरफ शिक्षक के बराबर ड्यूटी लेने के बाद भी शिक्षामित्र अनुदेशक को अल्प मानदेय दिया जाना आयोजित नहीं है। शिक्षामित्र अनुदेशकों ने सैकड़ो की संख्या में धरना प्रदर्शन के बाद सीधे पैदल मार्च बेसिक शिक्षा कार्यालय होते हुए अचलपुर कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करते हुए जिला अधिकारी प्रतिनिधि मुख्य प्रशासनिक अधिकारी संचित मोहन तिवारी को पांच सूत्री ज्ञापन मुख्यमंत्री संबोधित सौंपा है इस दौरान प्रज्वल दीक्षितअर्जुन सिंह सुरेंद्र शेफाली जितेंद्र चौधरी गिरजा शंकर अशोक उपाध्याय राकेश सिंह अजीत पासवान रूबी सुरेंद्र वर्मा संध्या अशोक कुमार मिथिलेश कुमारी मंजू सिंह प्रमिला मिश्रा प्रतिभा मिश्रा आराधना अमित यादव अभय वर्मा गिरिजा शंकर शुक्ला अनिल शर्मा आदि शामिल रहे हैं

शिक्षामित्र अनुदेशकों के समस्याओं पर प्रदर्शन में उनका समर्थन देने के लिए पूर्व माध्यमिक जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी मंत्री राजेश कुमार महामंत्री बृजेश चौधरी सहितप्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह मंत्री मंगल देव मिश्रा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला अध्यक्ष विकास कांड पांडे एवं मंत्री अंकुर प्रताप सिंह राधा मोहन पांडे विजय दुबे ने भी समर्थन देते हुए उनके मांग को तत्काल पूरा करने की मांग शासन से की है।

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में लामबंद हुए कस्तूरबा शिक्षक कर्मचारी

## समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री संबोधित सदर विधायक एवं बीएसए सौंपा ज्ञापन



**बलरामपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग के तुगलकी फरमान को लेकर कस्तूरबा शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारियों ने धरना प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री संबोधित सदर विधायक पलटू राम एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को साथ सूत्री ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में मुख्य रूप से शिक्षक कर्मचारियों के नियमितीकरण सामान्य कार्य का समान वेतन एवं 24 घंटे की ड्यूटी से निजात के साथ-साथ अल्प मानदेय में प्रेरणा पोर्टल पर ऑनलाइन हाजिरी का विरोध शामिल है

कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय शिक्षक कर्मचारी यूनियन के आह्वान पर जिले के शिक्षक कर्मचारियों ने जिला पंचायत कैंपस में धरना प्रदर्शन करते हुए विभिन्न समस्याओं को लेकर बेसिक शिक्षा अधिकारी को मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन सौपा है।ज्ञापन में मुख्य रूप से कस्तूरबा शिक्षक कर्मचारियों को समान कार्य का समान वेतन दिया जाए परिषदीय शिक्षकों की तरह योग्यता रखने के बाद नियमित न करने पर उन्हें स्थाई रूप से अध्यापक एवं कर्मचारी का दर्जा देकर समुचित वेतन दिया जाए। अल्प मानदेय होने के कारण कस्तूरबा कार्मिको से प्रेरणा पोर्टल पर अटेंडेंस का दबाव बनाया जा रहा है जो उचित नहीं है महंगाई के समय में ना तो एंड्रॉयड फोन अधिकांश कर्मचारियों के पास है और ना ही रिचार्ज की कोई व्यवस्था है इसके साथ-साथ जिले की भौगोलिक स्थिति पहाड़ी एवं तराई क्षेत्र होने के कारण बराबर नेटवर्क न होने से प्रेरणा पोर्टल पर हाजिरी देना संभव नहीं है कर्मचारियों ने बात रखी है कि परिषदीय विद्यालयों में अधिक वेतन मिलने के बाद भी प्रेरणा पोर्टल ऑनलाइनअटेंडेंस लागू नहीं हुआ कस्तूरबा विद्यालयों से भी प्रेरणा पोर्टल पर हाजरी देना संभव हे। बेसिक शिक्षा विभाग के जिम्मेदार प्रेरणा पोर्टल पर हाजिरी न देने पर मानदेय निर्गत न करने की धमकी दे रहे हैं जो मानवाधिकार के दृष्टि से उचित नहीं है। कस्तूरबा की महिला अध्यापिकाओं को 24 घंटे की ड्यूटी से निजात दी जाए 24 घंटे ड्यूटी देने से परिवार में बच्चे एवं बुजुर्ग सास ससुर की परेशानियां दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं जो न्यायोचित नहीं है। आदि मांग ज्ञापन में शामिल है कस्तूरबा कर्मचारियों ने समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर समाधान न होने पर राजधानी में पूरे प्रदेश के कस्तूरबा कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे ।सदर विधायक पलटू राम ने कस्तूरबा कर्मचारियों को आश्वासन दिया है कि उनकी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर मुख्यमंत्री के सामने रखा जाएगा विभागीय अवैधानिक दबाव के मामले को भी मुख्यमंत्री से अवगत कराया जाएगा।

इस दौरान कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय शिक्षक कर्मचारी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सैयदा खातून, मंत्री दीपमाला गजाला प्रेमलता प्रजापति अर्चना माझी घनश्याम लाल रामकुमार अर्चना सिंह शाइस्ता खान अर्चना पांडे अकील खान अनवर जहां ममता पांडेय, सरिता तिवारीआदि जिले के कस्तूरबा शिक्षक कर्मचारी शामिल रहे हैं

# नवीन मंडी में अराजकता और अव्यवस्था का बोलबाला



**सुल्तानपुर।** नगर के अमहट स्थित नवीन मंडी में फैले भ्रष्टाचार ने नए विवाद को जन्म दिया है। अवैध पटरी के दुकानदारों के कारण मार्ग में कई गाड़ियां फँस गयी। तभी एक नाबालिग ड्राइवर जाम को चीरते हुए तेजी से सब्जी लदी अपनी बैटरी गाड़ी को लेकर रॉंग साइड से निकला, जो सामने जाम में फँसी एक डाला गाड़ी से भिड़ गए। अगले का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर बैटरी वाले ने नवीन मंडी के अंदर के दबंग दुकानदारों ने पीड़ित पर ही हमले का प्रयास किया। सूचना पर अमहट चौकी इंचार्ज जगदीश सिंह ने हल्का सिपाही को मौके पर भेजा। बातचीत चल ही रही थी कि पुलिस के सामने मंडी के स्टाफने दोषी ड्राइवर को गाड़ी समेत भागने का मौका दे दिया। फिलहाल पीड़ित ने आरोपी ड्राइवर का नम्बर और दबंगो का ब्यौरा पुलिस को दिया है। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि दर्जनों रजिस्टर्ड आढ़तियों के बीच अवैध दुकानदार घुसपैठियों बनकर वहां फुटकर भाव मे महंगी सब्जियां बेच रहे। जिसका नुकसान किसान और ग्राहकों को उठाना पड़ रहा। सूत्र बताते हैं कि अवैध दुकानदारो की संख्या सैकड़ों में है। आम ग्राहक असली और नकली दुकानदार के बीच फर्क नही कर पाता और वह नवीन मंडी जाकर ठगा जाता है। थोक में 2 रुपये किलो नेनुवा, 4 ₹ किलो बैगन खरीदकर वहीं दो से तीन गुने रेट में बेच रहे अवैध बेंडर। मंडी का स्टाफ अवैध बेंडर से ही महीने में लाखों की कमाई कर रहा। सड़क पर दुकानों भरमार होने के कारण वहां बाहर से आने वाले व्यापारियों के वाहन घण्टो घण्टो जाम में फँस रहे। जिससे मंडी में व्यापार करने आये लोगों को लाखों का घाटा हो रहा है और लगने वाले जाम से विवाद अलग से हो रहा।

# राज्य कर्मचारियों का विभिन्न खेलों का चयन/परीक्षण

**जौनपुर ।** क्रीड़ा अधिकारी अतुल सिन्हा ने अवगत कराया है कि खेल निदेशालय उ0प्र0, लखनऊ के सौजन्य से जिला खेल कार्यालय, जौनपुर के तत्वावधान में राज्य कर्मचारियों के कल्याणार्थ खेल के विकास तथा शारीरिक संवर्धन हेतु सरकारी कर्मचारियों की खेल की सुविधा के लिए राज्य कर्मचारी कल्याण निधि से जिला/मण्डल/राज्य स्तरीय चयन/ट्रायल्स का आयोजन विभिन्न खेलों-टेनिस, वॉलीबाल, तैराकी, बास्केटबाल, बैडमिन्टन, टेबुल-टेनिस, कबड्डी, शतरंज, भारोत्तोलन एण्ड बेस्टफिजिक, एथलेटिक्स, फुटबाल, कैरम, ब्रिज, पावरलिफ्टिंग, क्रिकेट व हॉकी में किया जायेगा।

# आदेश के वावजूद भी मुख्यालय पर रात्रि निवास नही करते प्रशासनिक अधिकारी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बल्दीराय/सुलतानपुर।** तहसील मुख्यालय बल्दीराय पर शासनादेश के बावजूद भी प्रशासनिक अधिकारी रात्रि निवास नहीं कर रहे हैं जिससे ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान हो पाना मुश्किल हो गया है। पिछली बार भी योगी सरकार ने अधिकारियो को अपने मूल मुख्यालय पर रात्रि निवास करने का फरमान जारी किया गया था लेकिन तहसील के उप जिलाधिकारी तहसीलदार खन्ड शिक्षा अधिकारी खन्ड विकास अधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकारी आदेश के बाद भी असुविधाओ का बहाना बनाते हुए मुख्यालय पर रात्रि निवास नही किया। योगी सरकार इस बार पुनः जनता की समस्याओ का शत प्रतिशत निराकरण करवाने के लिए अधिकारी द्धयो को अपने अपने मुख्यालय पर ही रात्रि निवास करने का निर्देश जारी किया है। बल्दीराय तहसील मुख्यालय पर रात्रि निवास न करने वाले अधिकारी द्धयो की क्रमवार सूची (1) उप जिलाधिकारी बल्दीराय तहसील मुख्यालय पर न रहकर वे सुलतानपुर में रात्रि निवास करते है जिससे तहसील क्षेत्र के ग्रामीणो की समस्याओ का समाधान न तो समय से हो पाता है न ही समय से उनकी समस्याए सुनी जाती है जबकि सरकार का साफ आदेश है कि अधिकारी 9 बजे से 11 बजे तक पहले जनता की समस्याए सुने फिर अन्य कार्य करे लेकिन यहां सरकार के आदेशानुसार शायद कार्य नही हो पा रहा है। (2) यही हाल तहसीलदार का है

इनका रात्रि निवास भी सुलतानपुर शहर में होता है शहर से तहसील मुख्यालय पर आने के लिए महोदय का कोई समय नही निर्धारित नही है ऐसे में जनता की समस्याओ का समाधान कैसे होगा यह राम भरोसे ही है। सूत्र बताते है कि तहसील का नया भवन बन गया है जिसमें तहसील के अधिकारियो का आवास भी है भवन अभी तक हेन्ड ओवर नही हुआ है तहसील का नव निर्मित भवन विभाग को हैन्ड ओबर होने के पश्चात अधिकारियो की रात्रि निवास करने की सुविधा सुलभ हो जाएगी। (3) पुलिस क्षेत्राधिकारी बल्दीराय का कार्यालय वर्तमान में तहसील मुख्यालय से दस किलो मीटर दूर बल्लीपुर में चल रहा है लेकिन साहब भी मुख्यालय पर कभी रात्रि निवास नही करते इनका भी रात्रि का आशियाना सुलतानपुर शहर में ही रहता है पुलिस क्षेत्राधिकारी का आवास तथा कार्यालय बहुरांवा में तैयार है किन्तु ठेकेदार की व्यापक धांधली के चलते भवन की चहरदीवारी विना विभाग के हैन्ड ओबर किए ही ढह गई जिसका पुनः निर्माण कार्य चल रहा है। विभाग को हैन्ड ओवर होने के बाद पुलिस क्षेत्राधिकारी को अवासीय सुविधा प्रदत्त होगी। (4) विकास खन्ड बल्दीराय के खन्ड विकास अधिकारी का मुख्यालय पर ही आवास है लेकिन ये महोदय कभी भी मुख्यालय पर बने आवास में रात्रि निवास नही करते इनके आवास में ग्राम पंचायत अधिकारी का कब्जा है। (5) बता दे कि शिक्षा विभाग का कार्यालय बल्दीराय मुख्यालय पर ही स्थित है लेकिन खन्ड शिक्षा अधिकारी महोदया अपने मूल डियुटी स्थल मुख्यालय पर रात्रि निवास नही करती बाहर निवास होने के कारण इनकी जिम्मेदारी भी राम भरोसे है। फिलहाल ये कडुआ सच है तहसील मुख्यालय पर अधिकारी रहना पसन्द नही करते आमजन की समस्याओ का समाधान कैसे होगा देखना होगा जिलाधिकारी योगी सरकार के फरमान का कहां तक पालन करवा पाती है।

# एआरटीओ विभाग की मिलीभगत से प्राइवेट स्कूल वालों की मनमानी

## बच्चों के जिंदगी के साथ किया जा रहा खिलवाड़

**सुलतानपुर।** जनपद में एआरटीओ की मिली भगत से प्राइवेट स्कूल वालों की मनमानी बच्चों को स्कूल में लाने के लिए मैजिक, बस, आदि वाहनों इस्तेमाल कर रहे हैं लेकिन बच्चों को ठूस ठूस वाहनों में भरकर स्कूल में लाया जा रहा है।

एआरटीओ विभाग कुंभकरण की नींद में सोया है आखिर क्या आरटीओ विभाग किसी बड़ा दुर्घटना होने के बाद जागेगा और अक्सर यही होता है जब कोई दुर्घटना हो जाती है तो विभाग के अधिकारी की नींद खुल जाती उसके पहले विभाग नहीं चेतता है। कुछ स्कूल की गाड़ियां कबाड़ की स्थिति में रोड पर फर्राटे भर रही है बच्चों के जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है लेकिन विभाग के तरफ से कोई कार्रवाई नहीं की जा रही अगर ऐसी घटना होती है तो इसका जिम्मेदार कौन होगा तब तो प्रशासन के हाथ-पांव फूल जाते हैं तब प्रशासन को समझ में आ जाता है। स्कूल के प्रबंधन किसी रूल को फॉलो नहीं करते आखिर अपनी मनमानी तरीके से चल रहे हैं स्कूल का वाहन बीच-बीच में खबर मीडिया प्रकाशित करती रहती है लेकिन आरटीओ विभाग को फर्क नहीं पड़ता फिलहाल देखना क्या होगा कि कब यहां हंटर स्कूल वालों के ऊपर चलेगा। विभाग का यह तो आने वाला समय ही बताएगा या फिर दुर्घटना के बाद ही ऐसा कोई कदम आरटीओ विभाग उठाएगा या नहीं। स्कूल के प्रबंधन अभिभावकों के ऊपर वाहन सेवा के नाम पर ज्यादा रुपए ले रहे हैं।

# लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता के साथ मारपीट का अज्ञात पर मुकदमा हुआ दर्ज




**सुल्तानपुर।** लोक निर्माण विभाग में अवर अभियंता के पद पर तैनात श्रवण कुमार के साथ 20 जुलाई 2024 को कार्य के दौरान कुछ लोगो ने आकर मारपीट किया और उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी कावंड़ यात्रा को लेकर कावड़ियों के लिए सुगम मार्ग की तैयारी के लिए बरौसा बिरसिंहपुर मार्ग पर गढ़ा मुक्त अभियान चल रहा है। बरौसा बिरसिंहपुर मार्ग पर कार्य के समय ही बुलेट सवार तीन लोग आकर अचानक गाली गलौज करते हुए अवर अभियंता के साथ मारपीट करने लगे। अवर अभियंता के चिल्लाने पर आसपास के लोगो के जमा होने पर तीनों जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इस पिटाई से श्रवण कुमार को काफी चोटे भी आ गई है। घटना की जानकारी अधिशाषी अभियंता को देते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए श्रवण कुमार ने प्रार्थना पत्र लिखा। अवर अभियंता की लिखित शिकायत पर थानाध्यक्ष जयसिंहपुर प्रेम चंद सिंह ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ बी एन एस 115(2), 352, 351(2), 351(3) और 132 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया और एस आई राजाराम को जांच अधिकारी नामित किया। वहीं घटना की जानकारी मिलने पर डिप्लोमा इंजि. संघ ने भी अधिशाषी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग को पत्र लिखकर घटना पर तुरंत ठोस कदम उठाने हेतु आग्रह किया। जिससे भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न घट सके।

# फार्मेसी संकाय के छात्रों ने फार्मेसी जगत में लहराया परचम




**सुलतानपुर।** जनपद के के.एन.आई.एम.टी. के फार्मेसी संकाय के छात्र अंकित उपाध्याय एवं विकास गौड़ ने बी.एच.यू. के प्रवेश परीक्षा में परचम लहराया, जिसमें अंकित उपाध्याय ने प्रथम एवं विकाश गौड़ ने 27 रैंक लाकर संस्थान का नाम रोशन किया। साथ ही संस्थान ने ये अवगत कराया कि फार्मेसी क्षेत्र में उच्च शिक्षा (एमफार्मा) के लिए हर वर्ष जी. पैट.की परीक्षा आयोजित की जाती हैं।

इस वर्ष इस परीक्षा का आयोजन एन.बी.ई.एम.यस.के द्वारा किया गया है। जिसमें बीफार्मा फाइनल ईयर के छात्र अंकित उपाध्याय ने ऑल इंडिया रैंक - 88 हासिल किया साथ ही संस्थान के कई छात्र हिमांशु गुप्ता, विकाश गौर, निगार परवीन सिद्धकी, निधि त्रिपाठी, नम्रता पटेल, संध्या बरनवाल, साक्षी मिश्रा, मुस्कान गुप्ता, श्रेयांश सिंह, काव्य प्रकाश, अनुराग सिंह ने भी परीक्षा में सफलता प्राप्त की। इस उपलब्धि में संस्थान के निदेशक प्रो.(डॉ.) महेश प्रसाद ने सभी उत्तीर्ण छात्र एवं छात्राओं को शुभकामनाओं के साथ उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही संस्थान के शिक्षकगण को भी शुभकामनायें दी।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपे फलदार पौधे




**सुल्तानपुर।** बीजेपी नेत्री व वरिष्ठ समाजसेविका मनीषा पांडेय ने इसौली विधानसभा क्षेत्र के बल्दीराय ब्लॉक के मंडल अध्यक्ष व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर एक पेड़ मां के नाम के अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण की शुरुआत की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बीजेपी नेत्री व वरिष्ठ समाजसेविका मनीषा पांडेय ने इसौली विधानसभा क्षेत्र के बल्दीराय ब्लॉक के मंडल अध्यक्ष राजधर शुक्ला व मण्डल महामंत्री विशाल जायसवाल व पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर बुधवार को वृहद पौधरोपण किया। भाजपा नेत्री मनीषा पांडेय ने पौधरोपण कर कार्यकर्ताओं से पर्यावरण संरक्षण व पेड़ों को बचाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं ने पौधों को संरक्षित करने का संकल्प भी लिया। इस दौरान बल्दीराय ब्लॉक के मंडल अध्यक्ष राजधर शुक्ला, मंडल महामंत्री विशाल जायसवाल, चंद्रशेखर पाण्डेय समेत कई लोग मौजूद रहे।

# तहसील सदर का औचक निरीक्षण किया गया



**जौनपुर ।** जिलाधिकारी श्री रविंद्र कुमार माँदड़ द्वारा तहसील सदर का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने खतौनी कक्ष में जाकर देखा कि निर्धारित रेट पर खतौनी वितरित की जा रही है कि नही। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर पवन सिंह को निर्देश दिया कि राजस्व वादों को ससमय निस्तारित किया जाए इसके अलावा उन्होंने न्यायालय तहसीलदार का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ताओं से अच्छा व्यवहार करते हुए उनकी समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। तहसील में आने वालो को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जिलाधिकारी के द्वारा आम जनता से संवाद स्थापित करते हुए फीडबैक लिया और शिकायतकर्ताओं से पूछा गया कि तहसील में किसी भी प्रकार का अतिरिक्त शुल्क तो नहीं दिया जाता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने लेखपाल और कानूनगों को कड़े निर्देश दिये कि जो भी भ्रष्टाचार में लिप्त पाया जायेगा उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जाएगी।

इस अवसर पर तहसीलदार, नायब तहसीलदार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# जौनपुर का औचक निरीक्षण किया गया



**जौनपुर ।** जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ द्वारा सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय जौनपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा लाइसेंस पटल पर बायोमैट्रिक कराने आये आवेदकों से वार्ता की गयी और पटल सहायक से पूछताछ की गयी। उक्त के पश्चात् पंजीयन अनुभाग, यात्री कर एवं मालकर अनुभाग तथा कैश अनुभाग का निरीक्षण किया गया। कार्यालय में अपने कार्य कराने आने वाले आवेदकों से भी वार्ता की गयी। कार्यालय निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की अनैतिकता नहीं पायी गयी। उक्त अवसर पर कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

इसके पश्चात उन्होंने कार्यालय नगर पालिका परिषद जौनपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फाइलों के रख-रखाव, रजिस्टर का अवलोकन करते हुए निर्देशित किया कि बिना किसी कारण के फाइले,पत्रावलियां लम्बित नही रहनी चाहिए और ससमय इस पर उचित कार्यवाही की जाए।

लोकमित्र
लखनऊ, शुक्रवार , 26 जुलाई 2024



# पूर्व सैनिकों ने कारगिल विजय दिवस की पूर्व संध्या पर वीर शहीदों को किया पुष्पांजलि अर्पित

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रयागराज।** वीर सेनानी पूर्व सैनिक कल्याण समिति प्रयागराज के तत्वावधान में पूर्व सैनिकों ने कारगिल विजय दिवस की 25वीं वर्ष गांठ की पूर्व संध्या पर सैन्य युद्ध स्मारक स्मृतिका डी एस ओ आई पोनप्पा रोड न्यू कैंट प्रयागराज में वीर शहीदों को नमन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर सलामी दिया। साथ ही कारगिल विजय की खुशी में राष्ट्र ध्वज तिरंगा लहराते हुए वंदे मातरम राष्ट्रीय गीत गा कर कारगिल विजय के खुशी का इजहार किया।



कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व सूबेदार कारगिल युद्ध विजेता श्याम सुंदर सिंह पटेल संरक्षक वीर सेनानी पूर्व सैनिक कल्याण समिति प्रयागराज ने किया। संयोजन पूर्व सूबेदार कारगिल युद्ध विजेता ईश्वर चंद तिवारी अध्यक्ष, महामंत्री पूर्व सूबेदार कारगिल युद्ध विजेता जी यादव आदि ने किया। सर्वप्रथम न्यायमूर्ति कैप्टन डी पी एन सिंह (से. नि.) ने पुष्पमाला रीथ शहीदों को अर्पित कर उन्हें सलामी दिया। तत्पश्चात सभी पूर्व सैनिकों ने शहीदों को सामूहिक रूप से पुष्पांजलि अर्पित कर सलामी दिया। साथ ही राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहरा कर वीर शहीदों को नमन करते हुए उन्हें याद किया।

कार्यक्रम में शामिल प्रमुख लोगों में न्यायमूर्ति कैप्टन डी पी एन सिंह (से. नि.), सूबेदार मेजर बीएन सिंह, पूर्व सूबेदार श्याम सुंदर सिंह पटेल, सूबेदार गुनई यादव, सूबेदार ईश्वर चंद तिवारी, पूर्व सूबेदार मेजर एच कैप्टन एन पी सिंह, सूबेदार जी पी गुप्ता, सूबेदार मेजर बच्चालाल प्रजापति, सूबेदार मेजर बी एल यादव आदि कई लोग शामिल रहे।

## राहुल गांधी आज सुल्तानपुर न्यायालय में हाज़िर होंगे

**अमेठी।** जिला एव सत्र न्यायालय मे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष आज न्यायालय में हाज़िर होगे। ऐसी खबर जिलाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी अमेठी प्रदीप सिंघल ने दी है। उन्होने कांग्रेस नेताओ और कार्यकर्ताओ से अपील की है कि अपने नेता कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी का स्वागत अभिनन्दन सुल्तानपुर आगमन पर करे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुल्तानपुर अभिषेक सिंह राणा का कहना है कि सुल्तानपुर दीवानी न्यायालय में कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी पेश होंगे। राहुल गांधी सुबह 9 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचेंगे।

वहां से पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे सिक्स लाइन मार्ग से लखनऊ से जगदीशपुर,मुसाफिरखाना होते हुए 10ः30 बजे दीवानी न्यायालय पहुंचेंगे।

दोपहर 1 बजे लखनऊ से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।कांग्रेस मीडिया कोडिनेटर अरविन्द कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि आगमन पर श्री गाँधी का अमेठी में ऐतिहासिक भव्य स्वागत अभिनन्दन होगा।

## शिक्षा मित्रों ने काली पट्टी बांध किया शिक्षण कार्य मनाया काला दिवस



**घूरपुर (प्रयागराज)।** प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर गुरुवार को जनपद के शिक्षामित्रों ने सर्व शिक्षा अभियान कार्यालय पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष वसीम अहमद की अध्यक्षता में आयोजित सभा में सभी ने दिवंगत शिक्षामित्रों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। शासन की नीतियों पर सवालिया निशान उठाते हुए कहा कि बेसिक विभाग द्वारा संचालित निपुण भारत, निपुण प्रदेश सहित दर्जनों कार्यक्रम शिक्षामित्र संचालित करते हैं। विगत सात वर्षो से मात्र दस हजार अल्प मानदेय के कारण अवसाद ग्रसित हो आत्महत्या कर रहे हैं। मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि 14 नवम्बर 2023 को बेसिक शिक्षा निदेशक की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी बनाई गई, किंतु उसकी रिपोर्ट पर कोई प्रगति नहीं हुई। जिला उपाध्यक्ष सुनील तिवारी ने आगामी 5 सितम्बर को लखनऊ की धरती पर आर या पार के संघर्ष का आह्वान किया। सभी शिक्षामित्रों ने जुलूस के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर एसीएम द्वितीय को मुख्यमंत्री को संबोधित सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

सभा में जिला संयोजक कमलाकर सिंह, विनय सिंह, दशरथ लाल भारती, घनश्याम दत्त मिश्रा, नागेंद्र मोहन मिश्र, संतोष शुक्ला, शरद मिश्र, बैजनाथ सोनी, प्रतिमा मिश्रा, वंदना श्रीवास्तव, अंतिमा यादव, शारदा देवी, रेनू सिंह, रीता शुक्ला, नाहिद, अनामिका पाण्डेय, कनीज, महेंद्र पाण्डेय, अमर बहादुर, रामहिंच यादव, सिद्धराज सिंह, वीरेंद्र यादव, जयप्रकाश मिश्र, कपिलेश्वर सिंह, सुमंत भार्गव, राघवेंद्र सिंह, संजय मौर्या, प्रदीप यादव, रूप नारायण, धर्मेश पाण्डेय, महेश सिंह सहित सैकड़ों शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

# इरफान सोलंकी केस में हाईकोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा

### सपा के पूर्व विधायक ने 7 साल की सजा के खिलाफ की है अपील

**प्रयागराज।** सपा के पूर्व विधायक इरफान सोलंकी की अपील पर आज गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने दो हफ्ते में यूपी सरकार से जवाब मांगा है। मामले में 8 अगस्त को अगली सुनवाई होगी।

इरफान सोलंकी ने महिला का घर जलाने के मामले में मिली 7 साल की सजा के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील दायर की है। अंतिम फैसला आने तक सजा पर रोक लगाए जाने और जमानत पर रिहा किए जाने की भी मांग की है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में जस्टिस राजीव मिश्रा की सिंगल बेंच ने सुनवाई की। कानपुर की सीसामऊ विधानसभा से सपा के निवर्तमान विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी को एमपी एमएलए कोर्ट ने 7 साल की सजा सुनाई है। सजा रद्द करने के लिए इन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। इरफान सोलंकी इस समय महाराजगंज जेल में बंद है।

सोलंकी के अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय के मुताबिक, सजा के कारण विधायक इरफान सोलंकी की विधानसभा सदस्यता चली गई है। यदि सजा पर रोक की राहत मिलती है तो विधायकी वापस हो सकती है। कानपुर की स्पेशल एमपी एमएलए कोर्ट ने 7 जून 2024 को सपा विधायक इरफान सोलंकी समेत पांच लोगों को 7 साल की कैद और जुर्माने की सजा सुनाई है।

जाजमऊ की डिफेंस कॉलोनी में नजीर फातिमा नाम की एक महिला का घर जलाए जाने के मामले में दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई गई है। सोलंकी सीसामऊ सीट से समाजवादी पार्टी के टिकट पर विधायक चुने गए थे। सजा के बाद विधायकी छिन गई है। इरफान सोलंकी अभी महाराजगंज जेल में बंद है।

समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी और उनके भाई रिजवान सोलंकी, शौकत पहलवान, इसराइल आटे वाला और मोहम्मद शरीफ को एमपीएमएल कोर्ट ने 7 साल की सजा के साथ 30 हजार 500 रुपये का जुर्माना लगाया था। नजीर फातिमा नाम की महिला ने 8 नवंबर 2022 को जाजमऊ थाने में घर कब्जा करने की मंशा से आगजनी करने का मामला दर्ज कराया था।

# अभिलेख कक्ष में ना आए कोई अनाधिकृत व्यक्ति- डीएम



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने गुरूवार को सब रजिस्ट्रार कार्यालय प्रथम का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने रजिस्ट्रार कार्यालय, रिकार्ड रूम व परिसर का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए है।

उन्होंने रिकार्ड रूम में रखी फाईलों को देखते हुए अव्यवस्थित ढंग से रखी फाईलों को व्यवस्थित ढंग से रखे जाने व अभिलेखों की निरंतर साफ-सफाई कराते रहने के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने कार्यालय में नियुक्त कर्मचारियों की संख्या व उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यो की जानकारी प्राप्त की और कहा कि इनके अतिरिक्त किसी भी व्यक्ति से कोई कार्य नहीं लिए जाये और जहां अभिलेख रखे है, वहां पर किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश न होने पाये, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने उप निबंधक सदर प्रथम को अपर जिलाधिकारी नज़ूल से मिलकर कार्यालय को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने की कार्यवाही करने के लिए कहा।उन्होंने अभिलेखों के साथ-साथ विद्युत उपकरणों का भी ध्यान रखे जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विनय कुमार सिंह,उप निबंधक सदर चतुर्भुज पाण्डेय व अन्य सम्बंधित उपस्थित रहे।

# भवंस मेहता विद्याश्रम में खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** आज भवंस मेहता विद्याश्रम में सीबीएसई की तरफ से पुराने पारम्परिक खेलकूद जैसे गिल्ली डंडा,लंगड़ी, कबड्डी, खो-खो,गिट्टी फोर ,गेंद तड़ी आदि खेलकूद का आयोजन खेलकूद शिक्षक सुधाकर सिंह ने किया शुभारम्भ प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्र ने किया। सभी छात्रों ने गिल्ली डंडा और छात्राओं ने लंगड़ी में रुचि लेते हुए बहुत आनंद लिया।

## पीएम-सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के हेतु कैम्प का आयोजन




**प्रयागराज।** पीएम - सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार हेतु जनपद प्रयागराज के झलवा में कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प का उद्घाटन विधायक शहर पश्चिमी सिद्धार्थ नाथ सिंह द्वारा फीता काट कर किया गया।

विधायक श्री सिंह द्वारा पीएम- सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अन्तर्गत रूफटाप संयंत्र के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर विधायक श्री सिंह ने कैम्प में मौजूद नेडा के अधिकारियों को जनता के बीच अधिकाधिक प्रचार- प्रसार हेतु निर्देश दिये। विधायक के द्वारा उनकी उपस्थिति में वृहद स्तर के कैम्प के आयोजनों के निर्देश भी दिये गए, जिससे जनता को अधिक से अधिक इस योजना का लाभ मिल सके। परियोजना अधिकारी कुमार गौरव द्वारा संयत्र स्थापित करने हेतु भी आगन्तुकों को जानकारी दी गयी।

कैम्प में मुफ्त रजिस्ट्रेशन कराया गया, जिसमें लगभग 30 से 35 रजिस्ट्रेशन हुए। कार्यक्रम में पूर्व परियोजना अधिकारी नेडा मो. शाहिद सिद्दीकी, पार्षद रामलोचन साहू, राम जी शुक्ल, विक्रम पटेल एवं आदि लोग उपस्थित रहे।

## एलायंस क्लब का पौधरोपण/ पौधवितरण अभियान निरंतर जारी

**प्रतापगढ़ ।** एलायंस क्लब इंटरनेशनल द्वारा चलाए जा रहे पौधरोपण/ पौध वितरण अभियान में आज चिलबिला सदर बाजार, भंगवा चुंगी, मीराभवन आदि जगहों पर पौधरोपित करने का संकल्प दिलाया गया।क्लब के पदाधिकारीयो के साथ आमजनमानस में भी अपने-अपने मां के नाम एक- एक पौधरोपित कर दूसरों को भी पौधरोपित करने के लिए प्रेरित किया गया।क्लब के इंटरनेशनल डायरेक्टर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने कहा कि पौधरोपित कर उसकी सुरक्षा कर जिले में हरियाली लाकर जीवन बचाएं। इसी क्रम में आज चिलबिला,भंगवा चुंगी,मीराभवन व नगर के विद्यालयों में पौधवितरित कर सभी से अनुरोध किया गया कि आप सब इस अभियान में जुड़कर मां के नाम एक-एक पौधरोपित कर उसकी सुरक्षा करें। वृक्ष धरा के आभूषण है, प्रदूषण दूर करते हैं। पेड़ लगाओ



पर्यावरण बचाओ और पौधारोपण कर पर्यावरण को बचाना हम सब की जिम्मेदारी भी है और कर्तव्य भी। रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में क्लब पौधवितरण/ पौधरोपण अभियान चला रहा है। क्लब के पूरे अभियान में डीएफओ जे0पी0 श्रीवास्तव व उद्यान निरीक्षक सदर राजकुमार का पूरा सहयोग मिल रहा है। इस अभियान में आज सहयोग करने वालों में नार्थ जोन की एडवाइजर पूनम गुप्ता,अर्चना खंडेलवाल, सुधा अग्रवाल, रेखा उमरवैश्य, ज्योति,वनराज अधिकारी सदर अनूप कनौजिया, उद्यान निरीक्षक सदर राजकुमार, डॉ0 दयाराम मौर्य, परियोजना अधिकारी शिवम यादव, डिप्टी रेंजर केपी यादव, लक्ष्मीकांत द्विवेदी, छेदीलाल, संतोष कुमार, देवानंद, आदर्श कुमार, विवेक कुमार, शिवेश शुक्ला, परमानंद मिश्रा, सूरज उमवैश्य, आशीष, ऋषभ, शनि महाराज, सोनू महाराज, आदि जगह-जगह पौधरोपण/ पौधवितरण कर रहे हैं।

## शिव भगवान का स्वरूप है और शंकर है स्वभाव- सतानंद महाराज

### 11000 शिवलिंग के निर्माण के संग होगा महा रुद्राभिषेक

**प्रयागराज।** कर्तव्य पथ परिवार के तत्वाधान में आयोजित में मुंशी राम प्रसाद की बगिया नारायण वाटिका मुट्ठीगंज में श्री शिव महापुराण की कथा के द्वितीय दिवस पर कथा का रसपान कराते हुए सदानंद महाराज ने कहा कि मन एवं चरित्र को पवित्र करती है शिव महापुराण की कथा। मनुष्य का मनुष्यता ना बिगड़ जाए इसलिए कथा का श्रवण करना चाहिए क्योंकि कथा मनुष्य को राष्ट्र के प्रति निष्ठा उत्पन्न कराती है और जन्म और मरण से मुक्त करता है।



उन्होंने कहा कि शिव भगवान का स्वरूप है। और शंकर भगवान का स्वभाव और प्रयंकर भगवान का प्रभाव है जो जगत का कल्याण करते हैं। व्यास जी ने आगे कहा शिव महापुराण में 24000 श्लोक हैं जो गायत्री मंत्र के 24 अक्षर की व्याख्या करता है।कथा के मुख्य यजमान सपना आर्या रही। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि कथा स्थल नारायण वाटिका में 26 जुलाई को सुबह 9ः00 बजे से 11000 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण और महा रुद्राभिषेक का आयोजन किया जाएगा।कथा की आरती में कुमार नारायण, सतीश चंद्र केसरवानी, मोहित केसरवानी, राम जी केसरवानी शौर्य मिश्रा, साधना चतुर्वेदी, उर्मिला केसरवानी, राजेश केसरवानी , शैलेंद्र गुप्ता, सांई बाबा, पिंटू कुमार, अभिलाष केसरवानी, राजन शुक्ला, आशा केसरवानी, उषा केसरवानी, धीरेंद्र चतुर्वेदी आदि सैकड़ों भक्तगण रहे।

## कुंभ के लिए जनप्रतिनिधियों से लिया जाएगा फीडबैक- अश्विनी वैष्णव

**प्रयागराज।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज कहा कि कुंभ सुगम रूप से चलें और श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए 40 से भी अधिक प्रोजेक्ट्स को चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के रेलवे स्टेशन का रिडेवलपमेंट कई फेस में होगा। अश्नवी वैष्णव ने कहा कि कुंभ की तैयारियों की समीक्षा मुख्यमंत्री स्वयं कर रहें है, कहीं कोई कमी न रहें इसके लिए जनप्रतिनिधियों से फीडबैक लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 157 स्टेशनों को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित किया जाएगा जिसमें अछनेरा, आगरा कैंट, आगरा किला, ऐशबाग जं., अकबरपुर जं., अलीगढ़, अमेठी, अमरोहा, आनंद नगर जं., आंवला, अयोध्या धाम जंक्शन, आज़मगढ़, बाबतपुर, बछरावां, बदायू, बादशाहनगर , बादशाहपुर, बहेड़ी, बहराईच, बालामऊ जं., बलिया, बलरामपुर, बनारस, बांदा, बाराबंकी जं., बरेली, बरेली सिटी, बढ़नी, बस्ती, बेल्थरा रोड, भदोही, भरतकुंड, भटनी, भूतेश्वर, बिजनोर, बुलन्दशहर, चंदौली मझवार, चंदौसी , चिलबिला, चित्रकुट धाम कर्वी, चोपन, चुनार जं., डालीगंज, दर्शननगर, देवरिया सदर, धामपुर, दिलदारनगर, इटावा जं., फर्रुखाबाद, फतेहाबाद, फतहपुर, फतहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, गजरौला, गढ़मुक्तेश्वर, गौरीगंज, घाटमपुर,



गाजियाबाद, गाज़ीपुर सिटी, गोला गोकर्णनाथ, गोमतीनगर, गोंडा, गोरखपुर, गोवर्धन, गोविंदपुरी, गुरसहायगंज, हैदरगढ़, हापुड, हरदोई, हाथरस सिटी, ईदगाह आगरा जंक्शन, इज्जतनगर, जंघई जंक्शन, जौनपुर सिटी, जौनपुर जंक्शन, कन्नौज, कानपुर अनवरगंज, कानपुर ब्रिज लेफ्ट बैंक, कानपुर सेंट्रल, कप्तानगंज जंक्शन, कासगंज जंक्शन, काशी, खलीलाबाद, खोरासों रोड, खुर्जा जंक्शन, कोसी कलां, कुंडा हरनामगंज, लखीमपुर, लालगंज, ललितपुर जंक्शन, लंभुआ, लोहता, लखनऊ (चारबाग) ) एनआर, लखनऊ शहर, लखनऊ जंक्शन। (एनईआर), मगहर, महोबा जंक्शन, मैलानी जंक्शन, मैनपुरी जंक्शन, मल्हौर, मानक नगर, मानिकपुर जंक्शन, मारियाहू, मथुरा जंक्शन, मऊ जंक्शन, मेरठ सिटी जंक्शन, मिर्ज़ापुर, मोदीनगर, मोहनलालगंज, मुरादाबाद जंक्शन, मुजफ्फरनगर, नगीना, नजीबाबाद जंक्शन , निहालगढ़, उरई, पनकी धाम, फाफामऊ जं., फूलपुर, पीलीभीत जं., पुखरायां, प्रतापगढ़ जं., प्रयाग जं., प्रयागराज जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, रायबरेली जंक्शन, राजा की मंडी, रामघाट हॉल्ट, रामपुर जंक्शन, रेनुकूट, सहारनपुर जंक्शन, सलेमपुर, स्योहारा, शाहगंज जंक्शन, शाहजहाँपुर, शामली, शिकोहाबाद जंक्शन, शिवपुर, सिद्धार्थ नगर, सीतापुर जंक्शन, सोनभद्र , श्रीकृष्ण नगर, सुल्तानपुर जंक्शन, सुरेमनपुर, स्वामीनारायण छपिया, तकिया, तुलसीपुर, टूंडला जंक्शन, उझानी, ऊंचाहार, उन्नाव जंक्शन, उतरेटिया जंक्शन, वाराणसी कैंट, वाराणसी सिटी, विंध्याचल, वीरांगना लक्ष्मीबाई, व्यासनगर, जफराबाद शामिल हैं।

## खूब बरसे बदरा,गर्मी से मिली कुछ निजात

**बिहार/ प्रतापगढ़** इलाके में गुरुवार को सायं के समय मौसम की पहली मानसूनी बारिश हुई, जोकि इस बार के मानसून के आगमन की पहली तेज बारिश रही। इस तरह की बरसात का किसानों को बहुत ही बेसब्री से इंतजार था,जैसे ही बारिश शुरू होकर और गतिमान हुई,किसानों के चेहरे चहक उठे। इस दौरान बारिश को लेकर क्षेत्रीय किसानों का कहना है कि धान की फसल जो अभी तक आईसीयू में थी,इंद्रदेव की कृपा होते ही अब जनरल वार्ड में आ गई। वहीं दूसरी ओर लगातार भीषण उमस का सामना कर रहे आम जनमानस को भी बारिश के बाद चली ठंडी हवाओं से गर्मी से कुछ निजात मिली। बताते चलें कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक इस बार अब तक अपेक्षाकृत बारिश नहीं हो पाई है।

# एचटी लाइन की चपेट में आया अनियंत्रित कंटेनर, लगी आग

### आग से चालक व खलासी झूलसे, जिला अस्पताल में चल रहा उपचार





लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, कौशाम्बी-** कोखराज थाना क्षेत्र के सकाड़ा मोड़ पर रात 8 बजे तेज रफ़्तार कंटेनर रोही की तरफ से प्रयागराज कानपुर नेशनल हाईवे पर जाते समय मोड़ पर सड़क किनारे लगे बैरीकेंडिंग को तोड़ते हुए खाई में जा गिरा, वही काकोड़ा उपकेंद्र से सैता पवार हाउस को बिजली आपूर्ति के लिए 33 हज़ार एचटी लाईन की चपेट में आ जाने से कंटेनर में आग लग गई, वही कंटेनर में रहे चालक और खलासी को स्थानीय लोगो ने पुलिस की सहायता से इलाज के लिए जिला अस्पताल एम्बुलेंस से भेजवा दिया, वही सूचना पर पहुंची पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी, मौके पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां पहुंची और कंटेनर में लगी आग को बुझाने में जुट गई द्य पुलिस ने कंटेनर की जांच की तो पाया की कंटेनर में चावल लदा हुआ है द्य

इस संबंध में कोखराज थाना प्रभारी ने बताया कि चालक राम औतार उम्र 35 वर्ष उम्र पुत्र रामजग निवासी ग्राम किद्देपुर थाना बिकापुर (अयोध्या ) जनपद फैजाबाद इसकी पीठ हाथ पैर जले है, वही खलासी सूरज उम्र 22 वर्ष पुत्र बिनोद निवासी उपरोक्त चचेरे भाई हैं। दोनों घायल को जिला अस्पताल इलाज के लिये भेजा गया। स्थिति सामान्य है

## प्रधान की तहरीर पर महिला के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

लोकमित्र ब्यूरो

**कुंडा-प्रतापगढ़।** तहसील परिसर में प्रधान व दलित युवक के साथ हुई मारपीट गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज हुआ है। जबकि एक मुकदमा पहले भी दर्ज हो चुका है। महिला ने भी प्रधान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।मामला कुंडा कोतवाली क्षेत्र के बरई गांव का है। विकास खंड कुंडा व कोतवाली क्षेत्र की ग्राम पंचायत बरई प्रधान प्रधान खुर्शीद अहमद उर्फ भुट्टो हाफिज पुत्र जुबैर अहमद की मोबाइल पर गाली गलौज व धमकी भरा संदेश आया था। जिसकी लिखित शिकायत उन्होंने कुंडा कोतवाली में बीते 10 जुलाई को की थी। उसी की जानकारी करने के संबंध में अगले दिन 11 जुलाई को कोतवाली गए थे। वहां से वापस घर लौटते समय तहसील परिसर से बाहर निकलते समय विपक्षी भाई, बहन व मां ने गाली गलौज करते हुए तीनों प्रधान के ऊपर हमलावर हो गए। अपने ग्राम प्रधान के साथ हो रही बदसलूकी को देख पलरा बरई गांव निवासी दलित युवक दिलीप कुमार गौतम उन्हें बचाने दौड़ा तो उसे भी जान से मारने की धमकी देते हुए उसकी भी पिटाई कर दी।

# भाजयुमो के तत्ववधान में कवि सम्मेलन संपन्न

लोकमित्र ब्यूरो

**सहसों ।** भाजयुमो गंगापार के तत्ववधान में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सहसों चौराहे पर कवि सम्मेलन का आयोजन शाम छः बजे किया गया है। जिसमें देश के कई नामचीन कवि अपनी कविताओं से ओत प्रोत करेंगे। कवियों में लाल जी देहाती, नीरज पाण्डेय रायबरेली,संतोष समर्थ, राजकुमार अंजाना, आयुषी त्रिपाठी बाँदा, अमित आभास सहित भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक धनंजय शाश्वत भी काव्य पाठ करेंगे उक्त जानकारी आयोजक भाजयुमो जिलाअध्यक्ष नवीन सिंह पटेल नें दी ।